

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 105 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 23 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## लेफ्ट के गढ़ में खिलेगा कमल

समाज जागरण

केरल में क्या कभी बीजेपी सरकार बना पाएगी? कई लोग मानते हैं कि फिलहाल तो यह मुश्किल है. क्योंकि वहां की पॉलिटिक्स में कई पेच है. पश्चिम बंगाल के बाद केरल ही वो गढ़ है, जहां बीजेपी अब तक सरकार नहीं बना पाई है. इसलिए अगला टारगेट केरल ही है. हाल ही में वोट बाइट का एक सर्वे आया है, जो कहता है कि बीजेपी तेजी से केरल में अपनी पहचान बना रही है. कांग्रेस और वाम गठबंधन के बाद वह सबसे बड़ी ताकत है. उसे 20 फीसदी तक वोट मिल सकते हैं. लेकिन हम आपको वहां की एक और सच्चाई बता रहे हैं. केरल में हिन्दूओं की आबादी अच्छी खासी है. वहां नायर और ईझावा कम्युनिटी काफी प्रभावशाली हैं. अगर ये दोनों बीजेपी के साथ आ गए तो लेफ्ट के गढ़ में कमल खिलाने से बीजेपी को कोई नहीं रोक सकता. आइए इसे कुछ फैक्ट से समझने की कोशिश करते हैं.

केरल की कुल आबादी में हिंदू लगभग 54-55% हैं. इसमें ईझावा समुदाय सबसे बड़ा हिंदू समूह है, जो राज्य की कुल आबादी का लगभग 23% है. वहीं, नायर समुदाय दूसरा सबसे बड़ा प्रभावशाली समूह है.

# भीम ऐप पर आम जनता का भरोसा बढ़ा

# मासिक लेनदेन में 300% का ऐतिहासिक उछाल

## डिजिटल भुगतान में मजबूती, दिल्ली में छोटे और उच्च मूल्य के लेनदेनों में तेजी




नई दिल्ली, 22 जनवरी 2026: सरकारी पेमेंट ऐप भीम पर जनता का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में भीम ऐप पर मासिक लेनदेन की संख्या 165.1 मिलियन तक पहुँच गई, जबकि जनवरी 2025 में यह मात्र 38.97 मिलियन थी। इससे पता चलता है कि एक साल में मासिक लेनदेन में लगभग 300 प्रतिशत का ऐतिहासिक उछाल देखा गया।

2025 में भीम ऐप पर मासिक लेनदेन में औसत 14 प्रतिशत की वृद्धि, लेनदेन की संख्या में 390 प्रतिशत और लेनदेन के मूल्य में 120 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। दिसंबर 2025 में लेनदेन का कुल मूल्य 20,854 करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया।

विशेष रूप से दिल्ली में भीम ऐप का उपयोग तेजी से बढ़ा। लोग न केवल छोटे दैनिक भुगतानों के लिए बल्कि उच्च मूल्य के लेनदेन के लिए भी ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, कुल लेनदेनों में पीयर-टू-पीयर भुगतान का हिस्सा 28%, किराना खरीदारी 18%, और फास्ट फूड 7% रहा। इसके अलावा भोजनालय, दूरसंचार, सर्विस स्टेशन और ऑनलाइन मार्केटप्लेस में भी उपयोग बढ़ा।

एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ ललिता नटराज ने कहा कि भीम ऐप कम इंटरनेट वाले क्षेत्रों में भी सुरक्षित और सुलभ डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करता है। सरल इंटरफेस और कैशबैक ऑफर के कारण भीम ऐप की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि भीम ऐप ने डिजिटल भुगतान के प्रति आम जनता का भरोसा मजबूत किया है और यह भविष्य में और अधिक विस्तार के संकेत दे रहा है।

**(मुख्य आंकड़े और तथ्य)**

मासिक लेनदेन में 2025 में 300% वृद्धि
पीयर-टू-पीयर भुगतान का हिस्सा: 28%
किराना खरीदारी में हिस्सा: 18%
फास्ट फूड आउटलेट्स: 7%
अन्य: भोजनालय 6%, दूरसंचार 4%, सर्विस स्टेशन 3%, ऑनलाइन मार्केटप्लेस 2%
सरल इंटरफेस और कैशबैक से लोकप्रियता में तेजी



*"भीम ऐप कम इंटरनेट वाले क्षेत्रों में भी सुरक्षित और सुलभ डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करता है।" सीईओ (ललिता नटराज)*

## पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे पर जताया दुख



समाज जागरण

जम्मू-कश्मीर के डोडा में गुरुवार को एक सड़क हादसे में सेना के 10 जवान शहीद हो गए। इस हादसे पर पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई दिग्गज नेताओं ने दुख जताया है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि डोडा में हुई दुर्घटना से हम अत्यंत दुखी हैं, जिसमें हमने अपने बहादुर सैनिकों को खो दिया। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को हम सदा याद रखेंगे। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुई दुखद घटना से मैं अत्यंत व्यथित हूं, जिसमें हमारे वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए सड़क हादसे में हमारे कई वीर जवानों के दिवंगत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। पूरा देश इस दुःख की घड़ी में अपने वीर सपूतों के परिवारों के साथ खड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे में भारतीय सेना के हमारे बहादुर जवानों की जान जाने से मैं बेहद दुखी हूं। देश उनकी निस्वार्थ सेवा को सदा याद रखेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी घटना को लेकर दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे में हमारे कई बहादुर जवानों की असामयिक मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदयविदारक और असहनीय पीड़ा देने वाला है। राष्ट्र उनकी कर्तव्यनिष्ठा का सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दुःखद घड़ी में मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। ॐ शांति।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुई हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 10 वीर जवानों के देहावसान से मन अत्यंत व्यथित और स्तब्ध है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। दुर्घटना में घायल जवानों का उपचार जारी है, ईश्वर से प्रार्थना है कि वे शीघ्र स्वस्थ हों।

उन्होंने कहा कि जो वीर जवान इस दुर्घटना में शहीद हुए हैं, भगवान उनकी पुण्य आत्माओं को शांति प्रदान करें। इस कठिन घड़ी में पूरा देश अपने सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है।

# सोने-चांदी खरीदारों के लिए राहत, कीमतें करीब 19 हजार रुपए तक घटीं

नई दिल्ली, 22 जनवरी 2026: सोना और चांदी खरीदारों के लिए राहत भरी खबर है। गुरुवार को वैश्विक अस्थिरता में कमी आने के कारण सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, चांदी का दाम 19,386 रुपए घटकर 2,99,711 रुपए प्रति किलो हो गया है, जबकि पहले यह 3,19,097 रुपए प्रति किलो था।

सोने की कीमतों में भी गिरावट हुई है। 24 कैरेट सोने का दाम 3,099 रुपए घटकर 1,51,128 रुपए प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट सोने का दाम 1,38,433 रुपए प्रति 10 ग्राम, और 18 कैरेट सोने का दाम 1,13,346 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।



विशेषज्ञों के अनुसार, घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में कमी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता में कमी है। स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण के बाद वैश्विक स्तर पर भरोसा बढ़ा। ट्रंप ने ग्रीनलैंड मुद्दे को बातचीत से हल करने और यूरोपीय देशों पर लगने वाले टैरिफ को फिलहाल स्थगित करने की घोषणा की।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 4,831 डॉलर प्रति औंस और चांदी का 93 डॉलर प्रति औंस रहा। इस गिरावट से उन लोगों को राहत मिली है, जो लंबे समय से सोने और चांदी की कीमतों में कमी का इंतजार कर रहे थे।

### बुलेट पॉइंट्स

*चांदी की कीमत 19,386 रुपए घटकर 2,99,711 रुपए/किलो*
*24 कैरेट सोना 1,51,128 रुपए/10 ग्राम*
*22 कैरेट सोना 1,38,433 रुपए/10 ग्राम*
*18 कैरेट सोना 1,13,346 रुपए/10 ग्राम*
*अंतरराष्ट्रीय मार्केट में सोना 4,831$/औंस, चांदी 93$/औंस*

# बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 का बहिष्कार किया, सुरक्षा कारणों का हवाला




नई दिल्ली, 22 जनवरी 2026: बांग्लादेश ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर रहने का ऐलान कर दिया है। बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को बताया कि सुरक्षा कारणों के चलते बांग्लादेश टीम भारत में होने वाले मुकाबलों में हिस्सा नहीं लेगी।

आसिफ नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश ने आईसीसी से अनुरोध किया था कि उसके मैच किसी अन्य देश में शिफ्ट किए जाएँ, लेकिन यह मांग खारिज कर दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया, "हमारे फैसले को बदलने की कोई गुंजाइश नहीं है। हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला, लेकिन हमें उम्मीद है कि भविष्य में स्थिति सुधरेगी।"

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अधिकारियों और खिलाड़ियों के साथ मीटिंग के बाद उन्होंने बताया कि टीम अब श्रीलंका में खेलने की योजना लेकर आईसीसी के पास जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सुरक्षा की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

सुरक्षा चिंताओं के बीच, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुस्तफिजुर रहमान को अपनी आईपीएल 2026 टीम से हटाने का निर्देश दिया था। आसिफ नजरुल ने इसे बांग्लादेश क्रिकेटर की सुरक्षा सुनिश्चित न करने के रूप में देखा।

बांग्लादेश के इस कदम से स्कॉटलैंड को फायदा होगा, जो फिलहाल टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफाई न करने वाली टीमों में सबसे ऊँची रैंक पर है।

**आईसीसी के अनुसार, बांग्लादेश की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार था:**

7 फरवरी: वेस्टइंडीज
9 फरवरी: इटली
14 फरवरी: इंग्लैंड (कोलकाता, ईडन गार्डन्स)
17 फरवरी: नेपाल (मुंबई, वानखेड़े स्टेडियम)

*टी20 वर्ल्ड कप 2026 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा।*

# श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोनी में निकली भव्य शोभा यात्रा

समाज जागरण

लोनी, 22 जनवरी: श्री राम प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्ष गांठ पर गुरुवार को लोनी में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल महिला व पुरुषों के बीच श्री राम नाम के जयकारे गूंजते रहे।

बैंड-बाजे व धार्मिक संगीत के साथ निकाली गई यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल पुरुषों एवं मातृशक्ति ने भागीदारी निभाई।



हाथों में भगवा ध्वज के साथ आस्था वानो के मुख से गूंज रहे गगन चुंबी श्री राम के जयकारो के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सब कुछ राममय हो गया हो। यात्रा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

## नशा तस्करों पर कराया प्रहार, 77 किलो 400 ग्राम गांजा सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

एटा/मेरठ: अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), थाना मेरठ की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने जनपद एटा से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 77 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त उड़ीसा और बिहार राज्यों से अवैध गांजा की तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करते थे। बरामद मादक पदार्थ को ट्रक के माध्यम से ले जाया जा रहा था।

एएनटीएफ द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क और सहयोगियों के संबंध में भी विस्तृत जांच की जा रही है।

# जनपद के समस्त विद्यालयों में वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग सख्त

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 22 जनवरी 2026: जनपद के सभी विद्यालयों में विद्यालय वाहनों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सभी विद्यालय परिवहन से जुड़े कानूनी और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करें, अन्यथा संबंधित प्रबंधक या प्रधानाचार्य की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय वाहनों के लिए प्रबंधक/प्रधानाचार्य की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

परिवहन नियमों के अंतर्गत सभी वाहनों में निम्नलिखित अनिवार्य हैं:
वैध परमिट, फिटनेस, बीमा और पीयूसी
चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण और प्रशिक्षण
जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर और फर्स्ट एड बॉक्स
सीट बेल्ट और आपातकालीन निकास
छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला परिचालक की तैनाती




साथ ही, प्रत्येक विद्यालय में 'विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति' का गठन अनिवार्य किया गया है, जिसकी मासिक बैठकें आयोजित कर उनके निर्णयों का पालन करना होगा।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन, दुर्घटना या आपराधिक घटना की स्थिति में यदि विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही साबित होती है, तो संबंधित प्रबंधक/प्रधानाचार्य के खिलाफ आपराधिक, प्रशासनिक और विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की संस्तुति भी की जा सकती है।

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें और विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# रुपये लेन-देन के विवाद में युवक की मौत, मुठभेड़ के दौरान आरोपी गिरफ्तार: एसपी उत्तरी

बरेली: थाना बिथरी चैनपुर, बरेली क्षेत्र में रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में युवक के साथ मारपीट की गई थी। मारपीट में आई गंभीर चोटों के कारण युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक उत्तरी, बरेली श्री मुकेश चन्द्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश के दौरान मुठभेड़ हुई, जिसके बाद उसे काबू में लिया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## “तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा” – नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अमर पुकार

भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में सुभाष चंद्र बोस तथा आजाद हिंद फौज का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1857 ई. की असफल स्वतंत्रता क्रांति के पच्चासी वर्ष पश्चात मोहन सिंह तथा सुभाष चंद्र बोस ने आजाद, हिंद फौज के नाम से एक सैनिक संगठन स्थापित किया। सुभाष चन्द्र बोस भारत में "नेताजी" के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनका जन्म 23 जनवरी 1897 ई. को कलकत्ता में हुआ था। बाद में इन्होने लंदन से आई.सी.एस. की परीक्षा पास की। तत्पश्चात नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कांग्रेस में शामिल हो गये, क्योकि एक बड़ा अफसर बनने के बजाय देश सेवा उन्हें अधिक प्रिय थी, ये कांग्रेस के गर्मदल के नेता थे। 1930 ई. तथा 1938 में ये क्रमशः कलकत्ता कार्पोरेशन के प्रधान तथा कांग्रेस के प्रधान चुने गये।

महात्मा गांधी से नैतिक मतभेद हो जाने के कारण उन्होंने कांग्रेस के उच्चपद से त्यागपत्र दे दिया। 1941 में अंग्रेजी सरकार ने उन्हें घर में ही नजरबंद को दिया, पर वे बड़ी चतुराई से निकल गये तथा जर्मनी पहुंच गये। नेताजी जर्मनी से जापान आ गये। वह दूसरे विश्वयुद्ध का समय था। जर्मनी तथा जापान अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ रहे थे। उसी समय नेताजी ने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व किया, ताकि अंग्रेजों से युद्ध करके भारत को स्वतंत्र कराया जाय। उनके अफसर बड़े उत्साह से उनकी आज्ञाओं का पालन करते थे।

तथाकथित तौर पर 1945 मे नेताजी हवाई जहाज की दुर्घटना से स्वर्ग सिधार गए, वैसे वे उड़े थे तो जो हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त हुआ था उसमें वे थे या नहीं, या फिर वे इसके पूर्व ही किसी हवाई अड्डे में उतर गये थे, यह भी एक विवाद का विषय बना हुआ है,कि जो हवाई जहाज दुर्घटना ग्रस्त होकर गिरा था, उसके मलबे में सब कुछ मिला लेकिन अनथक प्रयास के बाद भी नेताजी का पार्थिव शरीर नहीं प्राप्त हो पाया था।

आजाद हिंद फौज का निर्माण- दूसरे विश्वयुद्ध में जर्मनी तथा जापान विजयी हुए और अंग्रेज हार गये। 15 फरवरी 1942 को जापानियों ने सिगापुर पर अधिकार कर लिया। इस. विश्वयुद्ध में साठ हजार भारतीय सैनिकों को जापानियों ने बंदी बना लिया। 17 फरवरी 1942 को जापानी सेनापति मेजर क्यूजिवारा ने प्रमुख भारतीय कैदी अफसरों से कहा कि वे जापानियों की सहायता करें। प्रस्ताव भारतीयों ने मान लिया। पर उन्हें डर था कि कहीं अंग्रेजों को निकालकर जापान स्वयं न भारत पर अधिकार कर ले, इसलिये भारतीय अफसरों ने जापानी सेनापति से सोच-विचार करने के लिये समय मांगा।

जापान की राजधानी टोकियो में जापान के बंदी भारतीय अफसरों तथा दक्षिण पूर्वी एशिया के अन्य भारतीयों का एक सम्मेलन हुआ। श्री रास बिहारी बोस इस सम्मेलन के अध्यक्ष थे। वहां पर आजाद हिंद फौज के निर्माण के लिये निम्नलिखित प्रस्ताव स्वीकृत "हिंदुस्तान पर सैनिक आक्रमण करने वाली सभी सैनिक टुकड़ियों का संचालन भारतीय अफसरों के हाथ में रहे। जापान से हवाई और समुद्री हमलों के लिये सहायता ली जाये परंतु सारा काम आजाद हिंद फौज के सुपुर्द हो ,तथा जब भारत अंग्रेजों के हाथ से मुक्त हो जाय तब आजाद हिंद का शासन विधान भारतीय जनता के प्रतिनिधि तैयार करें।

जून 1942 में बैंकांक में आजाद हिंद संघ नामक एक संस्था कायम की गई जिनके अध्यक्ष श्री रास बिहारी बोस थे। इस संस्था का मुख्य कार्य था आजाद हिंद फौज की भर्ती तथा उसकी व्यवस्था करना । संघ की रीति नीति एवं कार्यप्रणाली अखिल भारतीय कांग्रेस के समान ही थी।

तिरंगा झंडा संघ की राजपताका बनाई गई। इस संघ के मुख्य उद्देश्य थे। "विश्वास, एकता और बलिदान तथा भारत अविभाज्य है ,आजाद हिंद संघ तथा आजाद हिंद फौज सिंगापुर में बनाया गया। अपने व्यक्तित्व के कारण सुभाष चंद्र बोस ने जापान सरकार को आजाद हिंद फौज की कार्यप्रणाली में हस्तक्षेप न करने के लिये विवश कर दिया। अप्रैल 1943 में सुभाषचंद्र बोस ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज क नेताओं को बुलाकर उन्हें परामर्श दिया कि वे सब दिल्ली में चलकर वायसराय भवन पर तिरंगा झंडा फहरायें और लाल किले पर विजय परेड करें। जयहिंद के नारे का चलन इसी समय से प्रारंभ हुआ।

सुभाष चंद्र की सेना में पुरुष सैनिकों के अतिरिक्त स्त्रियां भी थी। स्त्रियों की सेना का नेतृत्व डाक्टर कुमारी लक्ष्मी स्वामी नाथन ने किया।

21 अक्टूबर1943 को नेताजी ने सिंगापुर मे आजाद हिंद सरकार की स्थापना की। जर्मनी, जापान, इटली, ब्रम्हा, मलाया, फिलिपाइन, इंडोनेशिया हिंदचीन मंचूरिया और कोरिया आदि देशों ने तुरंत इसे स्वतंत्र भारत की वैध सरकार के रूप में स्वीकार कर लिया और कुछ देशों के साथ परस्पर राजदूतों का आदान-प्रदान भी होने लगा।

24 अक्टूबर 1943 को स्वतंत्र भारत की इस वैध, सरकार ने अमरीका और इंग्लैंड के विरुद्ध यद्ध की घोषणा कर दी। 4 फरवरी 1943 को आजाद हिंद फौज ने आसाम आक्रमण किया। गांधी नेहरु तथा आजाद रेजिमेंटों ने 18 मार्च 1943 को भारत भूमि पर पांव रखा और प्रगति करती हुई इन्फाल तक आ पहुँची। आजाद हिंद फौज को युद्ध सामग्र की सहायता जापान सरकार से प्राप्त होनी थी। धीरे-धीरे जापानियों की हार होने लगी। आजाद हिंद फौज मे भी खाद्य सामग्री तथा युद्ध सामग्री का अभाव हो गया, जिससे उनकी प्रगति में रूकावट आ गई।

23 अप्रैल 1944 को जापानी रंगून छोड़कर भाग गये, और ब्रम्हा पर पुनः अंग्रेजों का अधिकार हो गया। नेताजी टोकियों जाते समय मार्ग में हवाई जहाज की दुर्घटना का शिकार हो गये और आजाद हिंद फौज ने विवश होकर हथियार डाल दिये। भारत की अंग्रेज सरकार ने प्रेमकृष्ण सहगल, गुरुबख्स सिंह ढिल्लो और शाहनवाज खाँ आदि भारतीय अफसरों पर मुकदमे चलाए पर भारतीयों के अनुरोध कर सरकार ने सबको रिहा कर दिया। आजाद हिंद फौज के संस्थापक सदस्य सुभाष चन्द्र बोस ने भारत को स्वतंत्र कराने के लिये अपना तन मन धन सब कुछ न्यौछावर कर दिया।



-सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

## ग्रीनलैंड, ट्रंप और वैश्विक व्यवस्था: क्या महा शक्तियों की महत्वाकांक्षाएं नियमों से ऊपर हो गई हैं ?

अमेरिका के साथ अपने व्यापार समझौते को निलंबित करके यूरोप द्वारा किया गया मजबूत प्रतिरोध, अटलांटिक पार संबंधों की संकीर्ण सीमाओं से कहीं अधिक आश्वासन प्रदान करता है
वैश्विक बाजारों ने उस समय राहत की सांस ली जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड पर आक्रमण करने और इस्का विरोध करने वाले यूरोपीय सहयोगियों पर दंडात्मक शुल्क लगाने की धमकियों से पीछे हट गए। परंतु दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान उनका 70 मिनट लंबा भाषण जिसमें तनाव कम करने का संकेत था, और भाषण के बाद ग्रीनलैंड पर ह्यभविष्य के समझौतेह्व के लिए एक रूपरेखा की घोषणा, दुनिया की उन आशंकाओं को शांत नहीं कर सकती जो अमेरिकी राष्ट्रपति की ग्रीनलैंड को लेकर महत्त्वाकांक्षाओं से संबंधित हैं।

जैसा कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपने भाषण में स्पष्ट रूप से कहा भी नियम-आधारित विश्व व्यवस्था महान शक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के दबाव में कमजोर हो रही है और दुनिया ह्यएक कठोर वास्तविकता की शुरूआत देख रही है, जहां महान शक्तियों के बीच भू-राजनीति पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण



नहीं है।

यह संभव है कि दावोस भाषण से एक सप्ताह पहले ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक में यूरोपीय सैन्य कर्मियों की सीमित तैनाती ने ट्रंप को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की क्षमताओं के बारे में बताया हो, जिनका वह अक्सर मजाक उड़ाते रहे हैं। यह भी संभव है कि यूरोपीय देशों द्वारा अमेरिकी ट्रेजरी और अन्य परिसंपत्तियों में रखे गए खरबों डॉलर बेचने की आशंका ने बयानबाजी को कम करने के लिए प्रेरित किया हो।

समझौते के जिन कुछ विवरणों का खुलासा हुआ है, वे संकेत देते हैं कि यूरोप को नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि अमेरिका को ग्रीनलैंड के उन छोटे हिस्सों पर संप्रभुता दी जा सकती है जहां उसके सैन्य अड्डे हैं और वहां वह संभावित रूप से बिना डेनमार्क की अनुमति के खनिजों का खनन कर सकता है। हालांकि ट्रंप की प्रवृत्तियों को देखते हुए 1938 के सूडेटन संकट जैसे धीरे-धीरे कब्जे के खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ग्रीनलैंड के पक्ष में अपना तर्क रखते हुए ट्रंप ने कहा कि यह क्षेत्र अमेरिका, रूस और चीन के बीच एक महत्त्वपूर्ण सामरिक कड़ी है और भ्रामक रूप से यह दावा किया कि अमेरिका को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इसकी आवश्यकता है। वह गोल्डन डोम नामक एक मिसाइल रक्षा प्रणाली बनाना चाहते हैं, जिसके लिए उनका कहना है कि ग्रीनलैंड अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। लेकिन अमेरिका के पास पहले से ही उत्तरी ग्रीनलैंड में डेनमार्क के साथ समझौते के तहत पिटुफिक एयरबेस है और कनाडा के साथ नॉर्थ अमेरिकन एरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के अंतर्गत वह आर्कटिक में होने वाले खतरों का संयुक्त रूप से बचाव करता है।

एक अनकहा रह गया पहलू है ग्रीनलैंड की विशाल अप्रयुक्त खनिज संपदा पर नियंत्रण, विशेषकर दुर्लभ खनिज। दुर्लभ खनिजों का 70 फीसदी खनन, जो दुनिया की इलेक्ट्रॉनिक्स को शक्ति प्रदान करते हैं, और 90 फीसदी प्रसंस्करण चीन के नियंत्रण में है। अमेरिका ऐसे स्रोतों की तलाश कर रहा है जो उसे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और सुरक्षा में रणनीतिक लाभ दें ताकि वह प्रतिस्पर्धा में आगे रह सके। वर्तमान में ग्रीनलैंड में चीनी कंपनियों के पोलर सिल्क रोड परियोजना के तहत खनन प्रोजेक्ट हैं, एक ऐसी छतरी जो डेनमार्क और अमेरिका की सीमाओं से बंधी हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति की संसाधन सुरक्षा संबंधी मंशाएं चाहे जितनी भी समझने लायक हों, लेकिन वेनेजुएला में किए गए आक्रमण या नाटो सहयोगियों को दी गई दंडात्मक शुल्क की धमकी, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिस राष्ट्र ने नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की स्थापना का नेतृत्व किया था, उसी द्वारा उसका खुला परित्याग दशार्ती हैं।

इस संदर्भ में, अमेरिका के साथ अपने व्यापार समझौते को निलंबित करके यूरोप द्वारा किया गया मजबूत प्रतिरोध, अटलांटिक पार संबंधों की संकीर्ण सीमाओं से कहीं अधिक आश्वासन प्रदान करता है। चाहे पूर्वी यूरोप हो, दक्षिण चीन सागर का तटवर्ती क्षेत्र, ताइवान, लद्दाख की दुर्गम पहाड़ी भूमि या अरुणाचल के वन, यदि संप्रभुता पर बातचीत में तुष्टीकरण ही रुख बन जाए, तो कोई भी देश महान शक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं से सुरक्षित नहीं रहेगा।

## युवा शक्ति, शिक्षा प्रणाली और समस्याओं का अंबार

दुनिया में मनुष्य के पास शिक्षा एक ऐसा बेशकीमती मौका है, जो जीवन में हर क्षेत्र, हर उच्च पद, काबिलियत और विकास का जरिया बनता है और हर वह मुकाम हासिल करने के लायक जो मनुष्य चाहता है, यह शिक्षा ही दिलाती हैं। इसके साथ ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी भी शिक्षा पर होती है, मनुष्य के बेहतर जीवनयापन और जीवन में आनेवाली समस्याओं को हल करने की ताकत शिक्षा देती हैं। शिक्षा मनुष्य को संस्कारित करने के साथ-साथ उनके कलागुणों को निखारती है, आज प्रतियोगिताओं के युग में हमें अधिक कुशल बनाने में सहायक है और सतत प्रगतिपथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करके पथ प्रदर्शित करती हैं। मनुष्य ऐसी ही शिक्षा की कल्पना अपने जीवन के लिए करता है, जो उसके जीवन को सफल और सार्थक कर दें। शिक्षा पर हर एक मनुष्य का समान हक है और दुनिया में प्रत्येक को शिक्षा का यह अधिकार मिलना ही चाहिए ताकि वह अपना जीवन को बेहतर बना सकें, शिक्षा का भी यही उद्देश्य होता हैं। दुनिया में जिन देशों ने शिक्षा की गुणवत्ता और महत्व को समझा है, आज वह देश संपन्न राष्ट्रों में गिने जाते है, छोटे - छोटे देश भी शिक्षा की गुणवत्ता के बलबूते पर विकसित और प्रबल बन चुके हैं। यूनेस्को ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2026 की आधिकारिक थीम है "शिक्षा को मिलकर बनाने में युवाओं की शक्ति" घोषित की हैं।

देश में नई शिक्षा प्रणाली और कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है, ताकि युवाओं के सपनों को ऊंची उड़ान मिल सकें। फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्तमान कार्यबल के लगभग 39 प्रतिशत के कौशल साल 2030 तक अप्रचलित अर्थात पुराने हो जाने की प्रबल संभावना हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, सिर्फ.54.8 प्रतिशत भारतीय युवा ही नौकरी के काबिल माने जाते हैं, और कई लोगों में कार्यस्थल पर सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल दक्षता, अनुकूलनक्षमता और सॉफ्ट स्किल्स की कमी हैं।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो डेटा के मुताबिक, 2022 में भारत में गिरफ्तार हुए सभी नाबालिगों में से लगभग आधे 49.5 प्रतिशत हिंसक अपराधों में शामिल थे, यह 2016 के 32.5 प्रतिशत के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ोतरी है। राष्ट्रीय बाल अपराध दर 2022 में प्रति लाख बच्चों पर 6.9 से थोड़ा बढ़कर 2023 में 7.1 हो गया। दिल्ली में बच्चों में सबसे ज्यादा अपराध दर, प्रति लाख बच्चों की आबादी पर 41.1 दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय औसत से बहुत ज्यादा हैं। मानसिक तनाव की समस्या तेजी से बढ़ी है, देश के युवाओं में यह समस्या लगातार बढ़ रही है, बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद के साथ-साथ आसानी से मिलने वाले मानसिक सहयोग की कमी और लगातार सोशल स्टिग्मा की वजह से युवा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रहे हैं। साल 2020-22 में, भारत में 15-29 साल के लोगों में आत्महत्या की वजह से 60,700 से ज्यादा मौतें हुईं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है क्योंकि पढ़ाई और नौकरी मार्केट की जरूरतों के बीच कौशल का मेल नहीं है, जबकि कई लोग कम फायदों वाली, छोटे पद या जोखीमभरी नौकरियों में काम करने को मजबूर हैं। आज भी किसी सरकारी दफ्तर में चपरासी के पद के लिए पदभर्ती के विज्ञापन आने पर हजारो उच्च शिक्षित युवा उस चपरासी के पद के लिए आवेदन करते हैं। दोस्तों के दबाव और तनाव या मौजमस्ती के कारण युवाओं के नशे की लत के जाल में फंसने की संभावना बहुत अधिक बढ़ रही है और उनके उपचार, पुनर्वसन, साधनसंपन्न सुविधा केंद्रों की कमी इस समस्या को अधिक खराब कर रही हैं।

कैग रिपोर्ट 2025 अनुसार, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में भारी गड़बड़िया मिली है, इस योजना के अंतर्गत 56.14 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी गई, उसमे से केवल 23.18 लाख युवाओं को रोजगार मिला, जबकि 32.96 लाख युवा अर्थात 58.71 प्रतिशत युवा कौशल विकास योजना का लाभ लेकर भी बेरोजगार ही रह गए हैं। इसमें 13.33 प्रतिशत युवा उम्मीदवार कौशल के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता भी पूरी नहीं कर पा रहे थे। 94.53 प्रतिशत मामलों में बैंक अकाउंट डिटेल्स खाली थी, 94 प्रतिशत से ज्यादा बैंक खातों की वैध जानकारी नहीं थी, इस कारण 34 लाख युवाओं को 500 रुपये का रिवॉर्ड भी नहीं मिला। इस योजना में एक ही स्थान के प्रशिक्षण के फोटो का इस्तेमाल अनेक राज्यों में हो रहा था, अनेक ट्रेनिंग सेंटर असल में बंद थे, लेकिन सेंटर कागजों पर चल रहे थे। अधिकतम युवा उम्मीदवारों की ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भी फेक दिए गए थे। इस योजना के अंतर्गत 2015 से 2024 के बीच कुल 9261 करोड़ रुपया खर्च किया गया है, लक्ष्य 1.32 करोड़ युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देना था और 1.1 को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ कागजों पर, लेकिन कैग ने इसे आंकड़ों का खेल बताया।

देश में लगातार बढ़ती आर्थिक विषमता समाज में एक बड़ी खाई का निर्माण कर रही है, इससे विकास कार्य में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट यूथ पल्स 2026 : बदलती दुनिया के लिए अगली पीढ़ी की सोच के निष्कर्ष अनुसार, 48.2 प्रतिशत ने बढ़ती आर्थिक विषमता को सबसे बड़ा संकट बताया हैं। इस सर्वेक्षण में 144 देश शामिल हुए। 57 प्रतिशत युवाओं ने वित्तीय चिंताओं को तनाव का प्रमुख कारण बताया हैं। 57.2 प्रतिशत युवाओं ने रोजगार निर्माण या उपलब्धता को प्राथमिकता दी है, जबकि 46.1 प्रतिशत युवाओं ने सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता को जरुरत माना हैं।

देश में बेरोजगारी का आलम तो हम सभी जानते ही है, लेकिन दशकों तक रिक्त पदों पर नई भर्ती न करना व्यवस्था या कार्यप्रणाली को कमजोर बना देती हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र राज्य के राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में स्वीकृत प्रोफेसर पद 258 है, इसमें से वर्तमान में कार्यरत केवल 86 है, बाकि 66 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए है, जिसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता हैं। यह सिर्फ एक विश्वविद्यालय की ही नहीं, अपितु संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य में यही परिस्थिति है, देश के कुछ अन्य राज्यों के हालात भी कुछ अलग नहीं हैं। कई राज्यों में शिक्षा विभाग की स्थिति काफी भयावह हैं। कई राज्यों में शिक्षा विभाग के घोटाले अक्सर सुनाई देते है, भ्रष्टाचार, परीक्षा पर्चा लिक, जाली दस्तावेज, नकली भर्ती, परीक्षा में डमी परीक्षार्थी, नकली पदवी खरीद मामला जैसे अनेक मामले दिनोंदिन उजागर होते रहते हैं। इन सब के कारण शिक्षा जैसे पवित्र पेशे को कालिख पोत दी जाती है, और नुकसान देश के वर्तमान व आनेवाली पीढ़ी को भुगतना पड़ता हैं।

देश के निजी शिक्षा संस्थान और अनेक राज्यों के सरकारी विद्यालयों, संस्थानों के बिच बहुत बड़ा अंतर है, जो समय के साथ तेजी से बढ़ता ही जा रहा हैं। पिछले दशक (लगभग 2014-2024) में भारत में लगभग 90,000 सरकारी स्कूल बंद हो चुके है और इस दौरान भारत में प्राइवेट स्कूलों की संख्या में लगभग 42,944 की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, ऐसा सरकारी आंकड़े और यूनेस्को की रिपोर्ट बताती हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और योग्यतानुसार रोजगार या व्यवसाय उपलब्धता ये तीन बाते मनुष्य को सहज उपलब्ध होनी चाहिए। इसमें कभी भी भेदभाव या आर्थिक विषमता रूकावट नहीं होनी चाहिए। देखा जाए तो देश का पूरा भविष्य उस देश की शिक्षा निति और उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करती हैं। अच्छी शिक्षा समाज और देश के प्रत्येक क्षेत्र में काबिल और जिम्मेदार कर्तृत्वशैली युक्त प्रभावी युवा शक्ति का निर्माण करती हैं। शिक्षा से संस्कार, ज्ञान, कौशल और सुजान नागरिक बनकर व्यक्ति देश और विश्व में पथप्रदर्शित करते हैं। विकसित देशों का उदाहरण हमारे सामने है, ओलंपिक जैसे विश्व स्तरीय खेलों में छोटे - छोटे देश पदक तालिका में ऊपर होते हैं। जो देश उन्नत हुए, वे अपने मजबूत और कौशल्यपूर्ण शिक्षा प्रणाली के बलबूते पर। आनेवाला कल भी उसी देश का उज्जवल होगा, जो शिक्षा के गुणवत्ता को समझेगा।



लेखक - डॉ. प्रितम भि. गेडाम

## सनातन वैदिक संस्कृति और साहित्य सत्य की तरह सदैव प्रासंगिक एवं परमार्थ उपयोगी

साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना है' शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती है' राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है' यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को "जीवन की आलोचना" भी कहा है।
साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अवार्चीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समाजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि "जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए", वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है ।और संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट से रवाना की टीका मित्र वैन, बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए जनजागरूकता अभियान

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 22 जनवरी 2026: मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवकांत द्विवेदी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से टीका मित्र वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को टीकाकरण के महत्व, लाभ और समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करेगी।




टीका मित्र वैन के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि बीमारियों पर सबसे प्रभावी वार टीकाकरण के माध्यम से किया जा सकता है। अभियान में विशेष रूप से 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों के नियमित टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा। वैन पर प्रदर्शित संदेश के अनुसार 5 वर्ष की आयु तक 7 बार टीकाकरण अनिवार्य है, और एक भी टीका छूटने पर बच्चों को गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है।

वैन के माध्यम से बच्चों को दफ्तेरिया, टेटनस, काली खांसी, पोलियो, टीबी, खसरा, रूबेला, निमोनिया, गलाघोंटू सहित 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने का संदेश दिया जाएगा। साथ ही, आयु अनुसार टीकाकरण कैलेंडर भी प्रदर्शित है, जिससे अभिभावकों को यह जानकारी मिल सके कि किस आयु में कौन सा टीका अनिवार्य है।

डॉ. शिवकांत द्विवेदी ने बताया कि सभी सरकारी नियमित टीकाकरण सत्रों पर निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है तथा टीकाकरण के उपरांत मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड अवश्य प्राप्त करें।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आर. के. सिरोहा ने अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों का नियमित एवं

- टीकाकरण के लिए 0-5 वर्ष आयु तक 7 बार टीका अनिवार्य
- वैन में GPS/संदेश और आयु कैलेंडर प्रदर्शित
- ई-रिक्शा और स्ट्रीट प्ले के माध्यम से हाई रिस्क क्षेत्रों में जागरूकता

पूर्ण टीकाकरण कराएं, जिससे उन्हें गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा, ‟समय पर टीकाकरण बच्चों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव है।”

जिला समन्वयक शिवेंद्र श्रीवास्तव एवं शमशाद अहमद ने बताया कि टीका मित्र वैन के साथ ई-रिक्शा और स्ट्रीट प्ले कार्यक्रम हाई रिस्क क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में टीकाकरण को लेकर मौजूद झिझक और भ्रांतियों को दूर कर आमजन को सरल, प्रभावी और जनसुलभ तरीके से जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आर. के. सिरोहा, जिला समन्वयक शिवेंद्र श्रीवास्तव, शमशाद अहमद एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 की तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 22 जनवरी 2026: उत्तर प्रदेश की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को उजागर करने तथा प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 24 से 26 जनवरी 2026 तक नोएडा शिल्प हाट में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस-2026 की तैयारियों की समीक्षा आज मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में वर्चुअल मोड में की गई।

बैठक में जिला प्रशासन, विकास प्राधिकरण, पुलिस विभाग और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ‟विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत” की थीम पर आयोजन किया जा रहा है, जिसे प्रभावी, उद्देश्यपरक और जनोपयोगी बनाया जाए।

डॉ. द्विवेदी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल का समय पर आवंटन सुनिश्चित करें और विभागीय योजनाओं, उपलब्धियों, नवाचारों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रदर्शनी स्थलों को आकर्षक, सूचनात्मक और संवादात्मक बनाया जाए ताकि आमजन योजनाओं की जानकारी सरल और प्रभावी ढंग से प्राप्त कर सकें।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोहों के लिए विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्थानीय कलाकारों, साहित्यकारों, शिल्पकारों, युवाओं, महिला समूहों, किसानों, खिलाड़ियों और उद्यमियों को मंच प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों से अनुरोध किया कि वे उत्कृष्ट व्यक्तियों, प्रतिभाशाली युवाओं, कलाकारों और खिलाड़ियों की सूची समय से उपलब्ध कराएँ, ताकि उन्हें उत्तर प्रदेश दिवसझ्र2026 के अवसर पर सम्मानित किया जा सके। उन्होंने सम्मान समारोह की रूपरेखा समय पर तैयार रखने का निर्देश भी दिया।

बैठक में यह भी बताया गया कि आयोजन के अंतर्गत युवा दिवस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस, मतदाता जागरूकता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों को कार्यक्रमों में समाहित किया जाएगा, जिससे सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व और अधिक सुदृढ़ होगा।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, गौरव और विकास यात्रा को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूर्ण जिम्मेदारी, समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ताकि आयोजन भव्य, अनुकरणीय और स्मरणीय बन सके।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, प्रभारी/जिला विद्यालय निरीक्षक गीता भाटी, एल0डी0एम0 राजेश कटारिया, जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी परवेज अली, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## मैक्स हॉस्पिटल नोएडा ने फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए इमरजेंसी और ट्रॉमा रेडीनेस ट्रेनिंग आयोजित

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः कम्युनिटी सेफ्टी और इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस को मजबूत करने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में तैनात फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए एक व्यापक इमरजेंसी और ट्रॉमा रेडीनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया।



तीन घंटे के इस इंटेंसिव ट्रेनिंग सेशन का मकसद फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स को प्रैक्टिकल और सिचुएशन-बेस्ड स्किल्स से लैस करना था, ताकि रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट जैसी आपात परिस्थितियों में समय पर और प्रभावी देखभाल की जा सके।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह, जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस श्री राजीव नारायण मिश्रा और डीसीपी नोएडा श्री यमुना प्रसाद शामिल थे।

मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा की अनुभवी मेडिकल टीम में डॉ. संजय कुमार जायसवाल (डायरेक्टर), डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. पीयूषा अभय और डॉ. मोहम्मद सैफ ने ट्रेनिंग में सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके साथ ही सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया (रएटक) से श्री नितेश कुमार, न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. प्रांकुल सिंघल और हॉस्पिटल ऑपरेशंस के यूनिट हेड श्री अरविंद पाहवा भी उपस्थित रहे।

ट्रेनिंग के दौरान ‟गोल्डन आवर” की अहमियत, सीन सेफ्टी, रिस्क असेसमेंट और अइउ अप्रोच पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को ट्रायाज, डिसीजन-मेकिंग, ब्लीडिंग कंट्रोल, सेफ विक्टिम हैंडलिंग, ट्रांसपोर्टेशन, शॉक मैनेजमेंट, फ्रैक्चर स्टेबलाइजेशन, सीपीआर और एईडी के इस्तेमाल जैसी जरूरी तकनीकों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई।

मैक्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार जायसवाल ने कहा, ‟रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट एक बड़ी पब्लिक हेल्थ चुनौती हैं। शुरूआती कुछ मिनट मरीज के परिणाम तय करते हैं। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रैक्टिकल नॉलेज और कॉन्फिडेंस देना है, ताकि वे इमरजेंसी में सही निर्णय ले सकें।”

वाइस प्रेसिडेंट और यूनिट हेड हॉस्पिटल ऑपरेशंस, श्री अरविंद पाहवा ने कहा, ‟ऐसे ट्रेनिंग प्रोग्राम अस्पताल की सीमाओं से बाहर जाकर इमरजेंसी रिस्पॉन्स को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता दशार्ते हैं। समय पर किया गया हस्तक्षेप जीवन और मृत्यु के बीच फर्क पैदा कर सकता है।”

सेशन का समापन साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड, इफेक्टिव कम्युनिकेशन और सही हैंडओवर प्रैक्टिसेस के साथ ओपन क्यू एंड ए से हुआ। प्रतिभागियों ने ट्रेनिंग के रियल-वर्ल्ड अप्रोच और प्रैक्टिकल उपयोगिता की सराहना की और सड़क पर जान बचाने के लिए निरंतर स्किल-बिल्डिंग की आवश्यकता को दोहराया।

## थाना नॉलेज पार्क: कार चालक की मौत मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा, 22 जनवरी 2026: थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मु0अ0सं0 20/2026 धारा 105, 125, 61(2) बीएनएस में 2 प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त हैं:

रवि बंसल, पुत्र प्रकाश चंद, निवासी मंगलम रेजिडेंसी अपार्टमेंट, थाना सेक्टर-21(D), फरीदाबाद, हरियाणा




सचिन करनवाल, पुत्र गोपाल करनवाल, निवासी बिल्डिंग नंबर अ-11, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन-2, साहिबाबाद, थाना शालीमार गार्डन, जिला गाज़ियाबाद

घटना 16/17 जनवरी 2026 की रात्रि की है, जब कार चालक युवराज, पुत्र राजकुमार, उम्र लगभग 27 वर्ष की लोटस ग्रीन कंपनी के बिल्डर और उनके सहयोगियों द्वारा निमार्णाधीन बिल्डिंग में बरती गई लापरवाही के चलते प्लाट में भरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई।

इस मामले में थाना नॉलेज पार्क द्वारा संबंधित धारा 105, 125/61(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बेस्टटाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभियुक्त अभय कुमार, पुत्र विक्रमलाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस ने कहा कि आगे भी उपयुक्त कार्रवाई जारी रहेगी और मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ पूरी जांच की जा रही है।

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा वर्ष-2026 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा : स्कूल में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा वर्ष-2026 के अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट दिनांक 22/01/26 दिन गुरुवार को एक प्रभावशाली सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश समाज तक पहुँचाए। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष सभा के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर, नारे एवं भाषणों के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति में स्कूल के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। साथ ही प्रांगण में मौजूद उपप्रधानाचार्या और शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सड़क के नियमों के पालन के लिए संकल्प लिया ।

प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि ‟सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी से निभाना चाहिए।”

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## मेदांता नोएडा में पहली रोबोटिक लंग कैंसर सर्जरी सफल, एडवांस्ड रोबोटिक थोरेसिक सर्जरी क्लिनिक का शुभारंभ

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः लंग कैंसर के एडवांस्ड रोबोटिक ट्रीटमेंट ऑप्शंस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा में एक अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नोएडा में पहली बार रोबोटिक लंग कैंसर सर्जरी के सफल प्रदर्शन को साझा किया गया और साथ ही एडवांस्ड रोबोटिक थोरेसिक सर्जरी एंड लंग कैंसर क्लिनिक का औपचारिक लॉन्च किया गया। यह नया डेडिकेटेड क्लिनिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए वर्ल्ड-क्लास थोरेसिक ऑन्कोलॉजी सेवाओं को अधिक सुलभ बनाएगा।

मेदांता हॉस्पिटल नोएडा के इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी, चेस्ट ऑनको-सर्जरी एंड लंग ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर डॉ. बेलाल बिन आसफ ने कहा कि 65 वर्षीय एक मरीज की रूटीन कार्डियोलॉजी जांच के दौरान संयोगवश फेफड़े में नोड्यूल पाया गया। आगे की जांच में अर्ली-स्टेज लंग कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद मरीज की रोबोटिक राइट लोअर लोबेक्टॉमी विद सिस्टेमैटिक मेडियास्टाइनल लिम्फ नोड




डिसेक्शन की गई, जो तकनीकी रूप से जटिल और हाई प्रिसिशन सर्जरी है। एडवांस्ड रोबोटिक टेक्नोलॉजी की मदद से सर्जरी में बेहतर विजुअलाइजेशन, सटीक डिसेक्शन और उच्च स्तर की सर्जिकल एक्युरेसी सुनिश्चित की गई। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और मरीज बिना किसी जटिलता के रिकवर होकर डिस्चार्ज हुए।

इस सर्जरी में मेदांता झ द मेडिसिटी, गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. सुखराम बिश्नोई और डॉ. प्रवीन पांडा ने सहयोग किया। यह पूरी प्रक्रिया प्रो. डॉ. अरविंद कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई, जो मेदांता के इंटीग्रेटेड अकादमिक और क्लिनिकल फ्रेमवर्क का हिस्सा है।

डॉ. बेलाल बिन आसफ ने बताया कि यह मामला समय पर की गई इमेजिंग और अर्ली डिटेक्शन के महत्व को दशार्ता है। भारत में लंग कैंसर से होने वाली मौतों में मुख्य कारण लेट डायग्नोसिस है। रूटीन हेल्थ चेक-अप के दौरान अर्ली डिटेक्शन से सर्वाइवल रेट और ट्रीटमेंट आउटकम्स में सुधार संभव है।

मेदांता नोएडा में लॉन्च किए गए एडवांस्ड रोबोटिक थोरेसिक सर्जरी क्लिनिक से लंग कैंसर और अन्य जटिल चेस्ट कंडीशंस के लिए कॉम्प्रिहेंसिव रोबोटिक और मिनिमली इनवेसिव सर्जिकल केयर उपलब्ध होगी। यह पहल नोएडा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को घर के नजदीक उच्च गुणवत्ता वाली थोरेसिक ऑन्कोलॉजी सेवाएं प्रदान करने की मेदांता की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

## थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध चाकू बरामद

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर दोपहिया वाहन चोरी एवं मोबाइल स्नैचिंग में लिप्त एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनीष चोपड़ा पुत्र संजय चोपड़ा, निवासी शाहदरा, थाना शाहदरा, दिल्ली के रूप में हुई है। अभियुक्त की उम्र लगभग 27 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस ने अभियुक्त को शिप्रा कट, सेक्टर-62 नोएडा से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल, स्नैच किए गए मोबाइल को बेचकर प्राप्त 1600 रुपये नकद तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर दिनांक 10 जनवरी 2026 को सेक्टर-62 नोएडा गोलचक्कर के पास खड़े एक व्यक्ति से मोबाइल फोन स्नैच किया था। मोबाइल बेचने के बाद प्राप्त रकम में से 1600 रुपये उसके पास शेष थे।



उक्त घटना के संबंध में थाना सेक्टर-58 नोएडा पर धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत है। इसके अलावा अभियुक्त के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में ई-पुलिस स्टेशन क्राइम ब्रांच, दिल्ली में पूर्व से एफआईआर दर्ज होना पाया गया है, जो पिछले वर्ष दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उसके विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं। अभियुक्त से बरामद अवैध चाकू के संबंध में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में भी मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अभियुक्त के अन्य आपराधिक कृत्यों की जानकारी जुटा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## महर्षि रामायण विश्वविद्यालय में 35 फीट ऊंची भगवान राम मूर्ति का अनावरण, महामहीम राज्यपाल ने किया शुभारंभ

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः महर्षि नगर, सेक्टर 110 स्थित महर्षि इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में भगवान राम की 35 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में भगवान राम को सत्य, करुणा और कर्तव्य जैसे मानव जीवन के सर्वोच्च आदर्शों की जीवंत अभिव्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा भगवान राम के आदर्श त्याग और गुरु भक्ति का प्रतीक है।



महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से यह विश्वविद्यालय रामायण के आदर्शों और रामराज्य की परिकल्पना के अनुरूप सामाजिक सद्भाव और विश्व शांति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

डॉ. श्रीवास्तव ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय पिछले वर्ष से देश-विदेश के विद्वानों के निर्देशन में रामायण की विभिन्न पांडुलिपियों पर शोध और अनुसंधान में सक्रिय है। उक्त जानकारी महर्षि आयुर्वेद प्रतिष्ठान के सचिव एवं वरिष्ठ चिकित्सक वैद्य अच्युत कुमार त्रिपाठी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## शांभवी महामुद्रा रजि. ट्रस्ट ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर किया भव्य आयोजन

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः शांभवी महामुद्रा रजि. ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को संपन्न हुई प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नोएडा में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुरुवार, 22 जनवरी 2026 को सेक्टर-18 स्थित प्राचीन शिव-शनि मंदिर (डीएलएफ मॉल के निकट) में शांभवी महामुद्रा में अध्ययनरत बच्चों द्वारा 11 हनुमान चालीसा पाठ किए गए। इसके पश्चात बच्चों और श्रद्धालुओं ने हाथों में झंडियां लेकर ‟जय श्रीराम” के जयघोष के साथ फेरी निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया।



इस अवसर पर शांभवी महामुद्रा रजि. ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर चन्द्र पोरवाल, महासचिव कनकलता कनक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष हर्ष रावत, संतुष्टि सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन पोरवाल, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पोरवाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश अवाना सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें एवं बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं से जलपान ग्रहण करने का आग्रह किया गया तथा उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में विशेष सहयोग के लिए संतुष्टि सेवा फाउंडेशन का भी धन्यवाद किया गया।

## थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, 107 पव्वे देशी शराब बरामद

नोएडा, संदीप गर्गः थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से अवैध शराब की तस्करी में लिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को सेक्टर-10 स्थित पार्क के अंदर बने खंडहर के पास से पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान उमेश दास पुत्र स्वर्गीय फागु दास के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 107 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम जोठा, थाना धौरईया, जनपद बांका, बिहार का निवासी है तथा वर्तमान में सेक्टर-5, हरौला, नोएडा में रह रहा था। अभियुक्त की उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है।




पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आगे की जांच की

## अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ ने गरीब व बेसहारा लोगों को किये कंबल वितरण

समाज जागरण

लोनी, 22 जनवरीः गुरुवार को डाबर तालाब कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर स्थित उजाला ड्रिक्लीनर परिसर में निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड के मौके पर कंबल पाने वाले जरूरतमंद और बेसहारा लोगों के चेहरे खिल उठे. सभी ने आयोजकों को दिल से दुआएं देते हुए उनकी दीघार्यु के लिए मंगल कामना की

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक पुत्र नागेश गुज्जर के अलावा अखिल भारतीय गो रक्षा महासंघ के जिला महामंत्री रजनीश कुमार, जिला अध्यक्ष परवेज चौधरी, यूपी जिला अध्यक्ष मोहम्मद इजराइल, रविंदर कुमार, समाजसेवी इमरान व फहीमउद्दीन व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



इस मौके पर व्यक्ताओं ने अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ द्वारा निरंतर समाजहित कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ट्रस्ट न केवल सामाजिक कुरीतियों और अपराध के खिलाफ जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता, गरीबों के लिए राहत कार्य और गो-सेवा जैसे मानवीय कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जो मानवता और करुणा के मूल्यों को मजबूती देने का स्पष्ट उदाहरण है। स्थानीय नागरिकों ने भी ट्रस्ट के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों के जीवन में आशा की किरण जगाते हैं।

# प्रकाश चंद शर्मा जिला उपाध्यक्ष ने विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष महेश शर्मा का किया स्वागत

**समाज जागरण**
**संवाददाता प्रवेश कुमार**

विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ग्राम धूरेटा ,तहसील सम्भल में स्थित माँ चामुंडा के मंदिर पर अखंड रामायण के समापन पर हुए भंडारे में भाग लिया इस मोके पर महासंघ के जिला संयोजक श्री ब्रजेश कुमारप्रजापति ,,वीरेश कुमार प्रजापति, विनोद शर्मा जी, हरीराज सैनी ,हर प्रसाद सैनी भीकम कश्यप,राहुल कुमार इत्यादि ग्राम वासियों ने मिलकर फूल माला पहनाकर सभी का स्वागत किया महासंघ के सदस्यों ने पूजा अर्चना



कर प्रसाद ग्रहण कर धूरेटा ग्राम वासियों के मन्दिर निर्माण हेतु किए गए संघर्ष को याद किया तथा सदेव ग्राम वासियों के साथ खड़े होने का संकल्प लिया, इस मौके पर महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार ,उपाध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा ,सदस्य राहुल प्रताप सिंह नन्नू फूल माली, अशोक शर्मा ग्राम वासियों आदि मौजूद रहे

# मकान की छत पर चढ़कर घर गिराते समय नीचे गिरे, अस्पताल मे दम तोड़ा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट में मौहल्ला इमामबाड़ा में बुधवार दोपहर एक हादसा हो गया। यहां एक पुराने मकान का जर्जर लिंटर गिरने से मकान मालिक वसीम अहमद (42 वर्ष) की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, वसीम अहमद अपने पुराने मकान की छत पर चढ़कर जर्जर लिंटर को तोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पूरा लिंटर



भरभराकर नीचे गिर गया, जिससे वसीम मलबे में दब गए।तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें मलबे से बाहर निकाला। गंभीर रूप सेघायल वसीम को तत्काल धामपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने वसीम अहमद को मृत घोषित कर दिया। मृतक वसीम अहमद के परिवार में चार बेटियां और एक बेटा हैं।वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे।

# सहफसली खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मिलेगा उर्द व मूंग का नि:शुल्क बीज

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर। जायद ऋतु में गन्ने की फसल के साथ सहफसली खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसानों को उर्द एवं मूंग का बीज 1 पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना से जहां किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी, वहीं मिट्टी की उर्वरता में भी सुधार होगा एडीओ कृषि अमोल तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत एक कृषक को पांच बीघा गन्ना बुवाई पर अधिकतम आठ किलो उर्द या मूंग का बीज निशुल्क दिया जाएगा। वहीं एक हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना बुवाई करने वाले किसानों को 20 किलो उर्द या मूंग का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक किसान केवल उर्द या मूंग में से किसी एक ही फसल के बीज की बुकिंग कर सकेगा। एडीओ कृषि ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान 31 जनवरी से पूर्व जन सेवा केंद्र, अपने मोबाइल के माध्यम से या कृषि बीज भंडार पर पहुंचकर बीज की बुकिंग करा सकते हैं बीज का वितरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा तथा बिना पूर्व बुकिंग के किसी भी किसान को निशुल्क बीज नहीं दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से योजना का लाभ लेने की अपील की।

# योगी सरकार का 'ऑर्गेनिक मिशन': संभल में 5000 किसानों ने छोड़ा रसायन, जैविक खेती से 2 गुना हुई आमदनी

*** कलेक्ट्रेट में लग रहे 'जैविक हाट', डीएम के निर्देश पर अफसर खुद खरीद रहे किसानों के शुद्ध उत्पाद***

*** 1500 रुपये की किट और 50% तक सब्सिडी, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और विशेषज्ञों से गुर सीख रहे अन्नदाता***

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। मिट्टी की सेहत सुधारने और लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए योगी सरकार ने जैविक खेती को जन-आंदोलन बना दिया है। 'नमामि गंगे' और 'प्राकृतिक कृषि योजना' के तहत जनपद संभल के 5000 किसान केमिकल मुक्त खेती से जुड़ चुके हैं। डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 20-20 एकड़ के क्लस्टर बनाकर किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसका असर यह है कि जिले के करीब 15 से 20 प्रतिशत किसान रासायनिक खेती छोड़कर जैविक विधि को अपना चुके हैं, जिससे न केवल उनकी लागत घटी है बल्कि मुनाफे में भी भारी उछाल आया है।

**अहमदाबाद तक सीखने जा रहे किसान**

किसानों को जागरूक करने के लिए विभाग ब्लॉक से लेकर गांव स्तर तक शिविर लगा रहा है। प्रधानमंत्री की एग्रीकल्चर कमेटी के कोर मेंबर नितांत सिंह निर्वान और जैविक विशेषज्ञ गोपाल भाई सुथारिया किसानों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। हाल ही में 1500 किसानों को जिले में ट्रेनिंग दी गई, वहीं 25 प्रगतिशील किसानों को विशेष प्रशिक्षण के लिए अहमदाबाद भेजा गया।

बुलंदशहर के पद्मश्री भारत भूषण त्यागी समय-समय पर संभल के किसानों को अपनी माटी को सोना बनाने के गुर सिखा रहे हैं। साथ ही जैविक खेती करने वाले किसानों को सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है, ताकि वे अपने उत्पादों को बाजार में एक अलग पहचान और सही कीमत पर बेच सकें।

**लागत हुई कम, उत्पाद की कीमत 2 गुना बढ़ी**

किसान मोहम्मद फहीम बताते हैं कि रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन बंजर हो रही थी। अब जैविक विधि अपनाने से लागत कम हुई है। हालांकि शुरूआत में उत्पादन थोड़ा कम होता है, लेकिन बाद में यह रासायनिक खेती से आगे निकल जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जैविक उत्पाद बाजार में सामान्य उत्पादों की तुलना में 2 गुना अधिक दाम पर बिक रहे हैं। विभाग की ओर से जीवामृत बनाने के लिए मघा, बाल्टी और गुड़ जैसी सामग्री के लिए 1500 रुपये की सहायता भी दी जा रही है।

**कलेक्ट्रेट में सज रही 'जैविक हाट', बाजार मूल्य पर उत्पाद खरीद रहे अफसर**

डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने किसानों के उत्पादों को बाजार दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है। कलेक्ट्रेट परिसर में जैविक हाट तैयार किया गया है। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जरूरत का सामान (जैसे चावल, दाल आदि) इसी हाट से बाजार मूल्य पर खरीदें, ताकि किसानों का उत्साह बढ़े। इसके अलावा कृषि मेलों, गोष्ठियों और विज्ञापनों के जरिए भी कृषि विभाग इन उत्पादों की मार्केटिंग में मदद कर रहा है।

**मशीनों पर 50% तक सब्सिडी और मुफ्त बीज**

योगी सरकार किसानों को आधुनिक बनाने के लिए सब्सिडी का कवच भी दे रही है। आधुनिक कृषि यंत्रों की खरीद पर किसानों को 40 से 50 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। जैविक खेती की शुरूआत करने वाले किसानों को विभाग की ओर से निशुल्क बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

अधिकारी केवल ट्रेनिंग ही नहीं दे रहे, बल्कि हर गांव जाकर देख रहे हैं कि कितने किसान जैविक खाद बना रहे हैं और उन्हें जो भी जरूरत है, उसे सही मूल्य पर उन तक पहुंचा रहे हैं।

"केमिकल पेस्टीसाइड को बंद करना ही हमारी प्राथमिकता है। इससे किसानों की बचत बढ़ रही है और आम जनता तक शुद्ध आहार पहुंच रहा है।"

# राज्य स्तरीय लोक कला प्रतियोगिता में संभल की कलाकारों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**समाज जागरण संवाददाता**

बहजोई। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व - हमारी संस्कृति, हमारी पहचान 2025-26 के अंतर्गत भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ में राज्य स्तरीय लोक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मंडलों से चयनित कलाकारों को आमंत्रित किया गया, जहां लोक कलाओं की विविध विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं।



इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल के जनपद संभल की कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। कु. नंदिनी कुशवाहा ने एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह लोक नृत्य में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा गायन विधा में कु. शिवानी दीक्षित को भी सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ के विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा लोक कलाओं का मूल्यांकन किया गया। सभी कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए निर्णायकों ने उनकी कला, भाव-भंगिमा एवं मंच प्रस्तुति को प्रशंसनीय बताया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्कार भारती की लोक कला संयोजक (मेरठ प्रांत) ममता राजपूत ने बताया कि प्रदेश स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में संभल के कलाकारों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा और यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है।

# जंगली हथिनी आबादी में घुसी: कालागढ़ में लोगों ने मशक्कत कर जंगल की ओर खदेड़ा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर कालागढ़ हथिनी की हठधर्मिता देख लोगों ने पटाखे फोड़े। जिसके चलते कुछ देर बाद हथिनी वहां से दुर्गा पूजा भवन की ओर चली गई। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद उसे जंगल की ओर खदेड़ा जा सका।

शमसुद्दीन अंसारी, महबूब आलम, मुकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, हाजी रईस और शालू अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने आबादी के बीच हथिनी की मौजूदगी पर चिंता व्यक्त की है। इन लोगों का कहना है कि आए दिन आबादी के बीच जंगली हाथियों की आवाजाही से आमजन की सुरक्षा को खतरा पैदा हो बीच आवाजाही से आमजन की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मानव सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर कोई गश्ती दल मौजूद नहीं था।

सोमवार देर शाम कार्बेट टाइगर रिजर्व के जंगलों से निकलकर एक जंगली हथिनी इस्लाम नगर ग्राम पंचायत के पुराना कालागढ़ में आ धमकी। आबादी के बीच अचानक हथिनी के पहुंचने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हथिनी लक्कड़ घाट से होते हुए सुरक्षा बैरियर संख्या दो-छह के समीप मुख्य मार्ग पर आबादी के बीच खड़ी हो गई। उसे देखते ही भारी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और शोर मचाना शुरू कर दिया। हालांकि, हथिनी टस से मस नहीं हुई।

# वन विभाग ने शीशम की लकड़ी पकड़ी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर कासमपुर गढ़ी। वन विभाग की टीम ने जलौनी लकड़ी के साथ छिपाकर ले जाई जा रही शीशम की पांच क्विंटल लकड़ी पकड़ी है। रेंजर अंकिता किशोर ने बताया कि सोमवार की शाम मुखबिर ने सूचना दी कि कोई व्यक्ति टाटा मैजिक में शीशम की लकड़ी ले जा रहा है मौके पर पहुंच कर वनकर्मियों ने मलौनी से टाटा मैजिक में जलौनी लकड़ी के साथ छुपाकर रखी गई पांच क्विंटल शीशम की लकड़ी



पकड़ी है। साथ ही घेराबंदी कर आरोपी को भी दबोच लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनोद शुक्ला निवासी कासमपुर गढ़ी बताया है। उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। टीम में वन दरोगा रविकुमार, वाकर रजा आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता,**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**

राष्ट्रीय गीत ह्लवंदे मातरम्ह्व की 150वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर नागरिकझ्रसैनिक सहयोग को सुदृढ़ करने तथा सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा ग्राम भरतपुर में एक निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया।

यह शिविर कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में वाहिनी की ह्लसीह्व समवाय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. जयप्रकाश कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी, महिपुरवा (जनपद बहराइच) का विशेष सहयोग रहा।

शिविर के दौरान ग्राम भरतपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए



पशुपालकों के 78 पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर 21 पशुपालक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिला तथा आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की गईं।

कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की रोकथाम, समय पर टीकाकरण, स्वच्छता तथा संतुलित आहार के महत्व पर प्रेरणात्मक एवं जनजागरूकता वार्ता भी आयोजित की गई। शिविर में आवर्त ग्राम के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पशुधन संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सशस्त्र सीमा बल एवं स्थानीय नागरिकों के मध्य आपसी विश्वास, सहयोग और सौहार्द को और अधिक सशक्त बनाना रहा। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में अत्यंत संतोष एवं उत्साह देखा गया।

स्थानीय ग्रामवासियों ने इस उपयोगी एवं जनहितकारी पहल के लिए 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल तथा कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**मोहम्मदी खीरी। समाज जागरण संवाददाता, सुखविंदर सिंह।**

एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसील मोहम्मदी में तैनात कानूनगो भूपेंद्र चौधरी को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कानूनगो ने खेत की मेड़बंदी के कार्य के बदले रिश्वत की मांग की थी।

पीड़ित किसान द्वारा एंटी करप्शन टीम से शिकायत किए जाने के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेते समय कानूनगो को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को कोतवाली मोहम्मदी लाया गया, जहां समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी।

बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी तहसील मोहम्मदी के एक अन्य कर्मचारी को एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया जा



चुका है। कानूनगो की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही लेखपाल संघ के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में लेखपाल एवं अधिवक्ता कोतवाली पहुंच गए। इस कार्रवाई के बाद तहसील के कर्मचारियों में भय और हलचल का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील में आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, खसरा-खतौनी सहित अन्य राजस्व कार्यों के लिए अक्सर अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती रही हैं।

एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई को आमजन ने सराहा है और इसे भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त संदेश बताया है। यह मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई दूसरी बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसमें कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 251 मरीजों का पंजीकरण

**समाज जागरण संवाददाता,**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पण्डित में गुरुवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसमें जिला स्तरीय टीम द्वारा मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क उपचार एवं दवाओं का वितरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान खमरिया कुंती गुप्ता एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह द्वारा किया गया। शिविर में कुल 251 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 80 मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण कर दवाएं प्रदान की गईं।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी झाड़-फूंक, ओझा-हकीम जैसी भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिनसे दूर रहकर मानसिक रोगों का उपचार चिकित्सकों से कराना आवश्यक है। इसके लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से शिविर लगाकर सेवाएं प्रदान की जा



रही हैं।

शिविर में जिला पुरुष अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने मरीजों की जांच की। उन्होंने मानसिक रोगों जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरे, चक्कर आना, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, तनाव, आत्महत्या रोकथाम सहित समाज में फैली भ्रांतियों पर विस्तार से जानकारी दी तथा बिना झिझक उपचार कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह, सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित कर रोगों व उपचार की जानकारी दी गई।

साइक्रियाट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिला पुरुष अस्पताल के कमरा नंबरझ्र2 में प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी सेवा उपलब्ध है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 9120984643 एवं टेली मानस टोल फ्री नंबर 14416 (247) पर भी संपर्क किया जा सकता है।

शिविर में साइक्रियाट्रिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा दवाएं वितरित की गईं। नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ ने दो मरीजों की बुद्धिमत्ता जांच की। एनसीडी काउंसलर विकास कुमार ने काउंसलिंग की तथा स्टाफ नर्स गायत्री देवी द्वारा 46 मरीजों की ब्लड शुगर एवं बीपी जांच की गई।

शिविर में सीएचसी खमरिया पण्डित से डॉ. अमित सिंह, डॉ. सुजीत पांडेय, डॉ. सत्यक वर्मा, डॉ. इस्तियाक अंसारी, योगाचार्य योगेश गिरी, फार्मासिस्ट, काउंसलर, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर कासमपुर गढ़ी, मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक व्यापक अभियान चलाया गया। अफजलगढ़ थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोहल्ला बेगम सराय और गांव कादराबाद में महिलाओं से सीधा संवाद किया। इस अभियान में स्थानीय प्रशासन, महिला पुलिस कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों की एक संयुक्त टीम ने भाग लिया। टीम ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई अभियान के दौरान, महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला सहायता 181, चाइल्डलाइन 1098 शामिल थे। उन्हें घरेलू हिंसा की स्थिति में उपलब्ध कानूनी उपायों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। मंगलवार को थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक राजीव कुमार और महिला सब इंस्पेक्टर रीनू पंवार सहित पुलिस टीम ने महिलाओं को छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के महत्व पर जोर दिया। उन्हें यह भी बताया गया कि शासन द्वारा किस प्रकार सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं और कार्यक्रम को उपयोगी बताया। कई महिलाओं ने कहा कि इस तरह की जानकारी उन्हें आत्मविश्वास देती है और समाज में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने में सहायक है। अफजलगढ़ थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने आश्वासन दिया कि अफजलगढ़ नगर और आसपास के मोहल्लों में ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि हर महिला तक सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की समझ पहुंच सके। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजीव कुमार और महिला सब इंस्पेक्टर रीनू पंवार भी उपस्थित थे।

# 3 दिन से लापता युवक का शव नहर में पड़ा मिला

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ ।हिदायतपुर टांडा निवासी तीन दिन पूर्व घर से गायब युवक का शव पास में ही गांव के समीप नहर में पानी में पड़ा मिला।



घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। परिजनों के पोस्टमार्टम ना कराने पर शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी युवक गौरव पुत्र चेतन कुमार 25 वर्ष शनिवार की शाम को घर से निकला था। जो काफी देर तक भी घर नही पहुंचा। परिजनों ने युवक को काफी तलाश किया। जिसका मंगलवार को शव फीका दो आब नहर में पुलिया के समीप गांव टांडा में पानी में पड़ा मिला। जिसपर परिजनों में शोक छा गया।

मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मेंले लिया। वहीं मृतक के परिवार के लोगो के पोस्टमार्टम ना कराने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया।मृतक ड्राईवर था ओर वाहन चलाता था। गांव में चर्चा है कि वह नशे का भी आदि था।

# सड़क हादसे में पूर्व प्रधान के बेटे की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट में एक सड़क दुर्घटना में स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना बुधवार को हुई।मृतक छात्र की पहचान गांव शहजादपुर निवासी पूर्व प्रधान हारून के 17 वर्षीय पुत्र सद्दाम के रूप में हुई है। सद्दाम धामपुर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था।बुधवार को सद्दाम अपने सहपाठी समीर पुत्र लड्डुन (निवासी गांव कुराली) और शब्बू पुत्र अकील के साथ बाइक से स्कूल से घर लौट रहा था। गांव वाजिदपुर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क



पर गिर गई, जिससे तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को धामपुर के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। सद्दाम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजन उसे मुरादाबाद ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अन्य दोनों घायल छात्रों का एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गन्ने के खेत में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर। गांव सेढ़ी के जंगल में बुधवार शाम गन्ने के खेत में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गन्ने की छिलाई के बाद पत्तियां जलाते समय लगी आग तेज हवा के कारण तेजी से फैल गई और कई किसानों के खेत इसकी चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे ट्रैक्टरों से मेड़ तोड़कर तथा पानी और हरी पत्तियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया आग की चपेट में रूपे सिंह सहित अन्य किसानों की फसल को नुकसान हुआ। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया।

# यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

**समाज जागरण**

सम्भल। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमिताभ चतुर्वेदी सम्भल एवं योगेंद्र कुमार यादव यात्री मालकार अधिकारी द्वारा चौधरी सराय सम्भल में दो पहिया वाहनों पर मोडिफाइड



साइलेंसर एवं स्टटिंग के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाकर 38 वाहनों को चैक कर 02 वाहनों से साइलेंसर हटाकर चालान की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही 43 दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेंट का प्रयोग न करने व दो वाहनों पर ओवरलोड माल परिवहन करने के अभियोग में थाने में सीज की कार्यवाही की गई।

# बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, चोरी पकड़ी, बकायादारों के कनेक्शन काटे

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू में गुरुवार को विद्युत विभाग एवं विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गांव के दर्जनों घरों में जांच की गई, जिसमें कई स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई, वहीं लंबे समय से विद्युत बिल बकायावाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। कार्रवाई से गांव में हड़कंप की स्थिति बनी रही। विद्युत विभाग के अवर अभियंता किशोर गौतम तथा विजिलेंस टीम के प्रभारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाया गया। टीम ने गांव में घर-घर जाकर मीटरों की जांच की और अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई। दोनों टीमों ने कई घरों में बिजली चोरी भी पकड़ी अभियान के दौरान विद्युत बिल जमा न करने वाले कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए, जबकि कुछ लोगों को शीघ्र बकाया बिल जमा करने की सख्त हिदायत दी गई। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें और अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवर अभियंता किशोर गौतम ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह चेकिंग अभियान चलाया गया है। आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, ताकि बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सके और राजस्व की हानि को रोका जा सके। उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही बिजली छूट की भी जानकारी दी गई है।

# विवाहिता को मारपीट कर किया घायल, थाने पर शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**




थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट कर घर से निकलना और घर में घुसने पर हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी विवाहिता माया पुत्री दलीप ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि पीड़िता की शादी वर्ष 2020 में गांव इस्सोपुरटील निवासी संजीव पुत्र राजवीर के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद तक सब कुछ ठीक-ठाक चला रहा था, लेकिन गत 17 जनवरी को पीड़िता के पति संजीव ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की और पीड़िता को घर से बाहर निकाल दिया था। आरोप है कि घर में दोबारा घुसने पर पीड़िता के पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने पीड़िता की हत्या करने की धमकी दी थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में कोई कार्रवाई न होने पर बुधवार को पीड़िता ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग किशोरी को जबरदस्ती ले जाने का आरोप, दो नामजद

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी व्यक्ति ने गैर समुदाय के दो युवकों पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को घर में घुसकर जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी घर में रखी हजारों रुपए की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लड़की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी असगर पुत्र सराजु ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 16 जनवरी की रात्रि के समय जब पीड़ित अपने परिवार के साथ सो रहा था, तभी गांव का ही मुकेश पुत्र धम्मन अपने साथी सुमित पुत्र मोती निवासी कांधला के साथ पीड़ित के घर में घुसकर जबरदस्ती पीड़ित की नाबालिग पुत्री को अपने साथ ले गया। आरोप है कि आरोपी घर में रखी 48000 की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गए। पीड़ित का आरोप है कि पहले भी मुकेश पीड़ित की पुत्री की इच्छा के विरुद्ध शादी करना चाहता था, और अवैध संबंध बनाना चाहता था। जिसकी सूचना पीड़ित की पुत्री ने पीड़ित को दी थी। समाज में बदनामी के डर से उस समय मुकेश को समझा बुझा दिया गया था। पीड़ित ने मुकेश और उसके साथी सुमित के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही नाबालिग किशोरी बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा, और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# श्रीराम मंदिर में श्रीराम कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

**समाज जागरण**



शामली। शहर के मोहल्ला दयानंदनगर स्थित श्रीराम शिव मंदिर में श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया। कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न स्थानों को होते हुए संपन्न हुई। कलश यात्रा का अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया। गुरुवार को दोपहर दो बजे श्रीराम शिव मंदिर में कथा का शुभारंभ करते हुए संत किरणचंद्र महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का महत्व बताया। उन्होंने भगवान श्रीराम के बाल्य काल, उनके माता-पिता का चरित्र और अयोध्या में उनके समय के धार्मिक एवं सामाजिक मूल्य पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन आज भी हमें सत्य, धर्म, भक्ति और कर्तव्यपरायणता का संदेश देता है। श्रद्धालुओं ने कथा के दौरान पूरी निष्ठा से कीर्तन, भजन और आरती में भाग लिया। संत किरणचंद्र ने रामायण के मुख्य प्रसंग जैसे श्रीराम का वनवास, माता सीता के चरित्र, लक्ष्मण और हनुमान जी की भक्ति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्रीराम का आदर्श आज के युग में भी प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का मार्गदर्शन कर सकता है। कथा स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने प्रवचन से प्राप्त ज्ञान व अनुभव को अपने जीवन में उतारने की शपथ ली। कथा 22 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगी। कथा के मुख्य यजमान सभासद सेठपाल सिंह रहे। मौके पर महेश धीमान, अमित, भानू बंसल, कमल आदि मौजूद रहे।

# एलम इंटर कॉलेज में पांच किशोरी क्लबों की स्थापना

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को एलम इंटर कॉलेज में 5 किशोरी क्लबों की स्थापना की गई। किशोरी क्लबों का उद्देश्य बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय रहें। विद्यालय में 10-10 छात्राओं के कुल पांच क्लब गठित किए गए। इस अवसर पर क्लब संचालन हेतु कैरम बोर्ड, लूडो, शतरंज, हॉकी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह ने की। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सदफ खान ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और शिक्षा के साथ खेलों में सहभागिता उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

जेंडर स्पेश लिस्ट कुलदीप शर्मा ने बताया गया कि इसी अभियान के तहत 24 जनवरी, 2026 को कन्या वैदिक इंटर कॉलेज, कुडाना में किशोरी क्लबों की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी स्मृति में गोष्ठियों का आयोजन किया। कार्यक्रम समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष विद्या प्रकाश शर्मा के कादरगढ़ स्थित कार्यालय पर आयोजित हुआ। सपा नेता प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्रा न केवल समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताओं में रहे, बल्कि उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाली एक पूरी पीढ़ी तैयार की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जनेश्वर मिश्रा की प्रेरणा और पहल पर ही सक्रिय राजनीति में आए। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि जहां कहीं भी जुल्म और अन्याय होता था, वहां जनेश्वर मिश्रा विरोध



के लिए सबसे पहले पहुंचते थे। कार्यक्रम में मास्टर जनेश्वर प्रसाद शर्मा, राहुल पुंडीर, आनंद प्रकाश शर्मा, कर्णपाल शर्मा, दीपक शर्मा, पंटू शर्मा, मुल्कीराज शर्मा, हरीश शर्मा, अशोक शर्मा, राकेश शर्मा, अनित शर्मा, श्रीओम शर्मा, अजय धीमान, सुशील धीमान, राजबीर कश्यप, कपिल कश्यप, मनोहर सिंह, महक सिंह, मकसूद राणा, अभिषेक शर्मा, शमशाद, ठाकुर शांतनु, इमरान मलिक, भूपेंद्र सैनी, चौधरी योगराज सिंह, तासीन मंसूरी सहित आदि मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, दर्जनों लोग घायल, निस्तारण की उठाई मांग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के काटने से महिला, पुरुष व बच्चे घायल हो रहे हैं और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायलों को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई जा रही है तथा आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों के झुंड गलियों में टोली बनाकर घूमते रहते हैं और मौका मिलते ही राहगीरों, महिलाओं व बच्चों पर झपट पड़ते हैं। सैकड़ों लोग अब तक आवारा कुत्तों के काटने से घायल होकर अस्पताल में उपचार करा चुके हैं। बीते दिनों आवारा कुत्तों के काटने से मौत भी हो चुकी है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।नगर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है कि आवारा कुत्तों व बंदरों को पकड़वाने की ठोस कार्रवाई की जाए, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।गुरुवार को नगर के सरकारी अस्पताल में कस्बा निवासी किशोरी समरीन, समर, अलीशा, समीर, रामकौर निवासी मयंक, नानूपुरी निवासी लव, घसोली निवासी राजेंद्र, सल्फा निवासी अक्षित, आल्दी निवासी अनमोल, जिडाना निवासी महिला आरती, खंद्रावली निवासी अदनान, गढी दौलत निवासी अली सहित कई लोगों ने एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई।चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आवारा कुत्ते, बिल्ली व बंदर के काटने से पीड़ित लोगों का समय पर उपचार किया जा रहा है तथा सभी को आवारा जानवरों से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# पूर्व प्रधान के प्रयास से सड़क निर्माण कार्य चालू, राजनीतिक सरगर्मी तेज

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू में पूर्व ग्राम प्रधान संजीव चौधरी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू कराए जाने से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। यह कार्य मोहल्ला टोलियान मस्जिद के पास किया जा रहा है। पंचायत चुनाव से ठीक पहले इस पहल ने गांव के राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। जानकारी के अनुसार, उक्त मोहल्ले की सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण इरफान ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार वर्तमान ग्राम प्रधान का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने अपने स्तर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया। पूर्व प्रधान द्वारा सड़क निर्माण शुरू किए जाने से ग्रामीणों में संतोष और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय बाद मोहल्ले की समस्या का समाधान होता दिख रहा है। इस घटनाक्रम के बाद गांव गंगेरू में पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो गई हैं। समर्थकों के बीच आगामी चुनाव में समर्थन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सड़क निर्माण को लेकर उठी यह पहल गांव की राजनीति में नई हलचल का कारण बन गई है। इस दौरान मौके पर इरफान, सद्दाम, गुल्लू, सैफ अली, साजिद, इमरान, छोटा इरफान और कुरबान सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद उन्होंने अपने स्तर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया है, ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जनता उन्हें दोबारा मौका देती है, तो वह गांव को विकास की ओर ले जाएंगे और क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे।

# पानी की किल्लत, महिलाओं ने नगर पालिका के खिलाफ किया प्रदर्शन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के मोहल्ला गुड़वाहन में पानी की भीषण किल्लत से परेशान महिलाओं व पुरुषों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पालिका प्रशासन पर गंभीर अनदेखी का आरोप लगाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।प्रदर्शन के दौरान महिला आनो ने बताया कि मोहल्ले में लगा समरसेबल पिछले करीब डेढ़ वर्ष से खराब पड़ा हुआ है, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गली में लगा सरकारी हैंडपंप भी पीने योग्य पानी नहीं दे रहा है, जिससे हालात और अधिक खराब हो गए हैं।महिला शमशिरा ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में सफाईकर्मी भी नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।बताया कि फरवरी माह में रमजान का पवित्र महीना शुरू होने वाला है, जिसमें पानी की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने मांग की कि रमजान से पहले ही खराब पड़े समरसेबल को ठीक कराया जाए, ताकि मोहल्लेवासियों को राहत मिल सके।प्रदर्शन के दौरान आनो, शमशिरा, शाहिद, शाहजहां, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद आसिफ सहित कई महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।नगर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने बताया कि मोहल्ला गुड़वाहन में लगे सबमर्सिबल का बोरिंग फेल हो चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नया बोरिंग कराकर सबमर्सिबल लगाया जाएगा, जिससे पानी की समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

# वित्तविहीन विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों एवं प्रबंधकों ने सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में गिरते शिक्षा स्तर को लेकर वित्तविहीन विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों एवं प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन डीएम शामली के माध्यम से भेजा है। ज्ञापन में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा विद्यालयों को राहत देने हेतु कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी सीमित संसाधनों में शिक्षा का दायित्व निभा रहे हैं, लेकिन उनके लिए अब तक कोई ठोस सेवा नियमावली या नियमित मानदेय की व्यवस्था नहीं है। सरकार से मांग की गई है कि इनके लिए मासिक मानदेय, शिक्षक सम्मान निधि अथवा वेतन की व्यवस्था की जाए, जिससे उनका जीविकोपार्जन सुनिश्चित हो सके। बताया गया कि यूपी बोर्ड में पढ़ने वाले लगभग 95 प्रतिशत छात्र गरीब परिवारों से आते हैं। मान्यता की शर्तों में अत्यधिक वृद्धि के कारण विद्यालयों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है, जिसका सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। इससे शिक्षा महंगी होती जा रही है और गरीब बच्चों के शिक्षा से वंचित होने का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में मान्यता नियमों को पूर्व की भांति सरल करने की मांग की गई है।शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में दी जा रही मात्र 450 रुपये मासिक शुल्क प्रतिपूर्ति को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर कम से कम 2000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग की गई है। इसके साथ ही स्कूल बसों की अवधि एनसीआर में 10 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करने तथा स्कूल बसों को टोल टैक्स से मुक्त रखने की भी मांग रखी गई है। ज्ञापन में विद्यालयों को गृह कर एवं जल कर से मुक्त रखने तथा बिजली कनेक्शन को वाणिज्यिक श्रेणी से घरेलू श्रेणी में परिवर्तित करने की भी मांग की गई है। शिक्षा सत्र में पढ़ाई के दिनों की कमी पर चिंता जताते हुए बताया गया कि सार्वजनिक अवकाश, ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश, रविवार, कांवड़ यात्रा, अतिवृष्टि, बोर्ड व गृह परीक्षाएं, सत्र परीक्षाएं, स्काउट रैली, क्रीड़ा प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न विभागीय गतिविधियों के कारण वास्तविक पढ़ाई केवल लगभग 100 दिन ही हो पाती है। ऐसे में गैर-शैक्षणिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाकर शिक्षण दिवस बढ़ाने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र राणा, रामपाल सिंह जांगडा आदि मौजूद रहे।

# बिना सूचना और बिना नोटिस दिए मकान ध्वस्त किए जाने का आरोप

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग )गुरूवार को कस्बा बनत के मोहल्ला रैदासपुरी में बिना पूर्व सूचना और नोटिस के मकान ध्वस्त किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवारों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों का कहना है कि मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से वे बेघर हो गए हैं और उनके सामने गंभीर आवासीय संकट खड़ा हो गया है। शिकायत में बताया गया कि पीड़ितों ने आमिर, आशिफ, करण, राकेश सहित अन्य भूमि स्वामियों एवं डीलरों से रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से भूमि क्रय की थी। बैनामे की पूरी प्रक्रिया उप-निबंधक कार्यालय शामली में नियमानुसार पूरी की गई और स्टांप शुल्क आदि का भुगतान भी किया गया। भूमि खरीदने के बाद पीड़ितों ने उस पर अपने मकान बनाकर परिवार सहित निवास शुरू कर दिया था। आरोप है कि एमडीए विभाग द्वारा बिना किसी प्रकार का नोटिस, सूचना अथवा समन जारी किए अचानक मकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

इस कार्रवाई से पीड़ित परिवारों के सिर से छत छिन गई और छोटे-छोटे बच्चों सहित उन्हें सड़क पर रहने को मजबूर होना पड़ा। पीड़ितों ने बताया कि वे सभी गरीब परिवार से हैं और उन्होंने उधार व लोन लेकर जमीन खरीदी तथा मकान निर्माण कराया था। अचानक हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई कर पाना उनके लिए असंभव है। पीड़ित पंकज कुमार, राजकुमार सहित अन्य निवासियों ने डीएम से मांग की है कि पूरे प्रकरण का संज्ञान लेकर एमडीए द्वारा बिना नोटिस की गई कार्रवाई की जांच कराई जाए तथा उन्हें उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाए, ताकि वे दोबारा अपना जीवन सामान्य रूप से शुरू कर सकें।

# वीवीपीजी कालेज में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**




शामली। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में मां शाकुंभरी विश्व विद्यालय सहारनपुर इकाई द्वारा शहर के वीवीपीजी कॉलेज, शामली में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक डॉ. सुधीर कुमार, सह-संयोजक डॉ. भूपेंद्र कुमार एवं डॉ. निर्भय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य उद्बोधन में डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कर्तव्य बोध केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक शिक्षक और नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षक समाज को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। यदि शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार और सजग रहेगा, तो समाज स्वतः ही सशक्त और संस्कारवान बनेगा। सह-संयोजक डॉ. भूपेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शिक्षक समाज, शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध नागरिकों में कर्तव्य, राष्ट्रबोध, नैतिक मूल्यों, शैक्षिक तथा सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता को और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य बोध दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका को पुनः स्मरण कराने का सशक्त माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। डॉ. निर्भय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों को अनेक नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सकारात्मक सोच ही शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बना सकती है। शिक्षक यदि स्वयं आदर्श बनेगा, तभी छात्र उससे प्रेरणा ग्रहण कर पाएंगे।

# उचित दर विक्रेता की दुकान को गांव में बनाए जाने की मांग

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

ऊन क्षेत्र के ग्राम बिडौली सादात के ग्रामीणों ने उचित दर विक्रेता की दुकान को गांव में ही बनाए जाने की मांग को लेकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में वर्षों से संचालित उचित दर विक्रेता की दुकान को दूसरे मजरे में बनाए जाने की तैयारी से कार्ड धारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम बिडौली सादात में लंबे समय से उचित दर विक्रेता की दुकान महताब के नाम से आवंटित है। आरोप है कि ग्राम प्रधान उक्त दुकान को मजरा झिमरान बिडौली में बनवाना चाहते हैं, जबकि जनसंख्या के लिहाज से ग्राम बिडौली सादात अधिक बड़ा है और अधिकांश राशन कार्ड धारक वहीं निवास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दुकान मजरा बिडौली में बनाई जाती है तो दूर-दराज रहने वाले कार्ड धारकों, बुजुर्गों, महिलाओं और गरीब परिवारों को राशन लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जनहित को देखते हुए उचित दर दुकान का निर्माण ग्राम बिडौली सादात में ही कराया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर समीर, अखलाक, समर राजा, नवाब, रहीस, अययूब, नूरहसन, नफीस, जहीर आदि मौजूद रहे।

# हिंदू इंटर कॉलेज प्रकरण गहराया, ऑफिस की सील व ताला तोड़ने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज में चल रहा प्रशासनिक विवाद अब और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है। प्रबंध समिति ने निलंबित किए गए कार्यवाहक प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह पर अनुशासनहीनता व अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए प्रधानाचार्य कक्ष की सील व ताला तोड़कर महत्वपूर्ण दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है।गुरुवार को हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक आकाश कुमार सिंघल ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को तहरीर देकर बताया कि गत 11 जनवरी को हुई प्रबंध समिति की बैठक में उदयवीर सिंह पर लगे गंभीर आरोपों के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इसके बावजूद निलंबित प्रधानाचार्य द्वारा कॉलेज के रिकॉर्ड में कथित तौर पर छेड़छाड़ करने और प्रबंध समिति के विकास कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा था।स्थिति को देखते हुए प्रबंध समिति ने 21 जनवरी को सुरक्षा की दृष्टि से प्रधानाचार्य कक्ष को सील कर दिया था। आरोप है कि निलंबित प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर सील तोड़ दी और ताला खोलकर कक्ष में प्रवेश किया, जहां कॉलेज के महत्वपूर्ण रिकॉड्र्स को खुर्द-बुर्द कर क्षति पहुंचाई गई।प्रबंध समिति ने इस मामले में पुलिस के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारियों से भी हस्तक्षेप की मांग की है। प्रबंधक आकाश कुमार सिंघल ने यह भी बताया कि इससे पूर्व प्रबंधक कार्यालय का ताला काटकर वहां रखा सामान और जरूरी दस्तावेज भी गायब कर दिए गए थे।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, निलंबित प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके कार्यालय पर रात में ताला लगा दिया गया था, जबकि गुरुवार को विद्यार्थियों की परीक्षा होनी थी। छात्रों के हित में ताला खोलकर परीक्षा कराई गई है।

# उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक का चुनाव परिणाम घोषित, कंवरपाल सिंह आर्य निर्विरोध निर्वाचित

**समाज जागरण बागपत।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के चुनाव परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए, जिसमें खेड़ा क्षेत्र के कंवरपाल सिंह आर्य को निर्विरोध प्रतिनिधि चुना गया। कंवरपाल सिंह आर्य लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश सहकारी समिति के निर्विरोध प्रतिनिधि बने हैं, जिससे उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार ने कंवरपाल सिंह आर्य को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपते हुए उन्हें आधिकारिक रूप से प्रतिनिधि घोषित किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश



सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही कंवरपाल सिंह आर्य को बधाई देने वालों का तांता लग गया। बड़ी संख्या में समर्थक और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौके पर उपस्थित रहे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने इसे कंवरपाल सिंह आर्य के जनसमर्थन और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ का प्रमाण बताया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सूरजपाल गुर्जर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र धामा, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, जिला मंत्री एडवोकेट रणवीर चौधरी खट्टा, योगेश गुर्जर अहेड़ा, बवीरपाल प्रधान, अतेंद्र तंवर, वेदपाल सिंह, सचिन आर्य तथा जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्री उपेंद्र मुनि जी महाराज का धूमधाम से मनाया गया संयम दिवस

**समाज जागरण बागपत।** गुरुदेव श्री उपेंद्र मुनि जी महाराज का 43 वा संयम दिवस बामनोली ग्राम के नवीन निमार्णाधीन स्थानक के सभागार में श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से मनाया। सभा का संचालन मंत्री सुखमाल जैन ने किया। इस अवसर पर इंद्राणी जैन द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया।परम पूज्य श्री उपेंद्र मुनि जी महाराज ने बामनोली स्थानक कमेटी को अपना भरपूर आशीर्वाद दिया और स्थानक के निर्माण कार्य की सराहना की।समाज द्वारा मुनि श्री के संयम उत्सव पर उन्हें



चादर भेंट की गई। सभा में डी के जैन, घसीटूमल जैन, वरदान जैन, सुखमाल जैन, अशोक जैन, सवीन जैन, संजय जैन, संदीप जैन, जिनेंद्र जैन, सुनील जैन, सचिन जैन, प्रिंस जैन आदि उपस्थित थे।

# ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल घिटोरा में गणित विषय पर हुई प्रतियोगिता

**समाज जागरण बागपत।**

ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल घिटोरा के प्रांगण में गणित विषय की प्रतियोगिता का आयोजन बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, राजेश पायलेट पब्लिक स्कूल व एस डी आर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आचार्य आनन्द बैसला एवं ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक रामकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार




सिंघल, आचार्य आनन्द बैसला, राजेश पायलेट पब्लिक स्कूल की अध्यापिका आरती बैसला, सोनम बैसला, एस डी आर पब्लिक स्कूल से संदीप कुमार, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल से सतेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, धर्मेन्द्र, मनवीर, नवीन, हर्ष, रिंकू सर, प्रवीन, रिंकी, विभा, निधि, अंजली, काजल, पायल, सारिका, मौसम, हर्षिता, शैली, राखी, प्रिया, आँचल, आसू बैसला, तानिया बैसला आदि उपस्थित रहे।

# बागपत की बेटी खुशबू सोलंकी ने देश-दुनिया में किया बागपत का नाम रोशन

**समाज जागरण बागपत।**

विभिन्न सोशल मीड़िया प्लेटफार्मो पर अपनी सुरीली व मधुर आवाज से देश-दुनिया में धमाल मचाने वाली बागपत की बेटी सुप्रसिद्ध भजन गायिका, लेखिका व इंफ्लुएंसर खुशबू सोलंकी के यू-टयूब चैनल सुन लो भजन के 1 लाख सब्स क्राइबर्स पूरे होने पर यू-टयूब द्वारा उनको रिवार्ड प्ले बटन्स के अन्तर्गत सिल्वर प्ले बटन प्रदान कर सम्मानित किया गया। जैसे ही यह समाचार जनपदवासियों को पता चला खुशबू सोलंकी के बागपत, खिंदौड़ा व नोएड़ा स्थित आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोगों ने खुशबू सोलंकी का मुहं मीठा कराकर व उपहार भेंट कर उनको सम्मानित किया। खुशबू सोलंकी ने बताया कि उनको भजन गाने की प्रेरणा उनकी दादी नेत्रवती देवी से मिली। बताया कि उनको बचपन से ही भजन गाने का शौक है, जिसमें उनके ससुराल



पक्ष, मायके पक्ष व उनके पति धर्मेन्द्र सिंह का भरपूर सहयोग मिलता है। बताया कि वह बागपत नगर के निवासी सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री रामस्वरूप सिंह व नेत्रवती देवी की पोती व गजेन्द्र सिंह व अनिता देवी की बेटी है। उन्होने एमए व बीएड़ की पढ़ाई की है। उनकी शादी जनपद बागपत के खिंदौड़ा गांव में हुई है। वर्तमान में वह नोएड़ा में रहती है। नोएड़ा में उन्होने वर्ष 2022 - 23 के दौरान यू-टयूब पर सुन लो भजन नाम से एक चैनल बनाया था। जिस पर अब तक वे हजारों भजन अपलोड़ कर चुकी है। इस अवसर पर खुशबू सोलंकी के चाचा लवेन्द्र माधव गोपाल जी, भाई राहुल तोमर, रवि तोमर, बहन तनुराधा तोमर आदि ने खुशबू सोलंकी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

# विरासत शस्त्र लाइसेंस में बड़ी राहत डीएम की पहल से स्वीकृत

**समाज जागरण बागपत।** डीएम अस्मिता लाल की पहल से जनपद में आयोजित विशेष विरासत शस्त्र लाइसेंस कैम्प में 34 आवेदनों का मौके पर ही हस्तांतरण और स्वीकृति दी गई। इस कैम्प का उद्देश्य शस्त्र लाइसेंस प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना था। डीएम ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों को सुविधा प्रदान करना और अवैध शस्त्रों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना है। कैम्प में आवेदकों के दस्तावेजों की मौके पर जांच की गई और नियमों के अनुरूप पूर्ण प्रकरणों को तत्काल स्वीकृत किया गया। 38 आवेदन अपूर्ण होने के कारण अभी प्रक्रियाधीन हैं। आवेदकों ने इस पहल की खुलकर



सराहना की और इसे जीवनभर यादगार बताया। अधिकारियों और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी वैध शस्त्र कानूनी रूप से पात्र लोगों के पास सुरक्षित रूप से हस्तांतरित हों। भविष्य में भी ऐसे विशेष कैम्प समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

# ब्लैकआउट मॉक ड्रिल से आपदा प्रबंधन क्षमता परखी जाएगी आज

## सायरन चेतावनी विद्युत उपकरण बंद कर नागरिकों को सुरक्षित जगह ले जाने निर्देशित

**समाज जागरण बागपत।**

जनपद में आपदा प्रबंधन और समन्वय की स्थिति परखने के लिए शुक्रवार को शाम 6 बजे ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास विकास भवन परिसर में होगा और सिमुलेटेड हवाई हमले की स्थिति का प्रदर्शन करेगा। ड्रिल महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित की जा रही है। मॉक ड्रिल में सायरन के माध्यम से नागरिकों को तत्काल सभी विद्युत स्रोत बंद करने, घर या सड़क पर सुरक्षित स्थान पर जाने और अनुशासित व्यवहार करने के निर्देश दिए जाएंगे। प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन, स्वयंसेवक और युवा संगठन जैसे एनसीसी, स्काउट एंड गाइड सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों, प्रशासनिक तंत्र और सुरक्षा बलों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। ड्रिल के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, आग नियंत्रण, ध्वस्त भवनों से बचाव और एम्बुलेंस सेवाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है और मॉक ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक कर सुधारात्मक कदम तय किए जाएंगे। इस पहल से न केवल युवाओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि जनपद में वास्तविक आपात स्थितियों में तेजी और सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता भी मजबूत होगी।

# छोटे लोहिया की पुण्यतिथि पर समाजवादियों ने किया भावपूर्ण स्मरण कार्यक्रम

### रालोद छोड़कर बड़ी संख्या में लोगों ने ली समाजवादी पार्टी सदस्यता

**समाज जागरण**

बागपत। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में प्रख्यात समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा महबूब मलिक ने किया।



कार्यक्रम के आरंभ में पार्टी पदाधिकारियों और कार्य कर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि छोटे लोहिया का संपूर्ण जीवन समाजवादी विचारधारा को समर्पित रहा। वे सामाजिक न्याय, समानता और शोषित वर्गों की आवाज बनकर आजीवन संघर्ष करते रहे और समाजवादी आंदोलन के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। वहीं सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने कहा कि छोटे लोहिया सच्चे अर्थों में समाजवादी आंदोलन की अमूल्य धरोहर थे, जिन्होंने गांव, गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। कार्यक्रम में महिपाल सिंह पूर्व चेयरमैन सहकारी समिति बनौली के नेतृत्व में नवाब सिंह, सतवीर सिंह, अमित कुमार, नकुल सिंह, अजय चिरचिटा, प्रवीण चिरचिटा, नरेश प्रधान कैडवा, महिपाल ठेकेदार गावड़ी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इसके अलावा कस्बा रटौल निवासी सुहैल नंबरदार, सुहैब, जीशान सरपंच, इबरार और हशिश समेत कई लोगों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों में विश्वास जताया। इस दौरान सभी नए सदस्यों का स्वागत जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव और प्रदेश सचिव संजीव त्यागी द्वारा माला और समाजवादी पटका पहना कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदा धिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में जागरूकता और प्रवर्तन कार्रवाई

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान और वाहन सीज हेल्मेट सीट बेल्ट रिफलेक्टिव टेप पालन के लिए प्रेरित किया गया

**समाज जागरण बागपत।** जिला परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा माह (01 जनवरी 2026 से 31 जन वरी 2026) के अंतर्गत गुरुवार को विशेष जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार और यात्री मालकर अधिकारी संदीप जयसवाल द्वारा कार्यालय में आने वाले सभी आवेदनकताओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों तथा वाहन संबंधित फिटनेस व पंजीयन नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में व्यवसायिक और निजी वाहनों पर रिफलेक्टिव टेप लगाने, सीट बेल्ट और हेल्मेट पहनने के महत्व को समझाया गया। इसके अतिरिक्त रोंग



साइड वाहन न चलाने के निर्देश दिए गए और सड़क सुरक्षा माह की शपथ भी दिलाई गई। गुरुवार को प्रवर्तन कार्रवाई में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 100 से अधिक व्यक्तियों पर चालान किया गया। वहीं ओवरलोड वाहनों में 15 वाहनों को सीज किया गया। अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई से लगभग 12.86 लाख रुपये की प्रशमन शुल्क प्राप्त किए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जिले में लगातार जारी रहेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों और नागरिकों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं और नुकसान को रोका जा सके। यह पहल जनपद में सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# त्रिलोक तीर्थ वृद्ध आश्रम में रेड क्रॉस सोसायटी ने गरीबों को बांटे कंबल

**समाज जागरण बागपत।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला बागपत द्वारा त्रिलोक तीर्थ बड़ा गांव खेकड़ा स्थित वृद्ध आश्रम में जनसेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को कम्बल, ऑक्सीमीटर एवं मास्क वितरित किए गए तथा सभी को भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम



का उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं सम्मानजनक जीवन के प्रति सामाजिक संवेदनशीलता को दर्शाना रहा। रेड क्रॉस पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के लिए ऐसे सेवा कार्य आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में सभापति पंकज गुप्ता, पूर्व सभापति दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष डॉ मयंक गोयल, अमन गोयल, कौशल त्यागी जिला महामंत्री भाजपा, त्रिलोक जैन प्रबंधक त्रिलोक तीर्थ एवं प्रदीप त्यागी कोऑर्डिनेटर त्रिलोक तीर्थ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में हुआ नव प्रवर्तन जन जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।**

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में नव प्रवर्तन जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों को चिन्हित करना है। प्रायः नव प्रवर्तक ऐसे वर्ग से आते हैं, जिनका शैक्षिक स्तर बहुत ही अच्छा नहीं होता। अधिकांश से नव प्रवर्तक अभाव और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए तथा अपने काम को किसी सरल तरीके से करने के लिए कोई नवीनतम आविष्कार को जन्म देते हैं और यह आविष्कार ही नवप्रवर्तन कहलाता है ।अधिकतर नव प्रवर्तक किसान, मैकेनिक, मजदूर व शिल्पकार इत्यादि होते हैं। इसी के क्रम में आज नव प्रवर्तन जन जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 67 नवप्रवर्तकों ने प्रतिभाग किया। इन नव प्रवर्तकों में कुछ विद्यालय के छात्र-



छात्राएं भी सम्मिलित रहे। नव प्रवर्तकों द्वारा विभिन्न विभिन्न प्रकार की मशीन, विभिन्न प्रकार के यंत्र प्रदर्शित किए गए ,जिनसे की अपने जीवन को आसान कैसे बनाया जा सके। नवप्रवर्तन जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ओ पी एन उपाध्याय, लक्ष्य पब्लिक स्कूल, बागपत द्वारा मुख्य अतिथि की भूमिका में रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रशांत कुमार गुप्ता एसीआईसी फाउंडेशन नीति आयोग, डॉक्टर सुरेश कुमार शर्मा वरिष्ठ प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग एम एम डिग्री कॉलेज खेकड़ा, विनोद कुमार वरिष्ठ भौतिक विज्ञान अध्यापक व पूर्व प्रधानाचार्य श्री यमुना इंटर कॉलेज बागपत, श्री नरेश कुमार शिक्षाविद व पूर्व प्रधानाचार्य श्री महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बड़ौत बागपत भूमिका में रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका में विनोद कुमार भारद्वाज उप प्रधानाचार्य लक्ष्य पब्लिक स्कूल बागपत, सोनू चौहान प्रबंधक कीर्ति पब्लिक स्कूल लूब बागपत रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन द्वारा की गई। सभी माननीय अतिथियों व मुख्य अतिथि द्वारा प्रदर्शनी अवलोकन किया गया तथा छात्र व छात्राओं से और अन्य आए हुए नव प्रवर्तकों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली गई ।जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा कार्यक्रम की समस्त जानकारी सभी को दी गई कि यह कार्यक्रम क्यों कराया जाता है तथा इस कार्यक्रम का क्या उद्देश्य है। पुरस्कार पाने वाले नव प्रवर्तकों में प्रथम पुरस्कार आशीष तंवर पुत्र घनश्याम को प्रथम पुरस्कार जिसमें नकद पुरस्कार में 8 हजार रुपये तथा प्रतीक चिन्ह व सर्टिफिकेट दिया गया। उनका मॉडल पानी की टंकी को बिना बिजली व बिना बैटरी के ओवरफ्लो से कैसे रोका जाए। द्वितीय पुरस्कार ओमप्रकाश पुत्र बृजपाल सिंह जिसे 5 हजार रुपये प्रतीक चिन्ह व सर्टिफिकेट दिया गया, उनका मॉडल पावर जंक्शन इंजन, तृतीय पुरस्कार शादाब अली पुत्र तनसीर अली, जिसमें 3 हजार रुपये, प्रतीक चिन्ह व सर्टिफिकेट दिया गया। उनका मॉडल रेनवाटर हार्वेस्टिंग को जीरो लागत पर कैसे बनाया जाए। उसके अलावा अन्य पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

कार्यक्रम में छवि श्रीवास्तव द्वारा मंच संचालन किया तथा कार्यक्रम में हुकम सिंह, वंदना शर्मा, इंदु, पूनम रानी, कविता, मंजू ,सुरक्षा, आशु रानी, सिमरन, कोमल, राखी शर्मा, अंकुर शर्मा, अमित कुमार, रोहित, बाबूराम आदि सभी ने प्रतिभाग किया।

# हुआ है शाह का मुसाहिब...... फिरे है इतराता....

### डीएम के स्टेनो पर दलित कर्मचारी के परिवार पर उत्पीड़न का आरोप न्याय के लिए सांसद की शरण में पहुंचा सफाई कर्मचारी का परिवार

**समाज जागरण बागपत।** मिर्जा गालिब का एक शेर है कि बना है कि "हुआ है शाह का मुसाहिब फिरे है इतराता... ये तंज भरा शेर वक्त के शायर ने बादशाह के चापलूस पर कसा था। ये अलग बात है मगर फि लहाल जनपद की स्थिति बड़ी दयनीय है। विकास कार्यों की रैंकिंग में हम 72वे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बात को भी पीछे छोड़ देते हैं। बुधवार को समीक्षा करने आए डिप्टी सीएम हमारे खराब कार्यों पर फटकार लगाते हुए नजर आते हैं। इसे भी नजरअंदाज कर दीजिए और डीएम के स्टेनो पर आ जाईए। जिला पंचायत राज विभाग में तैनात सफाई कर्मचारी अरविंद कुमार की पत्नी ने डीएम के स्टेनो बाबू पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए सांसद डॉ राजकुमार सांगवान से लिखित रूप में शिकायत की है। दलित परिवार ने डीएम के स्टेनो पर मानसिक उत्पीड़न, जान से मारने की धमकी, गली गलौज, जाति सूचक शब्द, सरकारी आवास का दुरुपयोग व स्टेनो बाबू का स्थानांतरण होने के बावजूद जिले में रहने का आरोप लगाया है। मगर वो तो शाह के मुसाहिब है ? पीड़ित की पत्नी मीनाक्षी ने स्टेनो बाबू पर गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का आरोप लगाया गया है कि कैंप कार्यालय में तैनात स्टेनो द्वारा सब-कर्मी अरविन्द कुमार के साथ लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। आरोप है कि स्टेनो द्वारा खुलेआम जातिसूचक शब्द कहे जाते हैं और मानसिक रूप से अपमानित किया जाता है, जिससे पीड़ित कर्मचारी बुरी तरह तनाव में आ गया है। नौकरी से निकलवाने और मानसिक दबाव की धमकी मिनाक्षी ने पत्र में बताया कि विरोध करने पर उनके पति को नौकरी से निकलवा देने की धमकी दी जाती है। लगातार दबाव और डर के माहौल में रखकर उन्हें मानसिक रूप से तोड़ा जा रहा है, जिससे उनका उपचार तक कराना पड़ रहा है।

**पहले भी हुई शिकायत, जाँच पर खड़े हुए सवाल**

बीते 20 नवम्बर 2025 को इस संबंध में सांसद को पहले भी प्रार्थना-पत्र दिया गया था। मामला डीएम तक पहुँचा और जाँच अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को सौंपी गई। 12 दिसम्बर को बयान लिए गए, लेकिन 19 दिसम्बर को अपर जिलाधिकारी के आवास पर बुलाकर मामले को शांत करने की सलाह देना, पीड़ित के दिए पत्र के अनुसार, ये अप्रत्यक्ष धमकी जैसा था।

**स्थानांतरण के बाद भी आरोपी कार्यालय में तैनात**

पत्र में कहा गया है कि संबंधित स्टेनो का अन्य जनपद में स्थानांतरण हो चुका है, इसके बावजूद उन्हें कैंप कार्यालय से कार्यमुक्त नहीं किया गया। जबकि पीड़ित कर्मचारी को ड्यूटी से हटा दिया गया है। इसे नियमों के विरुद्ध और जाँच को प्रभावित करने वाला कदम बताया गया है।

**सरकारी आवास के दुरुपयोग का भी आरोप**

प्रार्थना-पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि स्टेनो, जो कनिष्ठ लिपिक पद पर हैं, टाइप-3 सरकारी आवास में रह रहे हैं, जबकि वह आवास किसी अन्य अधिकारी के नाम आवंटित है। इसे अनधिकृत कब्जा बताया गया है।

**जान-माल की धमकी से दहशत में परिवार**

मिनाक्षी ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने, बच्चों को नुकसान पहुँचाने और नौकरी खत्म कराने की धमकियाँ दी जा रही हैं। परिवार भय के साए में जीवन जीने को मजबूर है।

**आत्महत्या की आशंका जताते हुए गंभीर चेतावनी**

पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि उत्पीड़न से परेशान होकर अरविन्द कुमार कोई आत्मघाती कदम उठाते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित स्टेनो की होगी। हा मुझे शिकायती पत्र अपने घर पर प्राप्त हुआ है। मामला बेहद गंभीर है। मैंने डीएम को इस मामले को गंभीरता से जांच कराने के लिए लिखा है। जांच में मिले दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।- डॉ राजकुमार सांगवान सांसद बागपत।

# ट्रक ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत, जिला अस्पताल में हंगामा

**समाज जागरण**

बागपत। उकलिना मेरठ निवासी ट्रक ड्राइवर की गुरुवार की सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन मृतक के शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, तो वहां निजी नर्सिंग होम संचालक के गुर्गों ने मृतक के परिजनों के साथ मारपीट की। जिससे जिला अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। अभी तक घटना की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। मेरठ जनपद के उकलिना गांव का रहने वाला 32 वर्षीय युवक गुलाम मोहम्मद ट्रक ड्राइवर था। बताया जाता है कि बुधवार की शाम वह ट्रक लेकर सोनीपत के खरखोदा गांव गया था। जहां देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के बाद उसे बागपत कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार की सुबह उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों को जैसे ही घटना का पता चला, तो वे निवाड़ा गांव पहुंचे और निजी नर्सिंग होम से गुलाम मोहम्मद के शव को उठाकर जिला अस्पताल ले गए। आरोप है कि जिला अस्पताल में निजी नर्सिंग होम संचालक के गुरगों ने मृतक के परिजनों के साथ मारपीट की। जिससे जिला अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। मृतक के भाई इकरामुद्दीन का आरोप है कि निजी नर्सिंग होम संचालक द्वारा इलाज में भर्ती गई लापरवाही के कारण उसके भाई की मौत हुई है।

वे गुलाम मोहम्मद के शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, तो वहां उनके साथ मारपीट की गई। कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार का कहना है कि अभी तक घटना की तहरीर नही मिली है।

# प्रदेश के स्थापना दिवस पर जनपद में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में 24 से 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम 24 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से सिटी ग्रीन्स, दिल्ली रोड शामली में आयोजित



होगा। कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, स्टार्टअप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा इन्वेस्ट उत्तर प्रदेश से संबंधित विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्य क्रमों का भी आयोजन होगा। जिला धिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने संबंधित नोडल अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों की समय से तैयारी कर सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने भी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# मातां काली के मंदिर में निर्माण कार्य शुरू

**समाज जागरण**

कालांवाली 22 जनवरी 2026 (सुरेश जोरासिया) कालांवाली मंड़ी रोडी. रोड़ सुखचैन मोड़ स्थित माता काली के मंदिर की महामाई सेवा समिति कालांवाली एवं भगतजनो के सहयोग के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।



समिति के प्रवयक्ता राजपाल धालिवाल ने बताया कि। महामाई के आर्शिवाद से व भगतजनों के सहयोग से कई दिनों से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें एक कमरे की आज छत डाली गई। सेवादारों ने निर्माण कार्य सेवाऐ दी। इस मौके यातायात प्रभारी भूप सिंह अपनी टीम के साथ माता रानी के मंदिर में नत्मस्तक हुऐ। उन्होंने के कहा कि माता के दर्शन करने से मुझे शांति मिलती है। छत डालने के पश्चात माता रानी का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर राजपाल सिंह धालीवाल, संतोक सिंह भाजपा साहिल, राधे श्याम, सुखराज सिंह, लक्खा सिंह हयेर डेज्सरए हरमेश जीवन सिंह, अवतार रमन जटना आदि मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण कानूनों का उद्देश्य बच्चों को शोषण, हिंसा, उपेक्षा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से बचाना है : एडवोकेट धीरज सैनी

### बाल संरक्षण व बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, कानूनन अपराध है कम उम्र में विवाह

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। बाल कल्याण समिति की ओर से शहर के हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में बाल संरक्षण एवं बाल विवाह की रोकथाम को लेकर एक जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को यह संदेश देना रहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा कम उम्र में विवाह करना न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि कानूनन गंभीर अपराध भी है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण समिति के सदस्य एडवोकेट धीरज सैनी तथा केशव कला विकास एवं अनुसंधान समिति के अध्यक्ष शिवकुमार चित्रकार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद हाई स्कूल की निदेशक सावित्री यादव ने की, जबकि मंच संचालन राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने किया।

अपने संबोधन में एडवोकेट धीरज सैनी ने कहा कि बाल संरक्षण कानूनों का उद्देश्य बच्चों को शोषण, हिंसा, उपेक्षा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से बचाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर सख्त सजा का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या अन्याय की स्थिति में संबंधित अधिकारियों या बाल कल्याण समिति से संपर्क करने की अपील की।

शिवकुमार चित्रकार ने कहा कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना समाज की नींव को मजबूत करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हर बच्चे का अधिकार है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा बनता है, इसलिए इसे जड़ से समाप्त करने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है।

विद्यालय की निदेशक सावित्री यादव ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि सामाजिक व कानूनी जागरूकता भी प्रदान करें। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर हिट एंड रन कानून समिति भारत सरकार के सदस्य अशोक कुमार ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान रखें, छोटी उम्र में उन्हें वाहन न चलाने दें, यातायात के नियमों का पालन करें।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित विद्यार्थियों को बाल संरक्षण और बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई, ताकि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी इस संदेश को पहुंचाए।

# सन्न्यास आश्रम में 25 से श्रीमद्भागवत कथा

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 22 जनवरी। संन्यास आश्रम सुधिवास में वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा अमृत वर्षा ज्ञान प्रवाह आयोजन 25 जनवरी को नगर कलश यात्रा के साथ शुभारंभ सानिध्य भोजानेश्वर महंतश्री नागा बाबा आजाद गिरी महाराज तथा समापन 31 जनवरी को श्रीश्याम गिरी दरबार नागा बाबाश्री रमनगिरि महाराज के सानिध्य में होगा। जानकारी देते हुए सन्यास आश्रम के महंतश्री बाबा मोहन गिरी महाराज ने बताया कि कथा प्रवचन वारानसी के महाराजश्री सत्यानंद गिरी के मुखारविंद से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 4 बजे तक व रात्रि जागरण सांय 8 बजे से प्रति संध्या देर रात्रि तक किया जाएगा। महिला कलश यात्रा 25 जनवरी को सुबह 9.15 बजे धूणेवाला आश्रम से शुरू होकर नगर भ्रमण उपरांत कथा स्थल पर विधिवत संपन्न होगी। हवन व भंडारा 1 फरवरी को सुबह होगा।

# सुधिवास में 27 से चौथी दादा धूणे वाला वालीबाल प्रतियोगिता

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहलः 12, जनवरी। सुधिवास में चौथी दादा धूणे वाला इनामी वालीबाल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन भोजानेश्वर धाम के महंतश्री बाबा आजाद गिरी महाराज 27 जनवरी को करेंगे तथा समापन 29 जनवरी को दादा धूणे वाला आश्रम के महंतश्री बाबा मोहन गिरी विजेता टीम को नगद राशि भेंट कर सम्मानित करेंगे। यह श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट एवं न्यास आश्रम सुधिवास के तत्वाधान में चौथी दादा धूणे वाला ग्रामीण वालीबाल (पुरूष) प्रतियोगिता आगामी 27 जनवरी से तीन दिवसीय प्रतियोगिता 29 जनवरी को पुरस्कार वितरित के साथ संपन्न होगी। यह ह जानकारी देते हुए महंत मोहन गिरी ने बताया कि वालीबाल की विजेता टीम को प्रथम विजेता टीम के खिलाड़ियों को इनाम के रूप में 31 हजार, द्वितीय इनाम के रूप में 21 हजार तथा तृतीय पुरस्कार के तौर पर 11 हजार रूपए भेंट किए जाएंगे। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय कोच महेश की मार्गदर्शन में खेली जाएगी।

# भगत रविदास जी के आगमन दिवस को समर्पित पांच दिन का दस्तार सिखलाई कैंप

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में दर्ज भगत रविदास की बाणी हमें सामाजिक और धार्मिक आजादी का संदेश देती है - खालसा



कलांवाली (सुरेश जोरासिया) गांव कालांवाली (सिरसा) के गुरुद्वारा बाबा जीवन सिंह जी में भगत रविदास जी के आगमन दिवस को समर्पित पांच दिन का दस्तार ट्रेनिंग कैंप लगाया गया। यह कैंप भाई गुरमीत सिंह खालसा एडवोकेट और भाई बिंदर सिंह खालसा मेंबर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने धर्म प्रचार की लहर के तहत श्री गुरु नानक देव जी सेवा समिति कालांवाली के सहयोग से लगाया है। 17 जनवरी से 21 फरवरी तक लगे इस कैंप में अनेकों बच्चों और युवाओं ने दस्तार बांधने की ट्रेनिंग ली। कैंप में हिस्सा लेने वालों को भगत रविदास के जीवन और विचारधारा से अवगत कराने के लिए लिटरेचर बांटा गया। इस कैंप के दौरान अमृतपाल सिंह और गुरसेवक सिंह ने भी दस्तार की ट्रेनिंग की सेवा दी। बच्चों और युवाओं को संबोधित करते हुए भाई बिंदर सिंह खालसा और गुरमीत सिंह खालसा ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में दर्ज भगत रविदास की बाणी हमें सामाजिक और धार्मिक आजादी का संदेश देती है। भगत जी ने बाणी के जरिए रूढ़िवादी रीति-रिवाजों और जाति-पाति के बंटवारे को गलत ठहराया है और भगवान से जुड़ने का संदेश देकर एकता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भगत रविदास जी की जयंती के मौके पर हम सबका यह फर्ज. है कि हम उनकी गुरबाणी को समझने और उस पर मनन करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक प्रचार की इसी कड़ी के तहत अगला कैंप भी उनकी तरफ से भगत रविदास जी की जयंती को समर्पित किया जाएगा, जो 23 जनवरी से 26 जनवरी तक बठिंडा ज़िले के गांव कमालू स्वेच में लगेगा। उन्होंने अपील की और कहा कि बच्चों को बाणी और बाणा से जोड़ने के लिए ऐसी कोशिशें हर गांव और शहर में होनी चाहिए। इस मौके पर श्री गुरु नानक देव जी सेवा समिति और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस कार्य की तारीफ की।

# कस्बे के मुक्तिधाम में शवयात्रा ले जाने के लिए गड्डों से अटी पड़ी सड़क पर बहते गंदे नालों के पानी के बीच से पार पाना हुआ मुश्किल

### सड़क के इस छोटे से टुकड़े के हालात बद से बदतर होते चले आए यहां वीवीआईपी व प्रशासन के आला अधिकारी का आवागमन के बावजूद भी हालात बने यथावत

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल कस्बे में टूटी पड़ी सड़क मार्ग का दृश्य, सड़क मार्ग पर बने गड्ढों से बहता गंदा पानी।

बहल, 22 जनवरी। पिछले 15 वर्षों से 50 मीटर सड़क के एक टुकड़े के हालत सुधारने व सुधरवाने की जरूरत नहीं समझी गई तो बहल के विकास की कल्पना सरकार व पंचायत से करना बेमानी सा लगता है। सड़क के इस छोटे से टुकड़े के हालात बद से बदतर होते चले आए यहां वीवीआईपी व प्रशासन के आला अधिकारी का आवागमन के बावजूद भी हालात यथावत बने रहे तो सुधार की गुंजाइश कम ही लगती है। हालात ये बने हैं कि कस्बे के मुक्तिधाम में शवयात्रा ले जाने के लिए गड्ढों से अटी पड़ी सड़क पर बहते अशुद्ध नालों के पानी के बीच से पार पाना पड़ता है। आधा दर्जन से अधिक देवालय, शिक्षालय, औषद्यालय सहित खेल व तहसील कार्यालय के अतिरिक्त दर्जनों गांवों के लोगों का इस बदहाल सड़क के हालातों से सामना होता हैं। समाज सेवी लोगों ने टूटते घरों के पुराने मलबे से भरने के प्रयास नालों के पानी में बह जाते हैं। इस समस्या से निजात दिलाने को न लोकनिर्माण विभाग और न ही ग्राम पंचायत संजिदा रही है। आखिर यह हालात सुधारेगा कौन कस्बे के लोगों के बीच पहेली चर्चा बनी है। यह चर्चा भी हो रही है कि सरकार व सरकार की हिमाकत करने वाले लोग विकास के कसीदे पढ़ते थकते नहीं, 50 मीटर सड़क के जीर्णोद्धार के लिए फाइल पीएमओ को भिजवाएंगे तब बनेंगी क्या। लोग यह भी कहते हैं कि नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे की कल्पना करना बहल वासियों के लिए बेमानी ही है जब 50 मीटर के जीर्ण शीर्ण अवस्था सड़क से आम लोगों की आवाजाही दुश्वार हालातों की सुध लेना भी मुनासिब नहीं समझा गया है। सड़क की इस तरह की जीर्ण-शीर्ण अवस्था के लिए ग्राम पंचायत ने भी न सुधरवाने के प्रयास किए और ना ही अपने स्तर पर जीर्णोद्धार करवाने की जिम्मेवारी समझी। लोकनिर्माण विभाग शायद इस सड़क को भुले ही बैठा हो। ऐसा इसलिए कहा जाता है कि 15 वर्षों से सड़क के हालात बेहद दयनीय बने हैं। जो आम राहगीरों के अलावा मार्ग से कस्बे के मुक्तिधाम को पहुंचने को अंतिम संस्कार यात्रा के दौरान यह 50 मीटर सड़क आड़े आती है। जो विभाग व पंचायत की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है।

# विभिन्न मांगो को लेकर आगामी 12 फरवरी को राष्ट्र व्यापी हड़ताल का किया आह्वान

### आल हरियाणा पावर कारपोरेशन मुख्यालय हिसार के आह्वान पर की गई भिवानी में 5 घंटे तक सांकेतिक भूख हड़ताल

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 22 जनवरी। वीरवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशन मुख्यालय हिसार के आह्वान पर भिवानी में 5 घंटे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। जिसमे सब अर्बन यूनिट के पदाधिकारी प्रधान सुरेश कटारिया, सचिव विकास शर्मा, कैशियर सोमबीर देवराला, सदस्य विजय जांगड़ा, सब यूनिट सिवानी प्रधान सोमबीर बाबल, कैशियर सतीश पूनिया, सब यूनिट बहल प्रधान पंकज शर्मा, सब यूनिट ढिगावा प्रधान राकेश सब यूनिट जुई प्रधान व कैशियर राजकुमार व सब यूनिट लोहारू प्रधान सज्जन कुमार व सुखबीर इन सभी को सर्कल सचिव अशोक कुमार गोयत व धर्मबीरभाट्टी राज्य आडिटर ने फूलो की माला पहनाकर सांकेतिक हड़ताल पर बैठाया। यह हड़ताल आगामी आने वाली 12 फरवरी जो की राष्ट्रव्यापी स्ट्राईक की तैयारी हेतु की जा रही है। आन लाइन ट्रांसफर पालिसी वापिस लेने, कोर्ट आदेशानुसार कच्चे कर्मचारीयों को पक्का करने, कर्मचारी आश्रित स्कीम को संशोधित करने, बिजली जैसे रिस्की काम करने वाले कर्मचारियों को 7 हजार रुपए प्रति महीने जोखिम भत्ता देने बिजली कर्मचारियों को 1 हजार यूनिट प्रति बिल फ्री बिजली देने आदि मांगो को लेकर बिजली कर्मचारियों का आंदोलन चल रहा है। परन्तु बीजेपी सरकार लगातार कर्मचारियों का शोषण कर रही है। यूनिट प्रेस सचिव कुलदीप सिंह चैहडिया ने बताया की कर्मचारियों को पूर्व सरकार द्वारा दी गई सुविधाओ को बंद कर रही है। इन सभी मांगो को लेकर आगामी 12 फरबरी को राष्ट्र व्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस तुम्हें सलाम पखवाड़ा के तहत डीसी कॉलोनी पार्क में चला स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। स्थानीय डीसी कॉलोनी पार्क स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर ह्लनेताजी सुभाष चंद्र बोस तुम्हें सलाम पखवाड़ाह्व के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति एवं माय युवा भारत केंद्र भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में सफाई एवं स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल प्रतिमा स्थल की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि समाज में स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देना भी रहा।

अभियान के दौरान सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने अपनी बेटी आरोही व समाजसेवी मनोज शर्मा के साथ दुग्ध एवं गंगाजल से विधिवत स्नान करवाया। प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। नेता जी जयंती महोत्सव की पूर्व संध्या पर उपस्थित युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं कार्यक्रम संयोजक अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मोत्सव केंद्र व प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पराक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जो सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनके त्याग और बलिदान को हमें समय-समय पर स्मरण करना चाहिए। अशोक कुमार भारद्वाज ने आगे कहा कि नेताजी के आदर्श केवल भाषणों तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि उनके विचारों को व्यवहार में उतारना आवश्यक है। प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और समाज को सकारात्मक दिशा दें।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में नेताजी के जन्मोत्सव को बड़े उत्साह, सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने का संदेश दिया गया।

# हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा कल गुरु गोरखनाथ जी के प्रकट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे जोगी धर्मशाला कुरुक्षेत्र

**समाज जागरण, अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र में कल बसंत पंचमी एवं शिव अवतार गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस के अवसर पर जोगी धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

जोगी धर्मशाला कुरुक्षेत्र द्वारा कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। धर्मशाला परिसर को सजाया गया है और श्रद्धालुओं के



लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संतों, गणमान्य लोगों एवं समाज के लोगों के पहुंचने की संभावना है।

जोगी धर्मशाला के प्रधान सूरजभान योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि बसंत पंचमी एवं गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस जैसे पावन अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा धर्मशाला में पधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ नाथ संप्रदाय के महान योगी एवं शिव के अवतार माने जाते हैं और उनका प्रकट दिवस श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया जाता है।

प्रधान सूरजभान योगी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री के समक्ष समाज से जुड़ी कुछ मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके साथ ही धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने 36 बिरादरी के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाएं और गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री ने किया सिंथेटिक हॉकी मैदान का उद्घाटन, आल वेदर स्विमिंग पूल का शिलान्यास

**समाज जागरण,**



कुरुक्षेत्र/हरियाणाः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के खेल और खिलाड़ियों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ओलंपिक में पदक जीतने के लिए खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के तहत बनाए गए सिंथेटिक हॉकी मैदान का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में आल वेदर स्विमिंग पूल परियोजना का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं के निर्माण से उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं को निखारने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इन आधुनिक खेल संसाधनों की उपलब्धता से हरियाणा देश का सर्वाधिक पदक जीतने वाला राज्य बनकर उभरेगा। उन्होंने खेल और फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि युवाओं में खेल संस्कृति का प्रसार और खेलो इंडिया जैसी पहलें प्रदेश को खेलों के मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाने में मदद करेंगी।

इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों, खेल विशेषज्ञों और छात्रों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल खेल साधन ही नहीं, बल्कि सही प्रशिक्षण, कोचिंग और मार्गदर्शन भी खिलाड़ियों की सफलता में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश में और भी उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, ताकि हरियाणा की युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सकें।

कार्यक्रम का समापन बच्चों और युवा खिलाड़ियों के साथ और खेल प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री ने उनकी प्रगति और उत्साह को बढ़ाने के लिए प्रशंसा की।

# विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित किया

**समाज जागरण,**

चंडीगढ़/हरियाणाः हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर हरियाणा विधानसभा में



आयोजित राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हर घर में योग हो, हर घर में योगशाला हो और हर घर में संस्कार हों, तभी हम सभी मिलकर भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में सार्थक योगदान दे सकते हैं। श्री कल्याण ने योग और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरथल में कहा - एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प समाज की भागीदारी से ही संभव

**समाज जागरण,**

सोनीपत/उत्तर प्रदेशः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोनीपत के मुरथल में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की और देश के वर्तमान तथा भविष्य के विकास पर अपने विचार साझा किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत काल में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ ऐसे कदम बढ़ाए हैं, जिससे भारत के वैभवशाली इतिहास की गूंज अगले 1000 साल तक दुनिया में सुनाई दे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह लक्ष्य केवल राजनीतिक नेतृत्व के प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी और जन सहयोग से ही संभव होगा।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का युवाओं के हित में बड़ा फैसला, पुलिस कॉन्स्टेबल सीईटी-2025 में तीन वर्ष की आयु-छूट

हरियाणाः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस कॉन्स्टेबल सीईटी-2025 के अंतर्गत अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की आयु-छूट देने की घोषणा की है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार सदैव युवाओं के साथ खड़ी है और सभी को समान अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। वर्ष 2022 के बाद सीईटी परीक्षा आयोजित न हो पाने के कारण जिन योग्य युवाओं को नुकसान हुआ, उन्हें न्याय देना सरकार का दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने संत कबीर कुटीर में युवाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा समाधान का आश्वासन दिया।

उन्होंने आगामी सीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

# श्री राम मंदिर स्थापना के मौके पर हुआ भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण**

फतेहपुर किशनपुर क्षेत्र के अंतर्गत खेमकरनपुर गांव में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के स्थापना दिवस पर भडारे एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। श्री राम मंदिर स्थापना के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और मां दुर्गा जी के मंदिर में रामचरितमानस का पाठ आज प्रारंभ किया गया है कल रामचरितमानस समापन के बाद हवन होगा उसके बाद मां दुर्गे जी के स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। सभी कार्यकताओं ने प्रसाद ग्रहण करने के लिए क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया। इस मौके पर ननबुद सिंह, प्रमोद कुमार शुक्ला , मनोज कुमार,विकास, शुभम,धीरेंद्र ,धरम सिंह सिंह, दिनेश सिंह, प्रेम चंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 29 मार्च को होगा श्रीपाल दीक्षित इंटर कॉलेज ढकौली में सामूहिक उपनयन संस्कार

शुक्र अस्त की वजह से २३ फरवरी (बसंत पंचमी) का कार्यक्रम हुआ निरस्त

**समाज जागरण**

फतेहपुर जिले के श्रीपाल दीक्षित इंटर कॉलेज ढकौली में करीब तीन दशक से अधिक समय से लगातार बसंत पंचमी पर्व पर आयोजित किया जाने वाला सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम इस बार शुक्र अस्त होने की वजह से निरस्त करते हुए इस कार्यक्रम को 29 मार्च 2026 को आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए श्रीपाल दीक्षित इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राहुल शुक्ला ने बताया कि सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी संतराम दीक्षित के मार्गदर्शन में करीब तीन दशक से अधिक समय से प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी के दिन आयोजित किया जाता रहा है, किंतु इस बार शुक्र अस्त होने की वजह से यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्र पर्व में आयोजित किए जाने का कमेटी के द्वारा लिया गया है। उन्होंने बताया कि 29 मार्च 2026 को विगत वर्षों की भांति सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा जिसकी सारी रूपरेखा तय कर ली गई है और इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया जा सके इसके लिए जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने उपनयन संस्कार कराने के इच्छुक लोगो से विद्यालय में संपर्क करते हुए रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है।

# बड़े 'बाग' में कई 'सफेदपोश' एवं जमीन 'कारोबारियों' की लगी थी 'निगाह'

कुछ दिनों से एसपी आवास से सटे बंगले की बिक्री की भी हवा थी तेज!
किसी भी कीमत पर बेशकीमती जमीनों को लेना चाहते थे माफिया!
अपनी जमीनों को ऊंची बोली तक ले जाने के जयराज थे माहिर!
सौदों के बदले एक नंबर की पूंजी बेचैन करती थी कारोबारियों को!
एक के बाद एक 06 हत्याओं से थर्रा गया जिला,हाई-प्रोफाइल रसूखदार की हत्या से पुलिस में दौड़ा 440 बोल्ट का करंट!
साथी की हत्या से अधिवक्ताओं में आक्रोश,प्रशासन व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन शुरू!
कमांडर ने संभाली जयराज के हत्या के खुलासे की खुद कमान!

**समाज जागरण**

फतेहपुर एक हफ्ते में पहले असोथर, थरियांव,गाजीपुर एवं मलवां में अलग-अलग घटनाओं में हुई 05 हत्याओं से आशंकित हुई पुलिस के साथ लोगों की दहशत अभी कम नहीं हुई थी कि पुलिस अधीक्षक आवास से सटे जमींदार जयराज मानसिंह की हाई प्रोफाइल हत्या ने खाकी में 440 वोल्ट का करंट दौड़ा दिया। रसूखदार की हुई हत्या ने जहां सबको सन्न किया वहीं पुलिस अधीक्षक सहित आला अफसर घटना स्थल तक रातों-रात दौड़े चले आए। *हत्या का राजफाश करने के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। खुलासा भी हो जाएगा लेकिन जयराज मानसिंह की हुई निर्मम हत्या ने एक सवाल जरूर खड़ा किया है कि क्या भू-माफियाओं के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि 'जमीन नहीं तो जान' का सौदा करना ही पड़ेगा। स्वभाव के अनुकूल जयराज



मानसिंह को अपनी जमीनों की कीमतों को बढ़ाने का महवरा मालूम था।एक नंबर के पैसे की डिमांड जमीन कारोबारियों को बेचैन करती थी।हाल ही में पुलिस अधीक्षक आवास से सटे हुए आलीशान बंगले एवं बड़े बाग की बिक्री की चर्चा जोरों पर थी। कई लोगों की निगाहें इन वेशकीमती जमीनों पर थीं। खबर तो यह भी है कि कई सफेदपोश भी जयराज की जमीन व बंगले का सौदा करना चाह रहे थे। मानसिंह परिवार का जमीनों के मामले में जिले में अपना रुतबा और रसूख रहा है।शहर में जिस ओर नजर जाती है उस ओर उनके परिवार की जमीनें ही नजर आती हैं। जयराज मानसिंह व्यवसाय के चतुर खिलाड़ी थे।जमीनों के भाव ऊपर ले जाने का उन्हें फंद मालूम था। एक-एक जमीन का सौदा उनका सालों चलता था। बुलेट चौराहे की जिस जमीन को करोड़ों में बेचा गया उसके सौदे की शुरूआत भी लाखों से की गई थी और दाम बढ़ते-बढ़ते करोड़ों तक पहुंच गए।सौदा बड़े पूंजीपति से ही नंबर एक की पूंजी के लेने की जिद के चलते हो सका। एक बार फिर बड़े बाग एवं एसपी बांग्ला के बगल के उस आशियाने की बिक्री की हवा तेज थी।जिसको खरीदने के लिए कई खादीधारी एवं जमीन कारोबारी व्याकुल थे।खरीदार अपने-अपने संपर्कों से जयराज मानसिंह तक पहुंचने की जुगत-जुगाड़ में रहे। जयराज के कारखास रहे अंकित मिश्र जमीनी सौदों को जमीन कारोबारियों से करवाने के लिए प्रयासरत था।खबर है कि एक के बाद एक कई लोगों से बड़ी बाग का सौदा हुआ और टूटा।बड़ी बाग को लेने के इच्छुक हर कारोबारी की इस जमीन पर निगाह लगी थी लेकिन सौदा मुकाम नहीं पा रहा था। बाग की बिक्री को लेकर जिस अंकित मिश्र को पुलिस ने उठाया है उसे जयराज ने कुछ नजराना भी दे रखा था। खरीदार कई लगे थे।कई सफेदपोशों की भी निगाह बेशकीमती जमीनों पर लगी थी लेकिन इस बीच जमीन को लेकर क्या खेल बिगड़ा कि रसूखदार को कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। आज नहीं तो कल,कल नहीं तो बाद में पुलिस इस हाई प्रोफाइल हत्या की गुत्थी को सुलझाने में सफलता पा लेगी लेकिन घटना का सही खुलासा कई बड़े जमीन कारोबारियों के चेहरों से नकाब हटाने का काम करेगा लेकिन एक बात तय है कि जिस तरह से जिले में जान के दुश्मनों ने एक सप्ताह में ही एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम दिया है उससे ऐसा लग रहा है कि जैसे हत्यारों ने पुलिस को खुली चुनौती दे रखी है और दोआबा की इस धरती को अपराधियों ने लाल करने का ठेका ले रखा हो। जयराज पेशे से अधिवक्ता भी थे जिससे साथियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।प्रशासन व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन शुरू हो गया है। घटना के खुलासे को लेकर पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने स्वयं कमान संभाल रखी है।अब देखना यह है कि खेल के अंदर और फंद के बाहर रहने वाले कितने चेहरे नजर आएंगे।

# स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग:- डीआईओएस

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वा धान में जिलाधिकारी फिरो जाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषक इंटर कॉलेज, पचोखरा, टूंडला में 24 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। डीआईओएस धीरेंद्र कुमार



ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को 24 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे कृषक इंटर कॉलेज, पचोखरा, टूंडला में अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन है। जिसमें स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटिका, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरू कता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

# कृष्ण-रुक्मिणी विवाह संपन्न!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! को गोपाल आश्रम स्थित श्री किशोरी कृपा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा वेद व्यास आचार्य श्री निशांत मिश्रा जी के श्रीमुख से श्री मद भागवत कथा के छठवें दिन अविरल धारा बह रही है ।आज की कथा में इंद्र द्वारा बृजवासियों पर क्रोध करना तरह तरह से परेशान करना उसके पाश्चात्य भगवान कृष्ण द्वारा इंद्र का मान मर्दन, फिर इंद्र द्वारा भगवान कृष्ण से क्षमा मांगना इंद्र द्वारा भगवान कृष्ण की स्तुति का वर्णन किया ।इस कथा के माध्यम से आचार्य ने बताया की प्रकृति पूजा ही गोवर्धन पूजा है। जब हमारे वृक्ष नदियां पर्वत सुरक्षित नहीं रहेंगे तो सृष्टि का क्रम बदल जाएगा प्रकृति बदल जाएगी इसलिए प्रकृति पूजा ही ईश्वर पूजा है सभी भक्तों से प्रकृति सुरक्षा की। अपील की महारास लीला का वर्णन हुआ कंस वध की कथा ,उद्धो गोपी संवाद कृष्ण तथा रुक्मणी मंगल का वृतांत कहा। इसी क्रम में कृष्ण और ररुक्मिणी विवाह संपन्न हुआ, विवाह उपरांत माता बहिनों ने खूब दान दक्षिणा देकर, पूजन किया,, माता बहिनों ने खूब मंगल गीत गाकर नृत्य और बधाइयाँ दी, उसके पश्चात आचार्य जी ने भगवान राम मंदिर की 500 वर्षोंकी अथक लड़ाई के पश्चात राम मंदिर निर्माण की तृतीय वर्षगांठ पर हर्ष व्यक्त कर जय श्री राम के उदघोष कराए। इस कथा के घंटा घर बाजार समिति के पदाधिकारियो ने सभी भक्तों को खीरमोहन का प्रसाद बटवाया ।कथा में तमाम भक्तों के साथ-साथ आचार्य श्री प्रमोद चंद्र मिश्रा जी सहित मुख्य यजमान रामबाबू झा ,पत्नी सुमन लता,के साथ महापौर कामिनी राठौर , पूर्व जिला अध्यक्ष बीजेपी अरविंद पचौरी ,पार्षद पूनम शर्मा ,संयुक्त परिवार के कुलगुरु विनोद पचौरी, राजेश दुबे, आदर्श, , राजपाल यादव, राकेश बाबू शर्मा, जे पी मित्तल, नवीन उपाध्याय , गौरव जैन, श्री किशन शर्मा, राजेश शर्मा, कांता होटल, पार्षद प्रतिनिधि पवन गुप्ता, भानु उपाध्याय, अरविन्द पचौरी, अशोक गर्ग, प्रिंस रावत,मनोज शर्मा पीतांबरा मोटर्स, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कमेटी के जसराना ब्लॉक पर मनरेगा का नाम बदलने के विरोध पर धरना प्रदर्शन किया गया।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद ! अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लि कार्जुन खड़गे के आह्वान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महा सचिव अविनाश पाण्डेय के आह्वान पर कांग्रेस जनों द्वारा जसराना ब्लॉक पर मनरेगा का नाम बदलने के विरोध पर धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएस यूआई के जिलाध्यक्ष यश दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी उपस्थित हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसजनो द्वारा जसराना ब्लॉक पर जोरदार नारेबाजी के साथ धरना दिया गया। जिसमें यश दुबे द्वारा सर्वप्रथम बताया गया कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने गांधी




जी का नाम हटाकर मनरेगा को खत्म किया गया है! उसका हम सभी कांग्रेसीजन विरोध करते हैं तथा जब तक मनरेगा को उसके पुराने स्वरूप में वापस लागू नहीं किया जाता हम लोग जनता की लड़ाई इसी प्रकार कर सड़क से लेकर संसद तक लड़ते रहेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि केंद्र की और प्रदेश की जनविरोधी सरकार गांधी जी से सदैव नफरत करने का कार्य करती है! गांधी की हत्यारे आज सत्ता में बैठे हुए हैं और वह जन विरोधी कार्य करने से चूक नहीं रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी सत्य प्रकाश शर्मा तथा पीसीसी सदस्य चंद्रकांत यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र की तथा प्रदेश की सरकार किसानों और मजदूरो का दमन कर रही है! जो मनरेगा ने कोविड के समय पर मजदूरों को उनका परिवार चलाने के लिए रोजगार उपलब्ध कराया उस मनरेगा को खत्म करके उसकी गारंटी को खत्म करके केंद्र व प्रदेश की सरकार किसानों और मजदूरों पर कड़ा प्रहार कर रही है जो कि कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव तथा आगरा मंडल प्रभारी संत कुमार एवं पीसीसी सदस्य मनोज भटेले ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ मजदूर किसानों और असहाय लोगों की लड़ाई लड़ता रहेगा जब तक उसे न्याय नहीं मिलता। धरना प्रदर्शन में कांग्रेसजन मनरेगा को पुनः लागू करो तथा मजदूरों को उनके काम की गारंटी वापस दो, केंद्र की जन विरोधी सरकार नहीं चलेगी, बापू तेरा यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, एनएसयू आई जिलाध्यक्ष यश दुबे, चंद्रकांत यादव सदस्य पीएससी, मनोज भटेले सदस्य पीएससी, एससी/ एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं आगरा मंडल प्रभारी संत कुमार, पूर्व सचिव अनिल जाटव, नगर महासचिव खजांची दिवाकर, अमर सिंह, गुरदीप सिंह,पंकज, वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर सत्य प्रकाश शर्मा, पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी विजय शर्मा,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विभूति सिंह बघेल,गुलशन शर्मा, रामेन्द्र चक, प्रवीन बघेल ,हरिओम, जतिन यादव, प्रांजल यादव, कुलदीप यादव, मोहित यादव, शिवम यादव, बिट्टू यादव, अंकुल यादव, रामू यादव, राहुल कश्यप, रोहित कुमार ,दिनेश, अचल प्रताप ,सौरभ, अभिषेक यादव, अभिषेक पचौरी, ताराचंद्र, कान्हा पंडित ,गोपाल पंडित ,धीरज, संग्राम यादव, अमन यादव, रंजेश यादव, धीरज यादव, अभिषेक यादव, विमल यादव, विमलेश यादव, भेरू सिंह,लव प्रतीक, कुंवर पाल सिंह, बेताल सिंह, बेनीराम श्रीवास्तव, टिंकू, रजनीश शर्मा, दरवेश, नितिन कुमार, शैलेश कुमार, धीरेंद्र दिवा कर, वरुण कुमार, टीटू गौतम कुमार, सुंदरलाल लोग उपस्थित थे।

# टीकाकारण के सॉतवें चरण को हरी झड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया गया

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! मुख्य विकास अधि कारी द्वारा विकास भवन ड़बरई फिरोजाबाद सें राष्ट्रीय खुरपका एवं मुँहपका टीकाकारण के सॉतवें चरण को हरी झड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया गया, दिनॉक 22.01.2026 से 10.03.2026 तक टीकाकरण का अभियान चलेगा जिसमें पशु पालक के द्वार पर पहुंचकर पशुओं को टीकाकरण निःशुल्क किया जायेगा यह टीकाकरण पशुओं को खुरपका एवं मुहपका जैसे गम्भीर रोगो से मुक्त रखने में सहयोग प्रदान करेगा, जनपद के प्रत्येक गॉव एवं शहरी क्षेत्र के समस्त गाय एवं भैस को टीकाकरण किया जायेगा एवं जिन पशुओं में टैंग नहीं लगे है उनको टैग कर रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। पशुपालक को पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए टीकाकरण कराना अतिआवश्यक है। जनपद में विकासखण्ड अनुसार टीमो का गठन किया गया है जिसमें लगभग 25 टीम कार्य करेगी एवं जनपद के 6,30,000 पशु टीकाकरण से लाभान्वित होगें। इसके अतिरिक्त आज दिनॉक 22.01.2026 को वृहद गोसंरक्षण केन्द्र सॉती विकास खण्ड़ हाथवन्त में नव निर्मित गोशाला का शिलान्यांस मा० मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास उ०प्र० सरकार श्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा वर्चुअल मोड़ में लोकार्पण किया गया जिसमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधि शासी अभियन्ता कार्यदायी संस्था के कर्मचारी एवं अन्य अधि कारी उपस्थित रहें।

गोशाला में लगभग 350 पशुओं संरक्षित किये जा सकेगे। सड़को एवं खेतो में घूम रहे निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जायेगा जिससे आम जनतो को गोवंश से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा जनपद में 68 गोआश्रय स्थल संचालित है जिसमें अभी तक 12500 गोवंश को संरक्षित किया जा चुका है।

# साले की हत्या में बहनोई सहित दो को आजीवन व एक को 15 वर्ष का कारावास

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। न्यायालय ने साले को गोली मारकर हत्या के दोषी बहनोई सहित दो को आजीवन कारावास तथा एक को 15 वर्ष के कारावास को सजा सुनाई। उन पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उनको अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मैनपुरी के थाना दन्नाहार के गांव औंडन मंडल निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र हरीश चंद्र 16 मई 2021 को अपनी बहन दुर्गा को उसकी ससुराल नगला जयकिशन छोड़ने आया था। अपने बहनोई धर्मेंद्र के कहने पर वह रात को वही रुक गया। वह काम में तख्त पर सो रहा था। देर रात उसके बहनोई धर्मेंद्र मैं अपने भाई तथा रिश्तेदार के साथ मिलकर पुष्पेंद्र की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना की पुष्पेंद्र के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना में बहनोई धर्मेंद्र उसका भाई तथा रिश्तेदार पंचम सिंह का नाम प्रकाश ने आया। पुलिस ने उनके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट तथा बाल न्याय मुमताज अली की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पर भी विशेष लोक अभियोजक अरवेज शुक्ला ने की। मुकदमे के दौरान कई गवाहो ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। पुष्पेंद्र की बहन का कहना था कि आवाज सुन कमरे में पहुंची तो उसका भाई मृतक में पड़ा था। वही पति धर्मेंद्र देवर तथा रिश्तेदार पंचम सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी गुड़िया कल बकेवर इटावा खड़े थे। बहन का क्या नाम था परिवार की एक लड़की से भाई के प्रेम संबंध हो गए थे। रात को लड़की भाई के कमरे में मिलने पहुंच गई। इसी को लेकर उसकी हत्या कर दी। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने धर्मेंद्र पत्र भूरी सिंह निवासी नगला जय किशन उसके भाई तथा रिश्तेदार पंचम सिंह पुत्र रामस्वरूप को दोषी माना। न्यायालय ने पंचम सिंह तथा धर्मेंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

उन पर एक एक लाख रुपया अर्थ दंड लगाया। वही धर्मेंद्र के भाई को 15 वर्ष की सजा सुनाई। उस पर 50 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ किया गया व्यवहार अत्यंत निंदनीय, ओमप्रकाश शर्मा

**समाज जागरण**

शामली। गुरुवार को कैंप कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के सहारनपुर को-ऑर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ किया गया व्यवहार अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि शंकराचार्य द्वारा पूर्व में भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की जा रही थी, जिससे सरकार क्षुब्ध थी। इसी नाराजगी के चलते शंकरा चार्य स्वामी अविमुक्तेश वरानंद सरस्वती को स्नान करने से रोके जाने जैसी घटना सामने आई, जो न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी विपरीत है। उन्होंने कहा कि देश में संत-महात्माओं का सदैव सम्मान रहा है और किसी भी सरकार को इस प्रकार का व्यवहार शोभा नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार असहमति की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है और यह रवैया लोकतंत्र के लिए घातक है। कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी कृत्य को स्वीकार नहीं करेगी और जनता के बीच जाकर सच्चाई को सामने लाने का काम करेगी। पूर्व नगर अध्यक्ष वैभव गर्ग ने कहा कि प्रयागराज माघ मेले में दुर्व्यवहार के बाद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस दिए जाना गंभीर विषय है। उन्होने आपत्ति जताते हुए इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा आधी रात को स्वामी अविमुक्तेश वरानंद को नोटिस भेजकर यह कहना कि वह उन्हें शंकराचार्य नहीं मानती यह घमंड की पराकाष्ठा है। इस अवसर पर वैभव गर्ग, बाबूखान, प्रवीण तरार, श्रीपाल सिंह, आदेश कश्यप, मास्टर नरेंद्र सिंह, रविंद्र आर्य, रामपाल पांचाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी पर चुनिंदा अधिवक्ताओं को सीटें आवंटित किए जाने का आरोप

**समाज जागरण शामली।**

जिला बार एसोसिएशन में सीट आवंटन को लेकर भेदभाव का आरोप लगाते हुए एक अधिवक्ता ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। पीड़ित अधिवक्ता समराना एडवोकेट ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा नियमों को दरकिनार कर चुनिंदा अधिवक्ताओं को ही सीटें आवंटित की जा रही हैं। अधिवक्ता ने बताया कि वह सम्मानित अधिवक्ता होने के साथ-साथ जिला बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य हैं, इसके बावजूद अब तक उन्हें सीट आवंटित नहीं की गई है। आरोप है कि उनसे कम योग्यता रखने वाले अथवा बाहरी बार से जुड़े कुछ अधिवक्ताओं को सीटें दे दी गई हैं, जो नियमों के विपरीत है।समराना एडवोकेट का कहना है कि पिछले एक माह से उन्हें लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन कलेक्ट्रेट के कई चक्कर लगाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस कारण उन्हें मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और शीघ्र ही उन्हें नियमानुसार सीट आवंटित कराई जाए, ताकि बार एसोसिएशन में कथित अनियमित ताओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

— पति से मन—मुटाव के चलते महिला को जाल में फंसाया
— पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। शादी का झांसा देकर एक महिला के शारीरिक उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोपी ने महीनों तक महिला के साथ दुष्कर्म किया और शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि उसका अपने पति के साथ किसी बात को लेकर मन—मुटाव चल रहा था। इसी का फायदा उठाते हुए लगभग एक वर्ष पूर्व युवक ने उसे बहला—फुसलाकर शादी का झांसा देते हुए अपने जाल में फंसा लिया। आरोप है कि इसके बाद अलग—अलग स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। करीब तीन माह पूर्व निकाह करने के लिए आरोपी उसे अपने साथ भगा ले गया था, जिसने दो माह तक फिर से उसे अलग—अलग स्थानों पर रखकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब उसने निकाह करने के लिए कहा, तो उसके साथ गाली—गलौज करते हुए मारपीट की, जिसके बाद कैराना में सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके अश्लील फोटो भी खींचे हुए हैं। आरोपी ने कार्रवाई करने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मोहल्ला तितरवाड़ा चुंगी निवासी शादाब मलिक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने वाले की जमानत अर्जी खारिज

**समाज जागरण**

कैराना। पत्नी और दो मासूम बेटियों की हत्या करने के बाद तीनों के शव गड्ढे में दबाने के मामले में जनपद न्यायाधीश ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी संजय चौहान ने बताया कि 17 दिसंबर 2025 को अमीर अहमद ने थाना कांधला पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि उसकी बेटी ताहिरा का निकाह 2009 में गढीदौलत निवासी फारूख के साथ हुआ था। बेटी के ससुर दाऊद ने उसे सूचना दी कि बेटी ताहिरा व उसकी दोनों बेटियां एक सप्ताह से गायब है।इसके बाद उसे पता चला कि पुलिस ने गड्ढा खुलवाकर तीनों के शवों को निकाल लिया है। फारुख ने ताहिरा और 14 वर्षीय आफरीन की गोली मारकर हत्या की तथा सात वर्षीय सहरीन की गला घोटकर हत्या करने के बाद तीनों के शवों को गड्ढे में दबाए थे। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर तीन तमंचे, दस कारतूस और सात खोखे बरामद किए थे। आरोपी फारूख ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। गुरुवार को जनपद न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी फारूख की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

# किशोरी को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। किशोरी को ले जाने व धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार रात करीब नौ बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी घर के बाहर कूड़ा डालने गई थी। आरोप है कि तभी मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी नौमान उसकी बेटी को बहला—फुसलाकर ले गया। कुछ देर बाद बेटी के वापस नहीं आने पर वह नौमान के घर गया, तो वहां पर उसकी बेटी मौजूद थी। उसने बेटी वापस करने को कहा, तो आरोपी के पिता नौशाद ने पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# छुरी के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। बुधवार रात करीब आठ बजे पुलिस पानीपत रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान पानीपत बाईपास फ्लाईओवर के पास पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक छुरी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी अमजद निवासी मोहल्ला पीरजादगान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# अनुभूति कार्यक्रमः तुरार्पानी (गोदावल) में प्रकृति की पाठशाला विधायक शरद कोल ने बच्चों को दी प्रकृति संरक्षण की सीख

**समाज जागरण शहडोल**



मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग के तत्वावधान में वनमण्डल उत्तर शहडोल के परिक्षेत्र गोदावल अंतर्गत तुरार्पानी में एक दिवसीय 'अनुभूति' जागरूकता शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में शासकीय हाई स्कूल टिह की के कुल 126 छात्र-छात्राओं ने प्रकृति को करीब से जानने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ब्यौहारी विधानसभा के माननीय विधायक श्री शरद जुगलाल कोल उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राजन गुप्ता, बरकछ के सरपंच श्री दादूराम कोल जी, समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी श्री मुन्नू सिंह जी तथा श्री विकास चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्यावरण का सच्चा रक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। शिविर की शुरूआत सुबह पक्षी दर्शन और नेचर ट्रेल भ्रमण से हुई। मास्टर ट्रेनर्स और वन विभाग के अमले ने बच्चों को जंगल के भीतर ले जाकर विभिन्न पक्षियों की आवाजों, उनके व्यवहार और दुर्लभ औषधीय पौधों की जानकारी दी। बच्चों ने वन्यजीव पारिस्थितिकी और प्रकृति के संतुलन को प्रत्यक्ष रूप से समझा। भ्रमण के पश्चात बच्चों के लिए पर्यावरण और वन्यजीवों पर आधारित क्विज (प्रश्न मंच) प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने न केवल प्रश्नों के उत्तर दिए, बल्कि प्रकृति प्रेम से संबंधित सुमधुर गायन और आकर्षक चित्र कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वन विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार एवं दोपहर के भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक श्री विजेंद्र सिंह, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल श्री अरुण उपाध्याय और वन विभाग के स्टाफ की उपस्थिति में सभी बच्चों को 'मिशन लाइफ' ((Mission LiFE) के तहत शपथ दिलाई गई। बच्चों ने जल संरक्षण, प्लास्टिक का त्याग और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने (Pro-Planet People बनने) का संकल्प लिया। इस पूरे आयोजन में गोदावल परिक्षेत्र के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने बच्चों को वनों के महत्व और वन्यप्राणी संरक्षण के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया।

# पाली पुलिस ने पकड़ा लाखों का अंतरजिला जुआ फड़, घुनघुटी पुलिस की सह-खामोशी पर उठे सवाल

**समाज जागरण**



पाली। घुनघुटी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत कन्नाबहरा के जंगलों में पिछले एक सप्ताह से संचालित हो रहे अंतरजिला जुआ फड़ पर आखिरकार पाली पुलिस ने दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई ने न केवल जुए के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है, बल्कि घुनघुटी चौकी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।
बताया जा रहा है कि उक्त जुआ फड़ कन्नाबहरा के जंगलों में संचालित हो रहा था, जहां उमरिया जिले के साथ-साथ शहडोल, धनपुरी,अमलई और बुढार से जुआड़ी पहुंच रहे थे। पाली पुलिस की रेड कार्रवाई में 9 से 10 जुआड़ियों को मौके से पकड़ा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुलिस ने लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये नकद तथा 10 वाहनों को जब्त किया है। सूत्रों के मुताबिक इस जुआ फड़ का संचालन कुख्यात फड़दार रजनी भूत द्वारा किया जा रहा था, कार्रवाई के दौरान रजनी फरार बताया जा रहा है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। सबसे अहम बात यह है कि यह अंतरजिला जुआ फड़ घुनघुटी चौकी क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से सक्रिय था, लेकिन स्थानीय चौकी पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी, या फिर सब कुछ जानते हुए भी अनदेखी की गई–यह सवाल अब आम चर्चा में है। गौरतलब है कि जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा कमान संभालने के बाद जिलेभर के थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद घुनघुटी चौकी क्षेत्र में इतना बड़ा अंतरजिला जुआ फड़ संचालित होना, स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। फिलहाल पुलिस उक्त मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही जब्त की गई राशि की सटीक जानकारी एवं पकड़े गए जुआड़ियों के नामों का खुलासा हो सकेगा। अब देखना यह होगा कि कार्रवाई की आंच सिर्फ जुआड़ियों तक ही सीमित रहती है या फिर इस पूरे खेल में शामिल अन्य जिम्मेदारों पर भी कोई ठोस कदम उठाया जाता है।

# चिकित्सक, मरीजो से संवेदनशीलता के साथ करें व्यवहार- क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र हितग्राहियो को दिलाएं लाभ- डॉ.एस.बी. अवधिया क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें ने स्वास्थ्य केंद्रो का किया आकस्मिक निरीक्षण, ली बैठक

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग डॉ. श्रीमती एस. बी. अवधिया ने शहडोल जिले के सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं जिला चिकित्सालय शहडोल के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरी क्षण किया। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. श्रीमती एस.बी. अव धिया निरीक्षण के दौरान उपस्थित चिकि त्सकीय अमले को निर्देश दिए कि अस्पतालो में आने वाले मरीजो के साथ संवदेनशीलता के साथ व्यवहार करते हुए उनका समुचित उपचार करें एवं स्वास्थ्य केंद्रो में आने वाले मरीजो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं जिला चिकित्सालय शहडोल के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में साफ-सफाई एवं स्वच्छता रखने, प्रसव कक्ष में शासन के प्रोटोकाल के अनुसार सभी आवश्यक दवायें एवं उपकरण तैयार रखें तथा गर्भवती माताओं के पहुंचने पर तत्काल उन्हें स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करें एवं गर्भवती माताओं को पोषण आहार व गुड़ के लडडू आदि प्रदाय किये जाएं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. एस.बी. अवधिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आई.पी.पी. 6 सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो की बैठक में निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को दिलाना सुनिश्चित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ से वंचित न रहें एवं योजनाओ का समुचित प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में लंबित प्रकरणों का संस्था प्रमुख स्वयं निरीक्षण करें, कोई भी प्रकरण अनअटेंडेंट न रहे। क्षेत्रीय संचालक ने निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनायें जाये। 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनायें जाये। उन्होने राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यकम की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा नुसार भारत को टीबी मुक्त बनाना है इसके लिए सभी समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक निःक्षय मित्र बनाकर मरीजों को फूड-बॉस्केट भी दें तथा शासन द्वारा प्रदाय पोषण राशि समय पर प्रदान करे। क्षेत्रीय संचालक ने अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शासन के मंशानुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाये। एनआरसी वार्ड में पूरे बेड भरे हो तथा डिस्चार्ज बच्चों का फालोअप भी किया जाये। सिकल सेल एनीमिया रोकथाम हेतु लोगो को जागरूक करें। बैठक में संयुक्त संचालक डॉ. जीएस परिहार, उप संचालक डॉ. रत्नेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# वार्ड क्रमांक 2 में आरसीसी नाली निर्माण की मांग, पूर्व पार्षद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

अनूपपुर।नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 2 में लंबे समय से जर्जर नाली की समस्या को लेकर पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अनूपपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वार्ड में लगभग 400 मीटर लंबी आरसीसी नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 में मनमुख लाल के घर से बिजली ऑफिस तक की नाली करीब 40 वर्ष पुरानी हो चुकी है, जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में है। नाली के टूटे होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे जलभराव, बदबू और बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उक्त नाली निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में भी स्वीकृत हो चुका है, इसके बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के पूर्व समस्या का स्थायी समाधान हो सके।
स्थानीय नागरिकों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस जनहित की मांग पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

# खनिज माफियाओं पर प्रशासन का 'वज्रपात': गोपद की छाती चीरने वालों के मंसूबे ध्वस्त, जब्त हुए बिना नंबर के 'यमराज'

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सीधी। जिले की धरा पर अवैध खनन के कालिख पोतने वाले माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन ने 'रणचंडी' का रूप धारण कर लिया है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी और पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के चक्रव्यूह में इस बार रेत के वे सौदागर फंसे हैं, जो गोपद नदी की अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे थे। कुसमी से लेकर सिहावल तक, प्रशासन की इस सर्जिकल स्ट्राइक ने माफियाओं की कमर तोड़ कर रख दी है। गोपद तट पर 'न्याय' का शंखनादः 20 डंपर रेत वापस नदी के हवाले कुसमी के ग्राम गुडुआधार में जब संयुक्त दल ने धावा बोला, तो माफियाओं के हौसले पस्त हो गए। गोपद नदी के किनारे अवैध रूप से जमा की गई 20 डंपर रेत के साम्राज्य को नायब तहसीलदार अमित दुबे, थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी और खनिज निरीक्षक शिशिर यादव की तिकड़ी ने मिट्टी में मिला दिया। * बड़ी कार्रवाईः जब्त रेत को वापस नदी की गोद में समर्पित कर दिया गया। * रास्ते बंदः माफियाओं के आने-जाने वाले 'पाप के रास्तों' को गहरे गड्ढे खोदकर हमेशा के लिए दफन कर दिया गया।
* एफआईआर की तलवारः जमीन मालिकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। सड़कों पर दौड़ते 'बेनाम' वाहनों का शिकार प्रशासन का हंटर सिर्फ तटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अवैध परिवहन में लगे बिना नंबर के वाहनों को भी दबोच लिया गया। * सिहावल का प्रहारः अमिलिया बाजार में सीना ताने दौड़ रहे बिना नंबर के रेत लदे वाहन (चेसिस-099018) को पुलिस ने धर दबोचा और अमिलिया थाने की कालकोठरी में खड़ा कर दिया।

* चुरहट में हुंकारः कमर्जी में अवैध परिवहन करते 'जॉन डियर' ट्रैक्टर को जब्त कर उसकी गरजना शांत कर दी गई। प्रशासन का अल्टीमेटमः "पाताल में भी हो, तो बख्शे नहीं जाओगे" जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में खनिज, राजस्व और पुलिस की इस संयुक्त टुकड़ी ने स्पष्ट कर दिया है कि 'मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022' के तहत कार्रवाई तो सिर्फ शुरूआत है। बिना नंबर के वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट का शिकंजा भी कसेगा। इस शौर्यपूर्ण कार्रवाई में सैनिक शिवशंकर सिंह, तेजबहादुर सिंह, अनिल पाठक और चालक रामपाल केवट ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए माफियाओं केध छक्के छुड़ा दिए।

# श्री राजपूत करणी सेना UGC के विरोध में महत्वपूर्ण बैठक आज

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी सीधी**



श्री राजपूत करणी सेना सीधी इकाई द्वारा UGC के विरोध तथा आगामी आंदोलन की रणनीति तय करने के उद्देश्य से 23 जनवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक श्री राजपूत करणी सेना के कार्यालय में दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगी, जिसमें सभी सामाजिक संगठनों एवं सवर्ण समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बाघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में UGC से जुड़े मुद्दों को लेकर समाज में रोष है, ऐसे में संगठन द्वारा आगे की कार्रवाई एवं आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए यह बैठक बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी वर्गों के समाज सेवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल होकर अपने सुझाव देंगे और आगे की रणनीति सामूहिक रूप से तय की जाएगी। सिंह ने सभी सवर्ण वर्ग, समाजसेवी साथियों एवं जिले के समस्त सामाजिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि कल निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं, ताकि UGC के खिलाफ आगामी कदमों पर एकजुट होकर निर्णय लिया जा सके।

# धान परिवहन में लापरवाही बरतने वाले परिवहनकर्ता को जारी किया नोटिस

**समाज जागरण**

कटनी।कटनी ग्रामीण तहसील के अंतर्गत संचालित धान उपार्जन केंद्र हीरापुर कौड़िया (59342186) में परिवहन हेतु 23 हजार 989 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष पाये जाने पर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने परिवहनकर्ता मेसर्स जी.आर.सी. ट्रांसपोर्ट सर्विस के श्री अशोक सलूजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। परिवहनकर्ता को 3 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने हीरापुर कौड़िया खरीदी केंद्र में परिवहन हेतु शेष धान की वस्तु स्थिति की जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री यज्ञदत्त त्रिपाठी द्वारा कराया। जांच के दौरान परिवहन कार्य में लापरवाही की जानकारी का पता चला।

**ये अनियमितताएं मिलीं**

उपार्जन केंद्र हीरापुर कौडिया को 24 दिसंबर 2025 को गोदाम स्तर से समिति स्तरीय कर दिया गया था। तदुपरांत मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम कटनी द्वारा ट्रांसपोर्ट आर्डर (TO) जारी कर श्रद्धा वेयरहाउस में परिवहन हेतु आदेशित किया गया। इसके बाद भी उपार्जन केन्द्र में 23 हजार 989 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष पायी गयी। उपार्जन केन्द्र को समिति स्तरीय किये जाने के 14 दिन बाद 7 जनवरी को मात्र 5 ट्रक से 1587.20 क्विंटल धान का ही परिवहन किया गया एवं 7 जनवरी के उपरांत जांच दिवस तक कुल 12 दिनों में परिवहनकर्ता द्वारा परिवहन की मात्रा निरंक पायी गयी। इस प्रकार समिति स्तरीय उपार्जन केन्द्र होने के उपरांत भी 26 दिनों में परिवहन मात्रा शून्य रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने परिवहनकर्ता के इस कृत्य को खेदजनक माना। उपार्जन समीक्षा बैठकों में कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा परिवहन हेतु अधिक मात्रा लंबित होने वाले उपार्जन केन्द्रों में प्राथमिकता से ट्रक लगाकर परिवहन कराये जाने के निर्देश दिये जाने के उपरांत भी हीरापुर कौड़िया से परिवहन नहीं कराया गया। उपार्जित मात्रा के विरुद्ध 56 फीसदी स्कंध परिवहन हेतु शेष है, जो कि जिले में सर्वाधिक है।, जिससे स्पष्ट होता है कि परिवहन का वरीयता क्रम तय करने में परिवहनकर्ता द्वारा स्वेच्छा चारिता बरती गई।इस प्रकार आपके द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जारी नीति का पालन नहीं किया गया और उपार्जन नीति के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है।

**इन बिंदुओं पर मांगा जवाब**

कलेक्टर तिवारी द्वारा परिवहनकर्ता को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि परिवहन नहीं करने के लिये क्यों न पेनाल्टी अधिरोपित की जाये और आगामी परिवहन के लिये ब्लैक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही संस्थित की जावे। इन बिंदुओं पर जवाब तलब किया गया है।उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की दशा में यह माना जावेगा कि अपने पक्ष या समर्थन में कुछ नहीं कहना है। तदनुसार प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

# 24 जनवरी को शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगी राजपूत करणी सेना

**समाज जागरण**



धनपुरी।श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अमृता गर्ग को ज्ञापन सोपा गया ।ज्ञापन में कहा गया है कि सोहागपुर क्षेत्र अमलाई ओ.सी.एम. में कोयला एवं ओ.बी. उत्खनन का कार्य मेसर्स आर.के.टी.सी. कंपनी को दिया गया है। जिसका कार्य माह अगस्त से प्रारंभ किया जा चुका है इसी परिप्रेक्ष्य में अमलाई ओ.सी.एम. से लगे आसपास गांव के कुशल व अर्धकुशल बेरोजगार युवाओं को कपनी में कार्य दिये जाने हेतु पूर्व में भी संगठन के माध्यम से आपको पत्र लिखा गया था।परन्तु कंपनी द्वारा स्थानीय चयनित युवाओं का मेडिकल वेरीफिकेशन वोकेशनल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट मेडिकल बी-फार्म जैसे समस्त दस्तावेजों का परीक्षण पूर्ण कराने के बाद भी आज दिनांक तक उक्त चयनित युवाओं को रोजगार प्रदान नही किया जा रहा है साथ ही कंपनी के द्वारा अन्य राज्यों से औद्योगिक प्रभावित क्षेत्र के बाहर के लोगो को कार्य पर रखा गया है, जो कि सर्वथा अनुचित एवं कंपनी नियमों के विरूद्ध है। कंपनी ने कई बार संगठन को समय देकर मिलने की बात कही पर मिलती नही है और पूछे जाने पर कहती है कि अभी हमारे जिम्मेदार अधिकारी यहां पर नहीं है कंपनी के द्वारा बार-बार टालमटोल किया जा रहा है।अतः हम बेरोजगार युवक विवश होकर इस पत्र के माध्यम से आपको सूचित कर रहे 60 कि हम सर्व समाज एवं क्षेत्रीय बेरोजगारों को लेकर दिनांक 24.01.2026 को समय सुबह 11.00 बजे अपनी मांग व समस्याओं को लेकर कंपनी के समक्ष शांतिपूर्ण ढंग से मेसर्स आर. के.टी.सी. कंपनी के विरूद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# 26 जनवरी को गणतंत्र उत्सव के उपरांत नगर परिषद पहुंचेंगे प्रभारी मंत्री

**समाज जागरण**

अनूपपुर / मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार 23 जनवरी को दोपहर 1 बजे छतरपुर जिले से अनूपपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 8 बजे अनूपपुर पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे गुरू द्रोणाचार्य स्टेडियम कोतमा में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग (क्रिकेट टूनामेंट) में सम्मिलित होंगे। शाम 6 बजे सर्किट हाऊस अमरकंटक पहुंचेंगे। अमरकंटक में शाम 7 बजे मां नर्मदा जी की महाआरती में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 25 जनवरी को प्रातः 10 बजे मां नर्मदा का पूजा-अर्चन, प्रातः 11 बजे मां नर्मदा प्रांगण में मां नर्मदा जन्मोत्सव कार्यक्रम, दोपहर 12 बजे कन्या पूजन एवं भण्डारा कार्यक्रम, शाम 6:45 बजे नर्मदा प्रांगण में महाआरती, शाम 7:15 बजे रामघाट में महाआरती, रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 26 जनवरी को प्रातः 8:58 बजे गणतंत्र दिवस समारोह स्थल शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर पहुंचेंगे। प्रातः 9 बजे गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम, दोपहर 12:30 बजे मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1:30 बजे नगर परिषद बरगवां से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# यूपी अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत में कानपुर में उमड़े भाजपाई : जाम से हुई भारी परेशानी

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद आज गुरुवार को पहली बार कानपुर आए पंकज चौधरी के स्वागत में भाजपायों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कई जगह जाम लगने के फलस्वरूप राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर कार्यकताओं में आपस में भिड़ंत भी हुई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आगमन पर इस भव्य स्वागत के दौरान जाजमऊ से शहर में प्रवेश करते समय गंगा के रास्ते नावों से केसरिया गुब्बारे भी उड़ाए गए। इस अनोखे स्वागत में मछुआरा समाज की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। इस बीच गंगा घाट से लेकर शहर की सीमा तक उत्साह का माहौल नजर आया।
भाजपा के प्रदेश अध्यक्षपंकज चौधरी के स्वागत कार्यक्रम में कानपुर समेत आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यकताओं ने जेसीबी मशीन के जरिए प्रदेश अध्यक्ष पर फूल बरसाए। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। यही नहीं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जाजमऊ और आसपास के मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी, जिससे राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा। आज गुरुवार को यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत को भव्य बनाने के लिए जाजमऊ स्थित स्वागत स्थल पर करीब 200 किलो फूलों की व्यवस्था की गई थी। रोड शो के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। उनके स्वागत के दौरान सांसद रमेश अवस्थी ,विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व विधायक अजय कपूर ,महापौर प्रमिला पांडे, कानपुर बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित सभी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भभुआ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की टीम को 5 विकेटों हराकर फाइनल में किया प्रवेश

### क्रिकेट ग्राउंड सजकर तैयार, आज होगा दुद्धी व भभुआ के बीच फाइनल मुकाबला.

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



सोनभद्र/दुद्धी। सोनभद्र जिले के टाउन क्लब दुद्धी खेल मैदान पर चल रहे 39वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट में दूसरा सेमीफाइनल मैच बृहस्पतिवार को भभुआ बिहर व पं. दीनदयाल उपाध्याय उत्तर प्रदेश के बीच मैच खेला गया. टॉस भभुआ के कप्तान विकास पटेल ने जीता. टॉस जीतकर कप्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया.पहले बल्लेबाजी करते हुए पं. दीनदयाल की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाये. जिसमें नीरज पटेल ने 3 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 43 रन, निखिल ने 5 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 43 रन, आकिफ ने 2 छक्के व 4 चौके की मदद से 35 रन एवं रौनक ने 2 छक्कों व 4 चौकों की मदद से 31 रन अपने टीम के लिए जुटाए. गेंदबाजी करते हुए भभुआ की टीम के खिलाड़ी गौरव ने 4 ओवरों मे 21 रन देकर 2 विकेट, सिद्धार्थ ने 4 ओवरों में 27 रन देकर 2 विकेट, दानिश खान ने 4 ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट तथा अनुभव ने एक ओवर में 8 रन देकर एक विकेट हासिल किया. दूसरी पाली में बल्लेबाजी करते हुए भभुआ की टीम ने 16.5 ओवरों में 5 विकेट खोकर 186 रन बनाए. जिसमें तौफीक ने 7 छक्कों और 2 चौकों की मदद से सर्वाधिक 53 रन, अनुभव ने 2 छक्कों व 6 चौकों की मदद से 46 रन,सैफ ने 1 छक्का व 7 चौकों की मदद से 38 रन एवं विकास ने 2 छक्कों व 3 चौकों की मदद से 28 रन अपने टीम के लिए अर्जित कर, फाइनल मैच में प्रवेश कराया. गेंदबाजी करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय की टीम के खिलाड़ी सत्यम ने 4 ओवरों में 54 रन देकर 2 विकेट, अजमत ने 4 ओवरों में 31 रन देकर एक विकेट, गया ग्याशु ने 2.5 ओवरों में 35 रन देकर एक विकेट एवं अरमान ने चार ओवरों में 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया. इस तरह से भभुआ की टीम ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की टीम को 5 विकेटों से पराजित कर, फाइनल में प्रवेश कर लिया. मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भभुआ टीम के खिलाड़ी अनुभव को मैन ऑफ द मैच घोषित कर, मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश गुप्ता के हाथों पुरस्कृत किया गया. मैच मे अंपायर की भूमिका गौस मोहम्मद खां उर्फ गांधी व इकबाल कुरैशी ने निभाया.कमेंट्री सुनील जायसवाल व सलीम खान ने की. स्कोरर की भूमिका अयाज ने निभायी. आज 39वें क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी ए व भभुआ बिहार के बीच टीसीडी खेल मैदान पर सुबह 10 बजे खेला जाएगा।

# बाइक और वैन में हुई आमने सामने जोरदार टक्कर, बाइक सवार घायल

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना के अंतर्गत चोपन रोड पर बाइक और वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ' घटना के बाद आस पास के लोगों तुरंत घायल व्यक्ति को



परियोजना हॉस्पिटल ओबरा पहुंचाया और पुलिस को इसकी जानकारी दी 'सुचना मिलते ही ओबरा थाना के देवान संतोष पटेल और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। डाक्टरों के मुताबिक बाइक सवार का पैर फ्रैक्चर हो गया है ' स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए घायल को जिला अस्पताल भेज दिया।

# समाजवादी चिंतक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की मनाई गई जयंती

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। समाजवादी आंदोलन के चिंतक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर मनाई गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव समाजवादी अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री व्यास जी गोंड ने कहा कि आज हम लोग ऐसे समाजवादी चिंतक का पूर्णयतिथि मना रहे हैं जिन्होंने अपने जीवन काल में कभी भी पैसे के पीछे नहीं भागे वह हमेशा समाजवादी की लड़ाई लड़ने का काम किया और हर गरीब तबके लोगों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम किया और हमेशा समाजवादी पार्टी के करवा को आगे बढ़ने का काम किया उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सड़क से सदन तक हर गरीबों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं और हर तरह से उनकी मदद करने का काम कर रहे हैं यदि हर वर्ग का विकास किसी पार्टी में है तो वह समाजवादी पार्टी है जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है यहां तक की धर्म गुरुओं को भी अपमानित इस भाजपा सरकार में किया जा रहा है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री व्यास जी गोंड जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल प्रधान मन्नू पांडेय महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर कुमारी मंदाकिनी पांडेय कुमारी निधि पांडेय अशोक पटेल विनीत पांडे सूरज मिश्रा गुलाम यासीन सुशील राय विनीत पासी जयप्रकाश मौर्य सरदार पारब्रह्म सिंह त्रिपुरारी गोंड अफरोज खान पंचदेव सिंह खरवार विष्णु कुशवाहा के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धान कि खरीद नहीं होने पर पूर्व विधायक रमेश चन्द्र दुबे ने जताई नाराजगी



**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। शासन द्वारा धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाए जाने के बाद घोरावल तहसील क्षेत्र के विभिन्न धान क्रय केंद्रों पर धान की तौल शुरू हो गई है। इससे क्रय केंद्रों पर धान लदा ट्रैक्टर लेकर इंतजार कर रहे किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं पूर्व विधायक रमेशचंद्र दुबे ने क्रय केंद्र घोरावल मंडी में पहुंच कर धान खरीद में किसानों को हो रही समस्याओं पर आक्रोश जताया। घोरावल तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर एक दर्जन से अधिक धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1 नवंबर 2025 से धान खरीद की जा रही है। सोनभद्र जिले के लिए सरकार ने 1080000 कुंतल खरीद का लक्ष्य रखा था जिसे बीते दिनों पूरा कर लिया गया था। लक्ष्य पूरा हो जाने के बाद पोर्टल बंद हो गया था, जिससे किसानों में आक्रोश था। इसका संज्ञान लेकर शासन ने अब धान खरीद का लक्ष्य 170000 कुंतल बढ़ाकर 12.50 लाख कर दिया गया है। इसके बावजूद किसानों का आरोप है कि उनसे धान खरीद नहीं की जा रही है। लालता, रामधनी, सुखनंदन इत्यादि किसानों ने बताया कि उनका धान क्रय केंद्र पर खड़ा है, जिसकी तौल नहीं की जा रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर मौके पर पहुंचे रमेश चंद्र दुबे ने धान क्रय केंद्र प्रभारी से आक्रोश जताया और मांग किया कि सभी किसानों के धान का तौल कराया जाए। क्षेत्रीय विपणन अधि कारी दीपक वशिष्ठ ने बताया कि जिले में 10.80 लाख कुंतल धान खरीद किया जा चुका है। लक्ष्य पूरा होने के बाद कुछ दिन पोर्टल बंद होने से खरीद प्रभावित हुआ था। शासन द्वारा 1.70 लाख कुंतल धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाए जाने के बाद से अब पोर्टल शुरू हो गया है। एक केंद्र पर 200 कुंतल धान खरीद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घोरावल तहसील में कुल 25000 किसानों ने धान खरीद के लिए पंजीकरण कराया था। अभी तक 11000 किसानों का धान क्रय किया गया है। पैदावार के सापेक्ष लक्ष्य कम होने से दिक्कत हो रही है। धान बेचने के इच्छुक किसानों को टोकन दिया गया है। टोकन नंबर से किसानों की धान खरीद की जा रही है।

## श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, विश्राम दिवस पर भावुक हुए श्रद्धालु



**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। चतरा ब्लॉक के ग्राम नरोतमपुर (पो०-पकरहट, पनुगंज) में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है।आज कथा के सप्तम दिवस एवं विश्राम दिवस पर कथा स्थल श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। प्रातः से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। कथा के दौरान जैसे-जैसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, सुदामा चरित्र एवं मोक्ष प्रसंगों का वर्णन हुआ, वैसे-वैसे श्रद्धालु भावविभोर होते चले गए। कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और अधिक प्रबल हुआ है। आज के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर अपने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ भागवत कथा में सम्मिलित हुए। उन्होंने कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज देवा पाण्डेय ने ठाकुर जी के चरणों मे प्रणाम करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक मंडल ने क्षेत्र के लोगों की भक्ति-भावना की सराहना की तथा कहा कि श्रीमद्भागवत कथा समाज को संस्कार, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर गुरुदेव भगवान श्री मनीषानंद जी महाराज के अनन्य सेवक, कथा व्यास परम पूज्य श्री सक्षम कृष्ण जी महाराज द्वारा अमृतमयी एवं अत्यंत भावपूर्ण कथा प्रवाह किया जा रहा है। उनकी ओजस्वी वाणी,सरल व्याख्या और भक्ति रस से परिपूर्ण प्रवचनों ने श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया।श्रद्धालु भाव-विभोर होकर हरि-हरि और राधे-राधे के उद्घोष करते नजर आए। कथा आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने बताया कि विश्राम दिवस के उपरांत आगामी दिवस में विधिवत पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। यह भागवत कथा न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज को जोड़ने, संस्कारों को सुदृढ़ करने और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुभासपा नित्यानंद पाण्डेय,प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, हिंदुस्तान सत्यनारायण मौर्या जिला महासचिव सोनभद्र सोनमती, अनुराग वियार, सौरभ कांत पति तिवारी, समेत क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## करमा विकासखंड में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, तेजस्वी किसान मार्ट के नेतृत्व में प्रशिक्षण



**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद की घोरावल तहसील अंतर्गत करमा विकासखंड स्थित खुटहनिया ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय परिसर में तेजस्वी किसान मार्ट के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उद्यमिता एवं मूल्य संवर्धन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सोनभद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रश्मि सिंह ने महिलाओं को टमाटर से निर्मित घरेलू उत्पाद– चटनी, सॉस, जैम, जैली, प्यूरी, पापड़ आदि–के निर्माण, संरक्षण एवं विपणन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान सहजन (मोरिंगा) के पोषणात्मक, औषधीय एवं आर्थिक लाभों तथा उसके दैनिक जीवन में उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा की गई। तेजस्वी संगठन न्यास एवं तेजस्वी किसान मार्ट के संस्थापक ई. प्रकाश पाण्डेय ने मार्केट लिंकेज, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों को सीधे बाजार से जोड़कर महिलाओं की आय में वृद्धि की जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत ग्राम उत्पादक समूह के गठन पर चर्चा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रियंका देवी को अध्यक्ष, सीता देवी को सचिव एवं आराधना मौर्या को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में सीता देवी (समूह सखी), आराधना मौर्या (समूह सखी), वन्दना देवी, जोगिनी, इसरावती, नजमुन, राउती, सरिता, सरोज देवी, सुषमा कुमारी, अनिता, राधिका, विंध्यवासिनी, ओम प्रभा, रामपली, सकीना, सजीलम एवं गुलाबी की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र सोनभद्र के सौरभ कुमार यादव, राजेश कुमार, दीनानाथ एवं ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को महिलाओं की आत्मनिर्भरता एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## सीता विवाह के साथ सिंदुरिया गांव का हर वर्ष मंचन होने वाला श्री रामलीला का आज हुआ विश्राम



**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। सिन्दूरिया मे चल रहे 100 वर्ष से अधिक संचालित रामलीला गांव के लोगों एवं परिवार के लोगों के लिए अनुष्ठानिक आयोजन के रूप में मनाया जाता है ऐसी मान्यता है भगवान श्री राम के चबूतरे पर माथा टेक कर जो मन्नत कर दी जाती है उसे प्रभु श्री राम पूरा कर देते हैं ।इसलिए राम जन्म और धनुष यज्ञ के दिन दूर दराज क्षेत्रों से भी अपनी मन्नत पूर्ण करने के लिए प्रार्थना करने हेतु जिनकी मन्नत पूर्ण हो गई रहती है। दर्शन पूजन के लिए प्रत्येक वर्ष आते हैं सीता विवाह के आयोजन के पश्चात एक दिन बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं ।इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेश पांडेय .विद्या शंकर पांडेय . व्यास मुरली तिवारी .नरसिंह त्रिपाठी .राम जानकी पांडेय .उदय नारायण पांडेय .राम नारायण पांडेय .वीरेंद्र पांडेय .नागेंद्र पांडेय .प्रेम शंकर पांडेय . श्री राम पांडेय . रमा शंकर पांडेय दिनेश पांडेय .अशोक पांडेय . विशाल पांडेय . राधा रमण पांडेय . रबि पांडेय, श्रीनाथ पांडेय . कमलेश पांडेय सहित समस्त पाण्डेय परिवार एवं परिवार एवं ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

## कांग्रेस कमेटी कोन की पहल पर, लोगों ने चंदा इकट्ठा कर कराया पुलिया मरम्मत, लोगों को मिली राहत





**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन के रोरवा से गीधिया मार्ग पर ढोढ़ियाही बंधवाखाडी में आर एस विभाग से बना पुलिया वर्षो से ध्वस्त पड़ा था जहाँ आय दिन बाईक सवार आदि चोटहिल हो रहे थे। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा स्थानीय जन प्रतिनिधि, संबंधित विभाग सहित विधायक/सांसद को अवगत कराया गया था पर उक्त मामले पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। बतातें चलें कि यह मार्ग भालुकूदर अजनिया गीधिया के लोगों के प्रमुख मार्ग है जिसका निर्माण लगभग आठ वर्ष पहले आर एस विभाग से बना था जो अपने आप विभाग का पोल खोल दी है। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर भ्रष्टाचार की मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने वाले सरकार में गुणवत्ता विहीन कार्य कैसे हुआ। कुछ जानकारों का कहना है कि कार्यों की समय समय पर टेक्निकल जाँच क्यों नहीं होती है। जिसके क्रम में ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया जिससे पुलिया ध्वस्त हो गई और संबंधित विभाग की पोल खोल दी। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा कांग्रेस कमेटी कोन के पदाधिकारियों के सामने पुलिया मरम्मत की मांग रखी जिस पर ब्लॉक कांग्रेस महासचिव ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए पुलिया मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। जिसके क्रम में उनके द्वारा ग्रामीणों साथ बैठक किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर से चंदा एकत्रित कर पुलिया निर्माण कराने की सहमति दे दी। तत्पश्चात ग्रामीणों ने सहयोग के रुपये से मरम्मत कार्य पूरा हो सका। जिसके क्रम में पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता ने लोगों की सराहना किया। निर्माण कार्य में मुख्य रूप से योगदान देने वालों में सीताराम यादव कामेश्वर, सीताराम, शंकर, आकाश, रंजन सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे, जिसकी लोगों ने सराहना किया।

## शिव मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा को लेकर भव्य जलाभिषेक, सैकड़ों महिलाओं की रही सहभागिता



**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। निषाद पार्टी की जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद द्वारा स्वयं निर्मित भगवान शिव के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर धार्मिक उत्साह को लेकर इसी क्रम में मंदिर परिसर में भव्य जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। वहीं पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार लगातार चलता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। निषाद पार्टी की जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने बताया कि कल दिनांक 23 जनवरी 2026, बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर भगवान शिव की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की।स्थानीय श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम में राकेश निषाद, विश्राम निषाद, रामधारी निषाद, गणेश गुप्ता, बजरंगी सेठ, प्रदीप निषाद राजेश निषाद यदि लोग उपस्थित रहे।

## गौ तस्करों व पुलिस की मुठभेड़ में, 02 नफर गौ तस्कर घायल/गिरफ्तार

### 01 मुख्य आरक्षी को गौ तस्करों द्वारा पिकअप से टक्कर मारकर किया घायल



**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद में गौ-तस्करी, अन्तर्राज्यीय गौ-तस्करों तथा वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.01.2026 को थाना घोरावल, करमा व शाहगंज पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ पशु तस्कर 01 पिकअप (बिना नम्बर प्लेट के) से कुछ गौवंश को मध्य प्रदेश वार्डर (थाना घोरावल क्षेत्र) से बिहार वध करने हेतु ले जा रहे है। उक्त सूचना पर थाना घोरावल, करमा व शाहगंज पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग टीमे बनाकर तत्काल मौके पर पहुँचकर खाखे मोड़ नहर पुलिया चौराहा के पास घेराबन्दी की गई। जिसमें खुद को घिरता देखकर अपराधियों द्वारा भागने के प्रयास में पिकअप से एक मुख्य आरक्षी को टक्कर मारकर घायल कर दिया गया एवं भागने के दौरान पुलिस बल के उपर फायरिंग शुरू कर दी गई, जिसमें पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तगण 01. चालक सिद्धनाथ खरवार पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम अमहरा, थाना अधौरा जिला कैमूर, बिहार उम्र करीब 29 वर्ष एवं 02. वाहन मालिक ओमप्रकाश यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी चैनपुर, भभुआ बिहार उम्र करीब 30 वर्ष के पैर में गोली लगने से घायल/गिरफ्तार हो गये व कब्जे से 01 पिकअप वाहन में 09 राशि गौवंश(एक मृतक अवस्था में), 02 अदद अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । घायल अभियुक्तों एवं घायल मुख्य आरक्षी राजीव कुमार को इलाज हेतु सीएचसी घोरावल पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना घोरावल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम कैमूर बिहार के रहने वाले है। हम लोगों का एक गिरोह है जो काफी दिनों से गौ तस्करी का काम करते है। हम लोग आज भी इन 09 राशि गौवंशों को मध्य प्रदेश के बॉर्डर(थाना घोरावल क्षेत्र) के पास से लादे थे तथा नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाते थे। इसके पूर्व में भी कई बार हम लोग इसी योजना के तहत ले चुके है। वध के लिए बिहार से पश्चिम बंगाल भेजा जाता है।

## पुलिस अधीक्षक सोनभद्र का थाना मांची में आकस्मिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक निर्देश



**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**

सोनभद्र। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली की प्रभावी समीक्षा के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना मांची का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था एवं लंबित विवेचनाओं की स्थिति का गहन एवं क्रमवार अवलोकन किया गया। उन्होंने अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव एवं कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मांची स्थित मिशन शक्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बालिकाओं से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति, जागरूकता गतिविधियों एवं संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की गई। महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधि कारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा थाने पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, फरियादियों से शालीन, संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने तथा अपराध नियंत्रण हेतु सतर्क एवं सक्रिय कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित मामलों में विशेष सतर्कता बरतने, साइबर अपराधों पर प्रभावी निगरानी, जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा थानास्तर पर अनुशासनात्मक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा , अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए पुलिस-जन विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया गया।

## डिजिटल साक्षरता और गुणवत्ता से उद्यमी महिलाएं छूएंगी नई ऊंचाइयां: सीडीओ

### डायट परिसर में दो दिवसीय सरस मेले का आयोजन, लखपति दीदियों के उत्पाद बने आकर्षण





**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। महिला सशक्तिकरण को गति देने के उद्देश्य से डायट परिसर में दो दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने किया। मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की ह्यलखपति दीदियोंह्न द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए सीडीओ ने महिलाओं के हुनर और स्थानीय उत्पादों की सराहना की तथा उन्हें बाजार की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया। उद्यमी महिलाओं को संबोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि आज के दौर में उत्पाद की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और डिजिटल माध्यमों का उपयोग अत्यंत आवश यक है। उन्होंने डिजिटल लेनदेन, ऑनलाइन भुगतान और आय-व्यय के सुव्यवस्थित लेखा-जोखा रखने की सलाह दी। इस आयोजन ने न केवल ग्रामीण उत्पादों को मंच प्रदान किया, बल्कि महिलाओं में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को लेकर नया आत्मविश्वास भी पैदा किया।

## कारागार सोनभद्र : न्यायाधीश के निरीक्षण में विचाराधीन बंदियों की संख्या 635 एवं सिद्ध दोष कैदी 138 मिले



**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के आदेशानुसार गुरुवार 22 जनवरी 2026 को शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र ने जिला कारागार, सोनभद्र का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता / जागरूकता शिविर का आयोजन किया। निरीक्षण के दौरान अरुण कुमार मिश्र जेल अधीक्षक, सोनभद्र तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें। जेल में निरूद्ध बंदियों की कुल सं० 773 थी जिसमें विचाराधीन बंदियों की सं० 635 एवं सिद्धदोष बंदियों की सं० 138 थी। जिला कारागार में सिद्धदोष बंदियों से एक-एक कर सजा के विरूद्ध अपील के बावत बातचीत किया गया तथा सभी को बताया गया कि यदि वे किन्हीं कारणों से प्राइवेट अधिवक्ता के माध्यम से अपील करने में सक्षम ना हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से सजा के विरूद्ध अपीलीय न्यायालय में योजित कर सकते है। इसके अलावा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बंदियों की नियमानुसार सूचना संबंधित न्यायालय में देना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बैरको में कदियों से मुलाकात कर निःशुल्क विधिक सहायता, सजायाफ्ता बंदियों के अपील के प्रावधान के संबंध में नियमित पेशी खान-पान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बावत उन्हे बताया गया। जेल में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों से एक-एक कर बातचीत कर उनके मुकदमें की प्रगति एवं जमानत के संबंध में पूछताछ किया गया। इसके अलावा उपस्थित सभी बंदियों को नालसा द्वारा चलायी गयी सभी स्कीमों के बारे में भी जागरूक करते हुए उसके लाभों से अवगत कराया गया। इसके अलावा कारागार सोनभद्र में स्थित पाकशाला, पाठशाला, नव निर्मित महिला बैरक, पुरूष बैरक, चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। बैरक में साफ-सफाई व ठंडी से बचाव के लिए किए गए इंतजाम को देखने के बाद बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया। किसी भी बंदी द्वारा किसी विशेष प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। निरीक्षण के दौरान समक्ष आयी कमियों के सुधार हेतु जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया। यह जानकारी शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा दी गई।

## थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित वांछित वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन/पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.01.2026 को प्रभारी निरीक्षक थाना हाथीनाला के नेतृत्व में गठित तलाश/वारंटी टीम द्वारा वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियान के अन्तर्गत मु0अ0सं0 13/2022, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित वांछित/वारंटी अभियुक्त जगशाह सिंह पुत्र शिवराज सिंह, निवासी ग्राम बड़गड़, थाना मोरवा, जिला सिंगरौली, उम्र लगभग 50 वर्ष, को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम -1. उ0नि0 राजेश कुमार राय, 2. हे0का0 मनोज कुमार थाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र

## रोड पार करते समय टैंकर की चपेट में आने से छात्र की हुई दर्दनाक मौत



**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

सोनभद्र। लोढी पॉलिटेक्निक की परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्रों की खुशी उस समय मातम में बदल गई, जब रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी चौकी इलाके में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब तीनों छात्र एक ही बाइक से घूमने के लिए जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन छात्र पॉलिटेक्निक की परीक्षा देने संत कीनाराम कॉलेज उरमौरा आए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद तीनों अपाचे मोटरसाइकिल से ईको प्वाइंट की ओर निकले। करीब साढ़े तीन बजे मणि मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लोढ़ी के सामने अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक के फिसलते ही पीछे बैठा 17 वर्षीय छात्र शिवकुमार सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान रॉबर्ट्सगंज से चोपन की ओर जा रहे तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही लोढ़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल लोढ़ी भेजवाया। पुलिस ने बाइक और टैंकर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक का माहौल बन गया।

## हाई टेंशन टावर पर चढ़ा युवक गिरने से हुई दर्दनाक मौत

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ओबरा थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के टोला खैरटिया में एक युवक की हाई टेंशन बिजली टॉवर पर चढ़ने के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय और भी गंभीर हो गई जब युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर मौजूद थे और लगातार उसे समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस की ओर से युवक के नशे की हालत में होने की भी आशंका जताई जा रही थी। जानकारी के मुताबिक, युवक अचानक टॉवर पर चढ़ गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते भारी भीड़ वहां जमा हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और हर संभव तरीके से युवक को नीचे लाने का प्रयास किया। लेकिन इसी बीच युवक अचानक असंतुलित होकर टॉवर से गिर पड़ा। गिरते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जिससे वहां मौजूद लोग सकते में आ गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक किन परिस्थितियों में हाई टेंशन बिजली टॉवर पर चढ़ा था। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# छात्रों ने किया रेल-इंजन कारखाना का भ्रमण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकास खंड के बच्चों का विज्ञान के प्रति मनोवृत्ति विकास के उद्देश्य लिये हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय के 100 छात्रों के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस विजिट के बस को हरी झंडी दिखा कर खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी के






लिए रवाना किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि यह विजिट आपको विज्ञान के क्षेत्र में नवीन कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। विजिट के प्रारंभ होने से पहले राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का लोगों लगे हुए टी शर्ट एवं टोपी लगाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे ।बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रेक्षा गृह में कारखाने की महत्व पूर्ण जानकारियों का ब्रीफिंग किया गया बच्चों ने जिज्ञासु भरे प्रश्नों के माध्यम से संवाद स्थापित किया। उसके बाद इंजन के विभिन्न यंत्रों के निर्माण संबंधी बारीकियों भ्रमण करते हुए समझा। इसके उपरांत परिसर स्थित सूर्य सरोवर का अवलोकन किया और वही पर सामूहिक लंच कर आनंदित हुए। इस विजिट के साथ विज्ञान ए आर पी शशि प्रकाश राय, गणित ए आर पी राकेश बिंद विज्ञान शिक्षक विजय कुमार सिंह, सर्वेश सिंह, रचना सिन्हा, गार्गी द्विवेदी। छात्रों के बीच एक्सपोजर विजिट रिपोर्ट बनाने हेतु अवश्यक स्टेशनरी वितरित किया गया।

# अमृत सरोवर रसूलपुर बना आकर्षण का केंद्र, पानी लबालब, सैर सपाटे का पिकनिक स्पॉट बना

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी काशी खण्ड पंचकोशी परिक्रमा मार्ग के तीसरे पड़ाव तीर्थ धाम रामेश्वर के समीप वरूणा नदी के आंचल में विकास खण्ड पिंडरा के ग्राम पंचायत रसूलपुर का एक धार्मिक ,ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व है जहाँ मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की पगधुली और महाभारत काल के पांडवों की शरणस्थली और तपस्थली का केंद्रबिंदु है।

इस स्थल के बदहाली को नवजीवन देने वाले प्रथम तौर पर प्रधान कैलाश यादव के दादा डीएलडब्ल्यू से सेवानिबरित्त स्व0 रामदुलार यादव ने एक एक रुपये के योगदान से मन्दिर जीर्णोद्धार शुरू किया। पिता बच्चा लाल यादव ने स्थल की नियमित देखरेख,पूजन की जिम्मेदारी निभाई वहीं होनहार स्नातक पास प्रधान कैलाश यादव ने विकास से चमकाने का कार्य किया। 17 लाख रुपये खर्चकर 5 बीघे के जीर्ण -शीर्ण सरोवर को अमृत सरोवर बनाने के दिशा में सीढ़ी, घाट,पौधरोपण,20 फीट चौड़ा कच्चा





पाथवे ,बाउंड्री,सुंदरीकरण का कार्य किया।जिस तालाब में बच्चे क्रिकेट खेलते,जानवर विचरण करते,चिनाई के ईंट टूटकर बिखर रहे थे उसे सुंदर बनाकर वर्षाजल से लबालब कर दिया। आउटलेट ,इनलेट से पानी की समुचित आवागमन को नियमित साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। प्रधान ने कहा कि आकर्षण का केंद्र बना अमृत सरोवर मेरे जीते जी अब कभी नही सूखेगा। इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में ग्राम पंचायत के आय के लिए नौकायन, रंगीन लाइटिंग, फौब्बारे भी जल्द लग जाएंगे।

इस स्थल की धार्मिक,ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए प्रधान के निवेदन पर साउथ की माता जी ने मन्दिर और मूर्तियों तक को नवीनता देते हुए सरोवर के तट और पंच शिवाला मन्दिर के समीप आकर्षक सज्जा के साथ 12 फीट आकर्षक ऊंची शिवलिंग की स्थापना कराकर सरोवर में चार चांद लगा दिया। अब सुबह शाम टहलने ,खुली हवा और भोले बाबा सहित अन्य देव विग्रहों के दर्शन सहित मनोरंजन व शांति के लिए लोग आते हैं और आनन्द लेते नजर आते हैं।

प्रधान कैलास यादव की अभी और भी कुछ नयापन करने का सपना है उसके लिए अभी से सोच लिए हैं । अमृत सरोवर प्रदेश का आधुनिक सरोवर एक दिन बनकर पूरा होगा।

# सेवापुरी ब्लॉक मुख्यालय पर मतदाता सूची नामांकन के लिए लगा कैंप

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) कार्यक्रम के तहत एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में मतदाता सूची में नामांकन के लिए प्रपत्र जमा करने से छूटे हुए लोगों को बुलाया गया था। कुल 155 लोगों ने अपने प्रपत्र जमा किए।कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकास क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 750 लोगों को नोटिस जारी की गई थी। इनमें से लगभग 250 लोग कैंप में उपस्थित हुए। हालांकि, 95 लोग किसी कारणवश अपने प्रपत्र जमा नहीं कर पाए, जिन्हें अगले दिन बुलाया गया है।इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है। इसमें सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) दीपाली मौर्य (नायब तहसीलदार सेवापुरी), खंड विकास





अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय यादव, सीडीपीओ राजेश कुमार गोंड और ज्वाइंट खंड विकास अधिकारी सेवापुरी गिरीश मिश्रा शामिल हैं।यह टीम प्रतिदिन ब्लॉक मुख्यालय में छूटे हुए लोगों को बुलाकर उनके प्रपत्र भरवाने और जमा करवाने का कार्य जारी रखेगी। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह ने दी।

# SHEAT (शियट) इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव वाराणसी SHEAT (शियट) इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनोज वर्मा, आर.टी.ओ. प्रवर्तन रहे। उनके साथ श्री राघवेंद्र सिंह, आर.टी.ओ. प्रशासन एवं श्री सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज की ओर से कार्यक्रम में निदेशक श्री एन. शुक्ला एवं प्रशासन प्रमुख श्री विनय भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत SHEAT (शियट) कॉलेज के निदेशक श्री एन. शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए की गई। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों से वाहन चलाने से पूर्व अनिवार्य रूप से ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की अपील की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने का आग्रह किया।

इसके पश्चात परिवहन विभाग की ओर से श्री सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन ने वाराणसी में




सड़क सुरक्षा की गंभीर स्थिति एवं यातायात नियमों के अनुपालन स्तर पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएँ एवं उनसे होने वाली दुखद घटनाएँ रोकी जा सकती हैं। सड़क दुर्घटनाएँ संयोग नहीं बल्कि गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार और जोखिमपूर्ण ड्राइविंग का परिणाम होती हैं। ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना तथा गलत ओवरटेकिंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं।

इसके बाद श्री राघवेंद्र सिंह, आर.टी.ओ. प्रशासन ने ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी, क्योंकि कार्यक्रम में उपस्थित अधिकांश विद्यार्थी 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के थे।

अंत में श्री मनोज वर्मा, आर.टी.ओ. प्रवर्तन ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन के संदर्भ में रीटेक का कोई विकल्प नहीं होता। एक छोटी सी लापरवाही भी किसी के जीवन में गंभीर चोट या मृत्यु जैसी भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई—यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं साथियों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के संदेश के साथ हुआ।

# ग्राम पंचायत औरां में बाबतपुर रजवाहा पर पुलिया न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ के ग्राम पंचायत औरां में शारदा सहायक नहर के बाबतपुर रजवाहा पर ग्रामीणों द्वारा पुलिया बनाने के लिए शासन प्रशासन से मांग किया था लेकिन अब तक मात्र आश्वासन से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

समाजसेवी व प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार के अनुसार पुलिया निर्माण के लिए इसके पहले केंद्रीय मंत्री डॉ0 महेंद्र नाथ पांडेय को कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया था। विभाग के द्वारा सर्वे का कार्य कराया गया ,लेकिन उक्त स्थान पर पुलिया नहीं बना ।इसके बाद ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक अजगरा त्रिभुवन राम को पुलिया बनाने के लिए पत्रक दिया गया। पुलिया जनहित में बनाना अति आवश्यक है क्योंकि ग्राम पंचायत औरां के साथ ही साथ शिवरामपुर ,कुरौली, अटेसुआं, काकलपुर ,डिहवा, आयर, चंदापुर गांवों को आने-जाने में समय के साथ डीजल ,पेट्रोल का बचत होगा।पास में स्थित डीह बाबा मंदिर पर दर्शन आसानी से लोग कर सकेंगे। ग्रामीणों का प्रतिनिधमंडल अजगरा विधायक से सम्पर्क कर प्रगति की जानकारी का प्रयास करेगा।

# माघ मेला में सुरक्षित खाद्य पदार्थ की लेकर राजेश स्वीट हाउस पर जांच कर विनष्ट करा लिया नमूना, कई ढाबों को थमाया नोटिस

**समाज जागरण**

वाराणसी माघ मेला के दृष्टिगत सहायक आयुक्त खाद्य 2 के निदेर्शानुसार आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के क्रम में वाराणसी प्रयागराज रोड पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानो का निरीक्षण ,खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार यादव द्वारा किया गया।

राजेश स्वीट हाउस रोहनिया गोविंदपुर में निरीक्षण के दौरान अस्वस्थ्य कर दशा में लड्डू विनिर्माण हेतु भंडारित बेसन चीनी मिक्सचर में चूहे की विष्ठा पाए जाने पर लगभग 30 किलोग्राम समान विनष्ट कराया गया ।खाद्य प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस के संचालित पाया गया जिसपर खाद्य




कारोबारकर्ता राजेंद्र प्रसाद यादव को बिना खाद्य लाइसेंस संचालन और अस्वास्थ्यकर दशा में खाद्य पदार्थों के भंडार, विक्रय करने पर नोटिस दी गई और गुणवत्ता पर संदेह के आधार पर पनीर और बेसन लड्डू का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया।

प्रयागराज रोड पर स्थित एवं संचालित रेस्टोरेंटों और ढाबों का निरीक्षण किया गया और न्यू यादव ढाबा, फैमिली काशी दरबार, सद्गुरु ढाबा को सुधार हेतु नोटिस दिया गया। मोहनसराय स्थित ढाबा काशी दरबार प्रो0 रंजन सिंह को बिना खाद्य लाइसेंस पाए जाने पर नोटिस दी गई।

# उन्नीस मेधावियो को दिया गया छात्रवृत्ति

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। स्वर्गीय अनुराग वैभव प्रधान स्मृति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आज महामना मालवीय इंटर कालेज बच्छाव मे 19 मेधावी छात्र एवं छात्राओ को स्कालरशिप प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष हाई



स्कूल मे उच्चतम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को दिया जाता है। सन 2020-21 में वैभव प्रधान महामना मालवीय इंटर कालेज बच्छाव के कक्षा 11 का मेधावी छात्र था। जिसका असमय आकस्मिक निधन हो जाने के कारण वैभव प्रधान के पिता अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने मृतक छात्र (पुत्र) के नाम पर छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत किया जो महामना मालवीय इंटर बच्छाव वाराणसी में सन 2021 से अनवरत जारी है। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि शिक्षा से सेवा चयन आयोग के सदस्य डा हरेंद्र कुमार राय, डॉक्टर श्री प्रकाश सिंह, डा सुमित श्रीवास्तव, अवकाश प्राप्त उप शिक्षा निदेशक नरेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डा चंद्रमणि सिंह सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। छात्रवृत्ति पाने वालो मे अंकित पटेल,अमन पटेल, शुभम सिंह , शनि दुबे, साक्षी सिंह,रोशन कन्नौजिया,आयुष पटेल,गौरव पटेल, श्रुति, अमृता, प्रतिक्षा सहित 19 छात्रो को छात्रवृत्ति दिया गया।

# यूपी दिवस कार्यक्रम के साथ आयोजित होगा जनपद स्तरीय सरस मेला

**समाज जागरण**

वाराणसी। जनपद वाराणसी में यूपी दिवस कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद स्तरीय सरस मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन वाराणसी के तत्वाधान में नमो घाट वाराणसी पर दिनांक 24 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के नोडल पवन कुमार सिंह उपायुक्त स्वतः रोजगार वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि इस अवसर पर 24 जनवरी को विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूह के 6 से अधिक स्टाल, कुल 26 स्टाल लगाए जाएंगे तथा साथ में दिनांक 25 जनवरी एवं 26 जनवरी को वृहद रेंज में विभिन्न स्वयं सहायता समूह के उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी जिसमें प्रमुख रूप से सिल्क साड़ी, ग्रोसरी, दोना पत्तल, स्टेशनरी, अगरबत्ती, अचार मुरब्बा, जूट बैग आदि प्रमुख हैं ' कार्यक्रम अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है ' कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं नव चयनित लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र/ प्रशंसा पत्र /स्वीकृत पत्र भी दिया जाना है।

# विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लेक आउट के प्रति जागरूक रहें

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी सिविल डिफेंस, श्रावस्ती**

जनपद श्रावस्ती हवाई हमले से अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सडक तथा जनता को सुरक्षित रखने हेतु उनकी विद्युत (बिजली) बन्द रखना प्रकाश प्रतिबन्ध (ब्लैक आउट) कहलाता है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में दिनाँक 23.01.2026 को सांय 06:00 बजे से सांय 06:30 बजे तक कलैक्ट्रेट परिसर एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में ब्लैक आउट एक्सरसाईज आयोजित की जायेगी, जिसमें बचाव सम्बन्धी आपातकालीन विधियों का अभ्यास/प्रदर्शन किया जायेगा।अतः आस-पास के समस्त प्रतिष्ठान/चेम्बर/कार्यालय एवं क्षेत्र की जनता से अपील है कि दिनाँक 23.01.2026 को सांय 06:00 बजे से सांय 06:30 बजे तक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की लाईटों को बन्द कर दें, जिससे बाहर प्रकाश दिखाई ना दे।

WHAT TO DO IN BLACK-OUT

1- कृपया अपने घरों पर रहें।
2- सभी लाईटों को बन्द कर दें।
3- कृपया बाहर कोई माचिस, लाईट व टॉर्च का प्रयोग न करें।
4- यदि कहीं पर कोई लाईट निकल रही हो तो वहाँ पर काला कागज चिपकायें। घर से कोई भी लाईट बाहर न निकलने पाये।
5- ध्यान से चले, भागें नहीं।
6- कृपया धुम्रपान ना करें।
7- कोई माचिस, मोबाईल व फ्लैश लाईट का इस्तेमाल ना करें।
8- अवगत हों कि आयोजित होने वाले ब्लैक आउट को सिविल डिफेन्स, श्रावस्ती के वार्डनों की सहायता से लागू किया जा रहा है।
9- कृपया सहयोग देते हुए भविष्य में हवाई हमले (युद्ध) जैसी विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट के प्रति जागरूक रहें।

# ग्राम सभा स्तर विवाह रजिस्टर एवं पलायन रजिस्टर रखना होगा अनिवार्य

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी है**

जनपद बहराइच देहात संस्था के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन जनपद बहराइच अंतर्गत विकास खंड हुजूरपुर के सभागार कक्ष में किया गया।

बैठक की शुरूआत देहात संस्था से मोहम्मद इमरान ने सभी का स्वागत किया।

बाल विवाह पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़के की आयु 21 और लड़की की आयु 18 पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने शादी अनुदान स्कीम के बारे में भी बताया जो की श्रम विभाग एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पंजीकरण करने पर लाभ मिलता है। विंध्यवासिनी ने वहाँ उपस्थित सभी हितधारकों से विवाह रजिस्टर और पलायन रजिस्टर बनाने के लिए बताया।

देहात संस्था से रचना मिश्रा ने विवाह एवं पलायन रजिस्टर के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया










की हर ग्राम पंचायत स्तर पर विवाह रजिस्टर और पलायन रजिस्टर बनाया जाना है,जिसके लिए प्रसासन के शासनादेश जारी किया गया है। जिसको लेकर हर माह ब्लॉक पर और जिले पर रिपोर्ट करना होगा

अंत में अमरेश कुमार ने सभी को देहात इंडिया के कार्य उपलब्धि एवं बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिला कर बैठक का समापन कराया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनुभा श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी, चंद्र शेखर सहायक विकास खंड विकास अधिकारी,बाल विकास परियोजना टीम से विमल सिंह , रचना त्यागी,आयुषी, एकता वर्मा सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हुसैनीपुर गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गुरुवार को विकासखंड कोन के हुसैनीपुर गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। अंकित पाण्डेय ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। सिकंदर पटेल ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी



तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# आकांक्षा जनपद श्रावस्ती में पहला विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी गणित (स्टेम) प्रयोगशाला स्थापित

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती (जिला बेसिक शिक्षा विभाग, बोर्जेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से स्टेम लैब की स्थापना)

जनपद श्रावस्ती के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इकौना में विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी गणित प्रयोगशाला की स्थापना स्माइल फाउंडेशन ने बेसिक शिक्षा विभाग, श्रावस्ती और बोर्जेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया। जिसमें बालिकाओं को किताबी ज्ञान के साथ साथ प्रैक्टिकल अभ्यास भी शिक्षिकाओं द्वारा कराया जाएगा। इस प्रयोगशाला में विषय संबंधित विभिन्न प्रकार के उपकरणों की व्यस्था को किया गया। इस







अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग, विद्यालय की अध्यापिकाएं, छात्राएं एवं स्माइल फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही। ग्रामीण परिवेश के बालिकाओं के लिए यह लैब वर्तमान परिवेश में आत्म निर्भर एवं प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा के लिए वरदान साबित होगा। इस प्रयोगशाला के बनने से लगभग 150 बच्चे लाभान्वित होंगे।

# नागरिक सुरक्षा वार्डन स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता**

संभल। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित वार्डन स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नागरिक सुरक्षा कोर नरौरा (बुलंदशहर) के तत्वावधान में बबराला स्थित बगीचा मैरिज होम में किया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन धर्मवीर प्रजापति ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई।

कार्यक्रम में चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा कोर नरौरा योगेन्द्र सिंह यादव ने नागरिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देते हुए नगरों के श्रेणीकरण, नागरिक सुरक्षा के विभिन्न पदों एवं उनके दायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत जिलाधिकारी जनपद स्तर पर कंट्रोलर होते हैं। साथ ही वार्डनों के मानदेय एवं उनकी भूमिका पर भी चर्चा की गई। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, क्योंकि यह आपदाओं के समय स्वयं व अन्य नागरिकों के जीवन की रक्षा में सहायक होगा। उन्होंने यह भी बताया कि एनडीआरएफ एवं जिला अस्पताल की टीमें भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगी।

उप जिलाधिकारी गुन्नौर ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयंसेवक न केवल अपने परिवार बल्कि समाज के अन्य लोगों के जीवन की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने नागरिक सुरक्षा में अवैतनिक रूप से कार्य कर रहे स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य परमार्थ एवं निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने नागरिक सुरक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए होर्डिंग, बैनर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की अपील की।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी बल देते हुए जल संरक्षण, प्लास्टिक के थैलों के स्थान पर कपड़े के थैलों के उपयोग तथा बच्चों को अपने अभिभावकों को जागरूक करने की प्रेरणा दी। साथ ही बताया कि युद्धकालीन परिस्थितियों एवं विभिन्न अभियानों के दौरान नागरिक सुरक्षा द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया है।

**कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेक्टर वार्डनों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।**

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा का इतिहास, आपदा एवं युद्धकालीन बचाव, आग से सुरक्षा, बाढ़ राहत एवं बचाव, प्राथमिक उपचार, हार्ट अटैक आदि विषयों पर एनडीआरएफ, जिला अस्पताल एवं फायर ब्रिगेड की टीमों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार एवं देवदत्त सिंह द्वारा वार्डन स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर नरौरा अनुराधा सिंह, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा कार्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा भवन में राहत संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मवीर कुमार ने की।




कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाना एवं प्रत्येक पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाना था। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच, जीविका कर्मी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मवीर कुमार ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु में लड़कियों तथा 21 वर्ष से कम आयु में लड़कों का विवाह कानूनन अपराध है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

राहत संस्था की सचिव डॉ. फरजाना बेगम ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह में शामिल होने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कानून के उल्लंघन पर दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। अतः समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह बाल विवाह रोकने में सहयोग करे।

मुखिया उषा खातून एवं साजदा खातून ने कहा कि अक्सर गरीब परिवार सामाजिक दबाव में बाल विवाह कर देते हैं, जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। वहीं मुखिया महीन गांव ने भी अभियान को पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में पंचायत सचिव मनोज कुमार, कजरी पंचायत सचिव संजय कुमार, आईसीडीएस सुपरवाइजर वाणी कुमारी, रीता कुमारी, पूनम देवी, आरती कुमारी सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया। राहत संस्था की ओर से यासीन परवीन, विपिन बिहारी एवं बेबी नाज भी उपस्थित रहीं।

कार्यशाला में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा से ही बच्चे-बच्चियां सशक्त बनेंगे और अपने अधिकारों को समझ सकेंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्रखंड कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राहत संस्था की सचिव डॉ. फरजाना बेगम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मवीर कुमार के हाथों फलदार पौधा लगवाया।

# पटना में बदमाशों ने पत्रकार को अगवा कर की पिटाई

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ नगर परिषद से पिछले बार चुनाव में उपसभापति के प्रत्याशी रहे एक मीडिया कर्मी सुधीर कुमार को अगवा कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसमें एक वर्तमान वार्ड पार्षद पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस मामले के बाद फुलवारी शरीफ नगर परिषद इलाके में गहमा गहमी का माहौल है। वहीं वार्ड पार्षद ने इस मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है उनके खिलाफ आरोप गलत है।पीड़ित पत्रकार सुधीर कुमार के अनुसार बुधवार की शाम वह खोजा इमली स्थित पाल स्वीट्स के पास खड़े थे, तभी काले रंग के एक लग्जरी चार पहिया वाहन में सवार बदमाशों ने उन्हें जबरन खींच कर बैठा लिया। आरोप है कि बदमाशों ने वाहन के अंदर ही जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए करीब पांच किलोमीटर दूर बाइपास में तेज प्रताप नगर के पास ले जाकर छोड़ दिया। किसी तरह वहां से जान बचाकर लौटने के बाद पीड़ित पत्रकार ने फुलवारी शरीफ थाना में लिखित आवेदन देकर वार्ड संख्या 10 के वार्ड पार्षद हरे राम सिंह, उनके पुत्र, पुत्र के मित्र समेत अन्य लोगों पर घटना को अंजाम देने, मारपीट की साजिश रचने और





जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का चार पहिया वाहन नजर आया है, जिस पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगा हुआ दिखाई दिया है।

हालांकि अंधेरे और लाइट की चकाचौंध के कारण वाहन का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अन्य मार्गों पर लगे कैमरों की भी फुटेज तलाश कर रही है। सुधीर कुमार ने बताया कि वह फुलवारी शरीफ नगरपरिषद कि पिछले बार चुनाव में उपसभापति का उम्मीदवार था और वार्ड नंबर 10 में उसका घर है। इस बार वह वार्ड नंबर 10 से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। उसने कहा कि उसके अगवा करने मारपीट करने के मामले में पूरी साजिश वार्ड पार्षद हरे राम सिंह के द्वारा रची गई है। इस पूरे मामले में बात करने पर वार्ड नंबर 10 के बाद पार्षद हरे राम सिंह ने कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। उनके खिलाफ लगाया जा रहे आरोप पूरी तरह से गलत है। इस संबंध में फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि मीडिया कर्मी सुधीर कुमार द्वारा अगवा कर ले जाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है।

# कार से 141 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा से मांझार




जाने वाले रास्ते में एक कार से 141 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि यह कार्रवाई जय हिंद सरप्राइज चेकिंग के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को आने की भनक लगते ही शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा । वहीं कार की तलाशी के दौरान 141 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि कार और शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और तस्कर की तलाश की जा रही है।

## पटना के पालीगंज में बदमाशों ने किया गोलीबारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज बाजार के नई मस्जिद के पास कर सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को आधी रात को एक कार पर सवार होकर छः अपराधी पहुंचे कार से उतरकर एक एक पिस्टल से फायरिंग करने लगे।यह सारा मामला वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गोली की आवाज सुनकर जब तक लोग कुछ समझ पाते तबतक सभी बदमाश कार से भाग निकले ।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पालीगंज थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस ने घटना स्थल से फायरिंग किया हुआ पिस्टल के तीन खोखे बरामद कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार एवं अपराधियों की पहचान किया जा रहा है।

# पटना में एनकाउंटर के दौरान एक शूटर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में बिहार पुलिस की विशेष कार्य बल और कुख्यात अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े शूटर परमानंद यादव के पैर में गोली लगी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पुलिस को जानकारी मिली थी कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा एक अहम शूटर पटना में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। इसके बाद विशेष कार्य बल और स्थानीय पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार की देर रात बेऊर थाना क्षेत्र में कुछ संदिग्ध अपराधियों को हिरासत में लिया गया था। इसी दौरान एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया और जहानाबाद की ओर भागने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने उसका पीछा शुरू किया और मसौढ़ी थाना क्षेत्र को भी सतर्क कर दिया गया। करीब 20 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने गुरुवार सुबह तड़के आरोपी को मसौढ़ी इलाके में घेर लिया। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब चार बजे आरोपी को बाइक रोकने का इशारा किया गया, लेकिन वह नहीं रुका और तेज रफ्तार में भागने लगा। इसी दौरान उसकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। गिरते ही आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी। कुल तीन राउंड फायरिंग हुई, लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई। घायल आरोपी को तुरंत काबू में लेकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार घायल आरोपी की पहचान परमानंद यादव के रूप में हुई है। वह झारखंड के लातेहार जिले के चटेर, चंदवा गांव का रहने वाला है और बिहार-झारखंड में गिरोह के नेटवर्क को संभालने का काम करता था। पुलिस का दावा है कि परमानंद यादव लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का बिहार प्रभारी था और उस पर हत्या, लूट, रंगदारी समेत 24 से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि परमानंद यादव झारखंड के लातेहार इलाके से बैठकर अपने पूरे आपराधिक नेटवर्क का संचालन करता था। झारखंड में उसके खिलाफ चंदवा और बिशुनपुर थाना क्षेत्रों में कई मामले दर्ज हैं। कुछ महीने पहले पुलिस ने उसके घर पर इश्तहार भी चिपकाया था, जिससे यह साफ हो गया था कि वह लंबे समय से फरार चल रहा था और कानून से बचता फिर रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि परमानंद यादव झारखंड के कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के गिरोह के लिए भी काम करता था। दोनों एक ही क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं और उनके बीच करीबी संबंध थे। पुलिस को शक है कि राहुल सिंह गिरोह की लेवी और रंगदारी से जुड़े कई अहम राज परमानंद यादव के पास हो सकते हैं। सितंबर 2025 में चंदवा पुलिस ने दोनों के घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी की थी।पुलिस ने परमानंद यादव की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी साझा की है। बताया गया कि उसका चाचा शुकुल यादव नक्सली गतिविधियों से जुड़ा था और झारखंड संघर्ष जन मुक्ति मोर्चा नामक प्रतिबंधित संगठन के लिए काम करता था। वर्ष 2003 में उसके चाचा को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। पुलिस का मानना है कि इस पृष्ठभूमि और अपराधियों के संपर्क ने परमानंद यादव को भी अपराध की दुनिया में धकेल दिया।

# पटना में आत्महत्या करने पहुँची महिला बंगाल के रेड लाइट से बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर स्थित एक गांव से छह माह पूर्व मामूली सी बात पर ससुराल वालों से झगड़े कर घर से भागकर आत्महत्या करने पटना स्टेशन पहुँची 23 वर्षीय महिला एक युवक के चंगुल में फंस गयी। महिला को अज्ञात युवक ने नौकरी दिलाने के झांसे देकर पश्चिम बंगाल के रेड लाइट एरिया में बिक्री कर दिया। ग्राहक के माध्यम से महिला के भाई को सूचना मिलने के बाद मनेर पुलिस से मामले की शिकायत की। इसके बाद मनेर पुलिस की टीम ने पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से रेड लाइट एरिया में छापेमारी करते हुए महिला को बरामद कर लिया है। वही पुलिस ने देह व्यापार के धंधे के एक संचालक को गिरफ्तार कर अपने साथ थाने ले आई है। बताया जाता है कि मनेर थाना क्षेत्र के गांव एक गांव की रहने वाली 23 वर्षीय महिला किसी बात को लेकर माह पूर्व अपने ससुराल वालों से झगड़ा कर घर से भागते हुए आत्महत्या करने के लिए पटना जंक्शन पहुंच गई। इस बीच एक अज्ञात युवक ने




उसे बहला फुसलाकर नौकरी दिलाने का झांसा देते हुए अपने साथ पश्चिम बंगाल किसी तरह ले गया। पश्चिम बंगाल कोलकता स्थित इस्लामपुर के रेड लाइट एरिया में देह व्यापार का धंधा संचालित करने वाले एक व्यक्ति से 25 हजार रुपए में बेच दी। वहीं पिछले 6 मार्च व्यापार के धंधे के संचालक के द्वारा जबरन उसे देह व्यापार का धंधा करना भी शुरू कर दिया। इस बीच देह व्यापार के धंधे के दौरान पहुंचे एक ग्राहक के मदद से महिला ने किसी तरह इसकी सूचना अपने गांव स्थित भाई को दी। मामले की जानकारी होते ही महिला के भाई उसके पति के साथ मनेर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत करते हुए मामला दर्ज कराया। जिसके बाद मनेर थाना के एसआई व अनुसंधान कर्ता अफसर अली के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से छापेमारी उत्तर दीनाजपुर जिले के इस्लामपुर स्थित देव व्यापार के अड्डे से बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने संचालक 60 वर्षीय शंकर साह को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे पुलिस अवर निरीक्षक अफसर अली ने बताया कि जिस अड्डे पर महिला को बरामद किया गया। वहां कई अन्य महिलाएं भी देह व्यापार कार्य के लिए रखी दिखी। उन्होंने बताया कि मामले में देव व्यापार के संचालक शंकर साह को गिरफ्तार कर आगे कार्रवाई की जा रही है। वही छापेमारी दल में सशस्त्र बल की सिपाही पूनम कुमारी, बबलू कुमार आदि शामिल थे।

# एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के झीकटिया गांव के समीप सोन नदी के किनारे से पुलिस ने 54 बोतल 750 एमएल



और 24 बोतल 375 एमएल का इंपेरियल ब्ल्यू अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि, इस मामले में तस्कर फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

## पटना में जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी

### हथियार-कारतूस बरामद, तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण**

पटना/ जानीपुर थाना क्षेत्र के पसही फरीदपुर गांव में गुरुवार को जमीन पर कब्जे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हिंसक हो गया और मामला गोलीबारी तक पहुंच गया।

अचानक हुई फायरिंग से पूरे गांव में अफरातफरी मच गई और लोग दहशत में घरों में दुबक गए। सूचना मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस थानाध्यक्ष नवीन कुमार के नेतृत्व में दलबल के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया।

इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के घर पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक दो नाली बंदूक, 19 जिंदा कारतूस, 29 खोखा और एक एयर गन के रूप में तैयार हथियार बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में बैजू प्रसाद गुप्ता तथा उसके दो पुत्र सुजीत कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। गांव वालों के मुताबिक बैजू गुप्ता हथियार के बल पर हमेशा गांव में दबंगई करता है और जमीन कब्जा करने की फिराक में रहता है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को जानीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पसही फरीदपुर में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी की सूचना प्राप्त हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलवारीशरीफ-02 के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि पसही फरीदपुर निवासी लाल बाबू गुप्ता और उनके भाई बैजू प्रसाद गुप्ता के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद बैजू प्रसाद गुप्ता अपने पुत्रों के साथ अवैध हथियार लेकर मौके पर पहुंचा और लाल बाबू गुप्ता को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलते ही लाल बाबू गुप्ता किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग निकले। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलवारी शरीफ 02 दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जानीपुर थाना में कांड दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# जस्टिस क्रिकेट लीग सत्र-6 का भव्य शुभारंभ, मन्हू ने बारा को 32 रनों से किया पराजित

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर। जस्टिस क्लब छतरपुर के तत्वावधान में आयोजित जस्टिस क्रिकेट लीग सत्र-6 (2026झ27) का शुभारंभ 21 जनवरी को भव्य रूप से किया गया। यह टूनामेंट डे (दिवसीय) प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अभियंता श्री लाल बिहारी यादव एवं डॉ. ताहिर हुसैन उपस्थित रहे।

इस टूनामेंट का आयोजन जस्टिस क्लब छतरपुर द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, सचिव रितेश कुमार, उपाध्यक्ष विकास विश्वकर्मा तथा उपसचिव अभिषेक यादव हैं। क्लब के सक्रिय सदस्यों में रजनीश कुमार, सोल्डी सिंह, अंश कुमार, अंशु चंद्रा, सचिन कुमार, दानिश राज, दीपक कुमार, सचिन यादव, राहुल वर्मा, सुशांत चंद्रा, राहुल कुमार दास, प्रिंस कुमार, संतोष पासवान, रंजीत कुमार एवं कुंदन कुमार शामिल हैं।

टूनामेंट का पहला मुकाबला बारा 11 और मन्हू 11 टीमों के बीच खेला गया। बारा 11 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मन्हू 11 की टीम ने 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बारा 11 की पूरी टीम 95 रनों पर ऑलआउट




हो गई। इस प्रकार मन्हू 11 ने यह मुकाबला 32 रनों से जीत लिया।

मन्हू 11 टीम के खिलाड़ी इकलाख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 रन बनाए और हैट्रिक सहित 5 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। हैट्रिक लेने पर जस्टिस क्लब की ओर से उन्हें 500 नकद पुरस्कार तथा मुन्ना पोल्ट्री फार्म के प्रोपराइटर की ओर से 500 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वहीं बारा 11 टीम के खिलाड़ी छोटू को शानदार कैच ऑफ द मैच लेने के लिए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री लाल बिहारी यादव ने कहा कि जस्टिस क्लब निष्पक्ष एवं अनुशासित तरीके से टूनामेंट का आयोजन कर रहा है, जो छतरपुर शहर में क्रिकेट को नई पहचान दिलाएगा तथा युवा खिलाड़ियों के भविष्य को बेहतर मंच प्रदान करेगा।

टूनामेंट अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी ने बताया कि जस्टिस क्रिकेट लीग को पूर्णतः डे टूनामेंट के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन का अवसर मिलेगा और क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी।

इस सफल आयोजन से खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा गया तथा आगामी मैचों को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है।

# पदमा में विकास की दो बड़ी पहलः बगरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल व विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

पदमा (हजारीबाग):पदमा प्रखंड क्षेत्र के विकास को गति देने की दिशा में विधायक मनोज कुमार यादव ने शनिवार को दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उनके द्वारा बंदरबेला एवं कुतिपीसी पंचायत के बीच बगरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण तथा पदमा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के उन्नयन कार्य की विधिवत शुरूआत की गई।



दोनई कला एवं दोनई खुर्द के बीच बगरा नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुल के निर्माण से वर्षों से आवागमन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। पुल बनने से दोनों गांवों के बीच सीधा और सुरक्षित संपर्क स्थापित होगा, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में लोगों को होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी।

इसके साथ ही पदमा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के उन्नयन कार्य के शुभारंभ से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधारभूत संरचना एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा और आधारभूत ढांचे को प्राथमिकता दी जा रही है।

पुल निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि अब नदी पार करना सुरक्षित और सुगम होगा, जिससे दैनिक जीवन के साथ-साथ कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, प्रमुख वीणा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र राणा, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सूरज टोला मंदिर प्रांगण मे 12घंटे का अखंड कीर्तन आयोजन : कचनपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कचनपुर के सूरज टोला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 2026मे हुई थी, उसी वर्ष से प्रति वर्ष कलस यात्रा एवं शाम मे 12घंटे का



अखंड कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, मंदिर प्रांगण मे सूरज टोले के श्रद्धांलुओं के द्वारा धूम धाम से वार्षिक उत्सव के रूप मे मनाई जाती है, मौके पर उपस्थित बिहारी यादव, प्रमोद यादव, राजू यादव, राकेश यादव, रामरेस यादव, अविनाश यादव, राकेश यादव, अमित यादव, अशोक यादव, एवं सैकड़ो के संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित होकर अखंड को सफल बनाय

# गणतंत्र दिवस 2026: डीआरडीओ कर्तव्य पथ और भारत पर्व में अपने पथ-प्रदर्शक नवाचारों का प्रदर्शन करेगा

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) कर्तव्य पथ और भारत पर्व 2026 में 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपने कुछ पथ-प्रदर्शक नवाचारों का प्रदर्शन करेगा। ये प्रणालियां हैं: लंबी दूरी की एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल (एलआर-एएसएचएम) और डीआरडीओ झांकी-'कॉम्बैट सबमैनिन्स के लिए नौसेना प्रौद्योगिकियां'।

**कर्तव्य पथ पर एलआर-एएसएचएम**

डीआरडीओ परेड के दौरान लॉन्चर के साथ एलआर-एएसएचएम का प्रदर्शन करेगा। इस हथियार प्रणाली को भारतीय नौसेना की तटीय बैटरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। एलआर-एएसएचएम एक हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल है जो स्थिर और गतिशील लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है और इसे विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिसाइल स्वदेशी एवियोनिक्स सिस्टम और उच्च सटीकता सेंसर पैकेज के साथ अपनी तरह की पहली मिसाइल है।

यह हाइपरसोनिक मिसाइल मैक 10 से शुरू होने वाली हाइपरसोनिक गति के साथ एक अर्ध-बैलिस्टिक प्रक्षेपवक्र का अनुसरण करती है और कई स्किप के साथ औसत मच 5.0 को बनाए रखती है। टर्मिनल चरण में गतिशील लक्ष्यों को भेदने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सेंसर प्रदान किए जाते हैं। चूंकि यह मिसाइल कम ऊंचाई पर तेज गति और गतिशीलता के साथ उड़ती है, इसलिए दुश्मन के जमीन और जहाज आधारित रडार इस मिसाइल के अधिकांश प्रक्षेपवक्र के दौरान इसका पता नहीं लगा सकते हैं।

एलआर-एएसएचएम को दो चरण ठोस प्रणोदन रॉकेट मोटर प्रणाली के साथ कॉनफि गर किया गया है। ये प्रणोदन प्रणालियाँ मिसाइल को आवश्यक हाइपरसोनिक वेगों तक बढ़ाती हैं। वाहन के खर्च होने के बाद उसके स्टेज-1 को अलग कर दिया जाता है। स्टेज- क्क बर्नआउट के बाद, वाहन लक्ष्य को भेदने से पहले वातावरण में आवश्यक युद्धाभ्यास के साथ एक बिना शक्ति वाला ग्लाइड करता है।

**भारत पर्व में डीआरडीओ की झांकी**

इस वर्ष, डीआरडीओ की झांकी 26 से 31 जनवरी, 2026 तक लाल किले के भारत पर्व में प्रदर्शित की जाएगी। झांकी का विषय 'लड़ाकू पनडुब्बियों के लिए नौसेना प्रौद्योगिकियां' है, जो स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों/प्रणालियों को प्रदर्शित करेगा जो भारतीय नौसेना की पारंपरिक पनडुब्बियों के लिए बल गुणक के रूप में कार्य करती हैं।

# सिंहभूम कॉलेज चांडिल से डॉ. जे.के. सिंह निर्विरोध सीनेट सदस्य निर्वाचित, गैर-शैक्षणिक वर्ग का चुनाव भी शांतिपूर्ण सम्पन्न

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़/चांडिलः कोल्हान विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव में सिंहभूम कॉलेज, चांडिल कोटे से कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योतिष कुमार सिंह निर्विरोध सीनेट सदस्य निर्वाचित हुए हैं। कॉलेज से सीनेट प्रत्याशी के रूप में केवल डॉ. सिंह ने ही नामांकन किया था।

10 जनवरी को उनके नामांकन पत्रों की विधिवत स्क्रूटनी के बाद कॉलेज प्रशासन द्वारा उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया और इसकी सूचना विश्वविद्यालय को भेज दी गई। गुरुवार को कॉलेज के प्राचार्य सह निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. सुनील मुर्मू ने डॉ. जे.के. सिंह को सीनेट सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा। डॉ. सिंह विगत 17 वर्षों से सिंहभूम कॉलेज, चांडिल में सेवाएं दे रहे हैं और कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक भी रह चुके हैं। उनके निर्विरोध चयन पर प्राचार्य डॉ. सुनील मुर्मू सहित



समस्त शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. ए.के. गोराई, डॉ. अंबिका रजक, डॉ. रिया शालिनी, डॉ. नीलम, डॉ. नेपाल चंद्र महतो, डॉ. समीर सेठ, डॉ. सच्चिदानंद मैती, सुबोध सिंह मुंडा, अशोक महतो समेत कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गैर-शैक्षणिक वर्ग से सीनेट सदस्य चुनाव भी सम्पन्न**

वहीं, गैर-शैक्षणिक वर्ग से कोल्हान विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य पद के लिए आज मतदान सम्पन्न हुआ। इस वर्ग से इंद्र बेसरा और प्रत्युष पाणी प्रत्याशी हैं।

निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। चुनाव पदाधिकारियों के अनुसार, मतगणना 24 जनवरी को की जाएगी।

महाविद्यालय प्रशासन ने सफल एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सभी मतदाताओं व कर्मियों का आभार व्यक्त किया है।

# अभिनेत्री पूनम ढिल्लन ने नेशनल प्राइड मोमेंट में शहीद परिवार,पूर्व सैनिक समेत कई को किया सम्मानित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर( झारखंड) 22 जनवरी 2026: रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट्स द्वारा आयोजित नेशनल प्राइड मोमेंट का भव्य कार्यक्रम गोलमुरी स्थित होटल विवांता में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लन उपस्थित रही । दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई,जिसमें मुख्य रूप से पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता भरत सिंह,समाजसेवी सिराज खान, हरि सिंह राजपूत,आयोजक आशा सिंह,आरफीन अशरफ, सत्यजीत सिंह राजपूत ने किया ।दीप प्रज्वलित के बाद देश भक्ति गीतों का दौर चला साथ ही भांगड़ा,कथक नृत्य,गतका एवं कई सांस्कृतिक कलाओं का प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ट नेता धनबाद से आए रणविजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए,रणविजय सिंह ने आयोजकों को



नेशनल प्राइड मोमेंट कार्यक्रम की सराहना की एवं आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं दी । सभी अतिथियों को अंगवस्त्र सह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । साथ ही पूनम ढिल्लो और कर्नल किशोर सिंह ने शाहिद परिवार से आए उनके परिवार जनों,पूर्व सैनिक परिषद के सदस्यों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट देने वाले कई लोगों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की आयोजक रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट्स की आशा सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस से पूर्व यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि अपने अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान देकर उन्हें गर्वानित किया जाए एवं उनसे प्रेरणा ले बाकी लोग भी आगे आए,इसलिए शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिक परिषद के सदस्यों को ये सम्मान दिया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भरत सिंह,दिनेश कुमार, डीएसपी मनोज कुमार,टाटा वर्कर्स यूनियन के सतीश सिंह,प्रमोद दुबे,पुर्बी घोष व अन्य मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन सत्यजीत सिंह राजपूत ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट्स की आशा सिंह, आरफीन अशरफ,शिवानी ओझा, बसंत दास,आकांक्षा वर्मा, सुबोध गोराई, जगजीत सिंह आदि का सहयोग रहा।

# स्व. सुधीर महतो की 12वीं पुण्यतिथि पर सबर बस्तियों में हजारों कंबलों का वितरण

**बेटी स्नेहा, शिल्पी महतो व झामुमो नेताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः चांडिल प्रखंड के दलमा तराई स्थित चिल्गु पंचायत के ग्राम काठजोड़ सबर टोला, मकुलाकोचा सबर टोला एवं कदमझोर सबर टोला में गुरुवार को स्वर्गीय सुधीर महतो की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हजारों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। यह वितरण झामुमो केंद्रीय सदस्य चारु चांद किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, झामुमो नेत्री सह स्व सुधीर



महतो के पुत्री स्नेहा महतो व शिल्पी ने गरीब एवं असहाय लोगों के बीच किया गया। इस अवसर पर स्नेहा महतो ने अपने पिता, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं लोकप्रिय जननेता स्व. सुधीर महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे सादगी, साहस और समर्पण के प्रतीक थे। भले ही वे आज शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, संघर्ष और सपने आज भी हम सभी को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्व. सुधीर महतो का असमय जाना न केवल परिवार बल्कि पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी कमी आज भी महसूस की जाती है। उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर उस महान आत्मा को नमन है, जो अपने विचारों और कर्मों के कारण सदैव अमर रहेंगे। कार्यक्रम में झामुमो केंद्रीय सदस्य चारूचांद किस्कू, ओमप्रकाश लायेक, जिला सचिव बैधनाथ टुडू, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गोप, झामुमो नेत्री शिल्पी महतो, झाछामो जिलाध्यक्ष सुदामा हेम्ब्रम, दीनबंधु महतो, शिमल बेसरा सहित कई पार्टी नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# पेंक - नारायणपुर थाना क्षेत्र में संचालित जगदम्बा कोल फैक्ट्री की मालकिन की कार में अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग।

**बोकारो एसपी ने की घटनास्थल की जांच. अवैध कोयला तस्करी से जुड़े हैं वारदात के तार।**

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित पेंक - नारायणपुर थाना क्षेत्र के पिलपिलो गांव में बुधवार की देर रात जगदंबा कोल फैक्ट्री की मालकिन शिवकुमारी और उनके पुत्र डॉक्टर शिवम कुमार की कार पर अज्ञात हमलावारों ने फायरिंग कर दी. इस घटना में मां-बेटा बाल-बाल बच गए. हालांकि गोली चलने की आवाज सुन कर महिला कार में ही बेहोश हो गई. घटना का कारण अवैध कोयला कारोबार में बर्चस्व को लेकर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग निवासी 55 वर्षीय महिला शिवकुमारी अपने पुत्र डॉक्टर शिवम कुमार के साथ बुधवार रात लगभग 11.50 बजे पेंक - नारायणपुर थाना क्षेत्र के रामहरिया जगदंबा कोल फैक्ट्री से कार संख्या JH09 AT 7328 से निकलकर कटहरडीह की और जा रही थीं। जैसे ही उनकी कार पिलपिलो गांव समीप पहुंची, तभी दो बाइक पर सवार चार अज्ञात लोगों ने कार को रोकने का इशारा किया.



डॉक्टर शिवम द्वारा कार नहीं रोकने पर हमलावरों ने कार पर फायरिंग कर दी। हमलावरों द्वारा चलाई गई दो गोलियां कार के पिछले हिस्से में लगीं, जो आर-पार हो गईं। सौभाग्यवश, कार में सवार मां और बेटा सुरक्षित बच गए. वही घटना से आहत बुजुर्ग महिला शिवकुमारी बेहोश हो गई जिसे डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल लाया गया और पुलिस को घटना की सुचना दिया गया. बेहोशी के हालत में भर्ती महिला को प्राथमिक इलाज करने के बाद चिकित्सकों ने रात्रि में ही रांची अस्पताल रेफर कर दिया। वही घटना की सूचना मिलने के बाद बोकारो जिला पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह एवं डीएसपी वशिष्ट नारायण सिंह गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे जांच हेतु हमहरिया गांव स्थित जगदम्बा कोळ फैक्ट्री एवं घटना स्थल पिलपिलो पहुंचे तथा मामले की जांच किए साथ ही अपराधियों की जल्द गिरफ्तार करने हेतु पेंक - नारायणपुर थाना प्रभारी नीतीश कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दे मां जगदम्बा कोल फैक्टी पूर्व में धनबाद के एक कोयला व्यवसाई चलता था जिसमें अवैध कोयला तस्करी होने की शिकायत जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने वरीय पुलिस अधिकारी से किए थे. शिकायत मिलने के बाद जगदम्बा कोल फैक्ट्री की मालकिन शिव कुमारी ने फैक्ट्री को एक माह पूर्व खाली करवा दिया था जिस कारण यह विवाद होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा माह-2026: सिनी गुरुकुल में चालकों को मिला सुरक्षित ड्राइविंग का मंत्र

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

सरायकेलाझखरसावां। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अवसर पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और जिम्मेदार वाहन संचालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रेनिंग स्कूल, सिनी गुरुकुल में चालक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा टीम द्वारा संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में लगभग 70 प्रशिक्षु चालकों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें यातायात नियमों के पालन, रक्षात्मक ड्राइविंग तकनीक, वाहन की नियमित फिटनेस जांच, गति सीमा का सम्मान, नशा रहित ड्राइविंग, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा दुर्घटनाओं से बचाव के व्यावहारिक उपायों की विस्तृत



जानकारी दी गई।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षु चालकों से अपील की कि वे प्रशिक्षण के बाद भी नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत बनाएं।

कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में अनुशासित और जागरूक चालकों को तैयार करना, सड़क हादसों में कमी लाना तथा सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है।

# आजाद समाज पार्टी के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**संवाददाता परमबीर पात्रों दैनिक समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूमःआजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उद्घाटन आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी काशिफ रजा द्वारा किया गया।



इस अवसर पर पार्टी को मजबूत करने और संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

उद्घाटन समारोह में जिला प्रभारी सनत सिंह सरदार, शाहीद रजा, जिला अध्यक्ष एजाज अहमद, जिला उपाध्यक्ष मो. फैयाज आलम, जिला महासचिव मो. नसीम, जिला उपाध्यक्ष रशीद खान सहित कई अन्य गणमान्य लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने अपने संबोधन में कहा कि आजाद समाज पार्टी समाज के दबे-कुचले वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है और आने वाले समय में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त किया जाएगा।

# प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने पान मसाला एवं गुटखा की पैकेजिंग में बायोप्लास्टिक के उपयोग पर हितधारकों के साथ परामर्श बैठक की अध्यक्षता की

**समाज जागरण,**

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए), प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने पान मसाला एवं गुटखा की पैकिंग एवं भंडारण के लिए पाउच में बायोप्लास्टिक के उपयोगह्व पर प्रगति की समीक्षा करने एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में डॉ. परविंदर मैनी, पीएसए कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव; डॉ. राजेश गोखले, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव; श्री तन्मय कुमार, सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; श्री राजित पुन्हानी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई); उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) के वरिष्ठ अधिकारियों सहित शिक्षा जगत, उद्योग जगत और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।



बैठक में पाउच पैकेजिंग के लिए उपयुक्त जैव-अपघटनशील सामग्रियों की पहचान करने के उद्देश्य से चल रही राष्ट्रीय पहलों एवं अनुसंधान प्रयासों की समीक्षा की गई। अपने आरंभिक संबोधन में, पीएसए प्रोफेसर सूद ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ पहले हुई चचाओं का सारांश प्रस्तुत किया और पान मसाला एवं गुटखा पैकेजिंग के लिए एक स्पष्ट, समयबद्ध कार्य योजना को अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. गोखले ने पाउच प्लास्टिक की कम अपघटनशीलता के कारण होने वाली महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती पर बल दिया। उन्होंने पॉलिलैक्टिक एसिड (पीएलए) को एक आशाजनक जैव-अपघटनशील विकल्प के रूप में पहचान की, जिसकी लागत कम है और सरकार, उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी के साथ समन्वित, समयबद्ध कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री तन्मय कुमार ने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय जैवप्लास्टिक की मौजूदा परिभाषा की समीक्षा कर रहा है और जैव-अपघटनशील पदार्थों की स्पष्ट परिभाषा तैयार करने की प्रक्रिया में है, जिससे बीआईएस को मानकीकृत परीक्षण प्रोटोकॉल विकसित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक समान और तकनीकी रूप से सुदृढ़ संरचना तैयार करने के लिए इस प्रकार के परामर्श आवश्यक हैं।

श्री राजित पुन्हानी ने इस बात पर बल दिया कि जैव-अपघटनशील पैकेजिंग की लागत उत्पाद लागत से कम होनी चाहिए, साथ ही स्वाद एवं सुगंध की सुरक्षा सुनिश्चित करना, एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित माइग्रेशन सीमाओं का सख्ती से पालन करना और पैकेजिंग की सभी परतों से प्लास्टिक और एल्यूमीनियम फॉयल को पूरी तरह से हटाना आवश्यक है।

मानक दृष्टिकोण से, बीआईएस ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अधिकांश वर्तमान जैव-अपघटनशील सामग्री केवल औद्योगिक सम्मिश्रण स्थितियों में ही विघटित होती हैं जिससे उनका संग्रह एवं प्रसंस्करण एक महत्वपूर्ण चुनौती बन जाता है। इस चर्चा वाले सत्र में कई मंत्रालयों एवं विभागों के सुझाव, आईआईटी मद्रास, आईआईटी बॉम्बे और रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के अकादमिक दृष्टिकोण, बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूकेएचआई लिमिटेड और प्राज इंडस्ट्रीज द्वारा प्रस्तुतियां शामिल थीं। इसके बाद नियामक प्राधिकरणों एवं उद्योग संघों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। बहु-हितधारक सुझावों के आधार पर, चर्चा इस बात पर केंद्रित हुई कि जैव-अपघटनशील सामग्रियों के लिए प्रारंभिक अनुसंधान एवं प्रायोगिक समाधानों से आगे बढ़कर एक संरचित सत्यापन एवं प्रमाणन प्रक्रिया की आवश्यकता है। प्रोफेसर सूद ने सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि कई उद्योगों में पहले से ही जैव-अपघटनशील सामग्री के संभावित समाधान मौजूद हैं, जिन्हें जैव-अपघटनशील सामग्री की परिभाषा को अंतिम रूप देने से पहले कठोर परीक्षण एवं प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एमओईएफसीसी, एफएसएसएआई, बीआईएस, सीआईपीईटी और आईआईपी को उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर स्पष्ट प्रक्रिया के साथ काम करने की आवश्यकता है जिससे निर्धारित समयसीमा निर्धारित की जा सके। उन्होंने आगे उद्योग प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे प्रस्तावित सामग्री के नमूने को केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) को भेजें और अगली बैठक से पहले एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करें।

# सीएक्यूएम प्रवर्तन कार्य बल ने एनसीआर में निरीक्षण एवं प्रवर्तन संबंधी कार्रवाइयों की समीक्षा की

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के प्रवर्तन कार्य बल (ईटीएफ) की 124वीं बैठक दिनांक 21.01.2026 को हुई। इस बैठक में 07.01.2026 से लेकर 19.01.2026 के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में की गई निरीक्षण एवं प्रवर्तन संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस अवधि के दौरान, आयोग के उड़न दस्तों ने उद्योग, डीजल जनरेटर (डीजी) सेट, निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) संबंधी गतिविधियों, सड़क की धूल और बायोमास जलाने एवं नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) जमा होने या जलाने सहित वायु प्रदूषण के मुख्य क्षेत्रों का व्यापक पैमाने पर निरीक्षण किया।

उड़न दस्तों ने इस दौरान प्रदूषण से जुड़े मुख्य क्षेत्रों में कुल 330 निरीक्षण किए। इनमें 241 उद्योग, 22 डीजल जनरेटर (डीजी) सेट और पांच निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) स्थलों के निरीक्षण शामिल थे। इसके अलावा, सड़क की धूल और कचरा जमा होने से संबंध में विभिन्न सड़कों पर 62 निरीक्षण भी किए गए।

# एमएसडीई ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में सहयोग गहरा करने के लिए विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में बहुपक्षीय सहयोग को गहरा करने की दिशा में भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने भारत के कौशल और तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर सहयोग करने के लिए विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, एमएसडीई विश्व आर्थिक मंच के साथ सहयोग करेगा ताकि भारत में एक कौशल त्वरक (स्किल्स एक्सीलरेटर) लॉन्च और लागू किया जा सके, जो एक बहु-हितधारक मंच है जो कार्यबल में महत्वपूर्ण कौशल अंतराल को संबोधित करने के लिए नवीन समाधानों और सार्वजनिक-निजी साझेदारियों की पहचान, विस्तार और त्वरण करने का उद्देश्य रखता है। त्वरक भारत के तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयासों का समर्थन करेगा, जिससे कौशल पहलों और उद्योग तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकसित होती मांगों के बीच निकट संरेखण सुनिश्चित होगा।इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, कौशल विकास एवं उद्यमिता के स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री तथा भारत सरकार के शिक्षा मंत्री श्री जयंत चौधरी ने कहा, ह्लभारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को कार्य के भविष्य के साथ संरेखित करने का जो रणनीतिक दृष्टिकोण शुरू हुआ था, वह अब एक संरचित और वैश्विक रूप ले चुका है। विश्व आर्थिक मंच के साथ साझेदारी में भारत कौशल त्वरक का औपचारिकीकरण एक भविष्य-तैयार, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी कार्यबल निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सरकार, उद्योग और शिक्षा को एक साथ लाकर, यह पहल वर्तमान और उभरते कौशल अंतराल को संबोधित करने, परिणाम-आधारित कौशल वित्तपोषण को सक्षम करने तथा आजीवन सीखने और वैश्विक श्रम-बाजार मांग के साथ संरेखण को बढ़ावा देने के लिए समन्वित कार्रवाई को मजबूत करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विजन इंडिया@2047 के अनुरूप, यह समावेशी विकास और राष्ट्रीय परिवर्तन का केंद्रीय स्तंभ बनाते हुए कौशल को मजबूत करता है।

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, शिक्षा के राज्य मंत्री श्री सुकांता मजूमदार ने कहा, ह्लकौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और विश्व आर्थिक मंच के बीच भारत में कौशल त्वरक लॉन्च करने के लिए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। यह सहयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दृष्टिकोण को पूरक बनाता है, जिसमें शिक्षा को कौशल के साथ एकीकृत करना, आजीवन सीखने को बढ़ावा देना तथा पाठ्यक्रम को भविष्य की उद्योग आवश्यकताओं के अनुरूप संरेखित करना शामिल है।यह पहल भारत को महत्वपूर्ण कौशल अंतराल को पाटने, हमारी युवा पीढ़ी की वैश्विक रोजगारशीलता को बढ़ाने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा, रोबोटिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों के अनुरूप भारत के प्रतिभा पूल को सुनिश्चित करने के माध्यम से काफी लाभ पहुंचाएगी। उद्योग-लिंक्ड प्रशिक्षण, योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता तथा कौशल के लिए नवीन वित्तपोषण को बढ़ावा देकर, यह साझेदारी हमारे टीवीईटी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी, समावेशी विकास का समर्थन करेगी तथा विकसित भारत @2047 की यात्रा में भारत को कुशल जनशक्ति और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाएगी।ह्व

संजीव बजाज, इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर के सह-अध्यक्ष तथा बजाज फिनसर्व लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ने कहा, ह्लइंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर पहल भारत की दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। कार्य के भविष्य पर वैश्विक अंतर्दृष्टि को भारत की प्रतिभा पूल के साथ जोड़ना उत्पादकता, नवाचार और समावेशी विकास का समर्थन करने वाली स्केलेबल, उद्योग-अनुरूप कौशल वास्तुकला का निर्माण करेगा। 25 वर्ष से कम आयु के 500 मिलियन से अधिक लोगों के साथ, भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना हमारी जनसांख्यिकीय लाभ को आर्थिक नेतृत्व में बदलने का केंद्र बिंदु है।

बजाज फिनसर्व में, कौशल हमारी सामाजिक प्रतिबद्धता का एक मूल स्तंभ है जो समूह के 5,000 करोड़ रुपये के बजाज बियॉन्ड सीएसआर कार्यक्रम के तहत है। मानव पूंजी में निरंतर निवेश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।ह्वह्लभारत का कार्यबल लाभ पैमाने को कौशल के साथ जोड़ने में निहित है। इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर नीति और व्यवहार के बीच की कड़ी को मजबूत करता है–उद्योग, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों को जुटाकर उभरती कार्यबल आवश्यकताओं को तैनात करने योग्य कौशल और टिकाऊ नौकरियों में बदलना। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के साथ साझेदारी में, यह भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विश्वसनीय, भविष्य-तैयार प्रतिभा योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करता है,ह्व इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर की सह-अध्यक्ष, अपोलो हेल्थ कंपनी की कार्यकारी अध्यक्ष तथा अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रोमोटर डायरेक्टर सुश्री शोभना कामिनट्टट्ट ने कहा।स्किल्स एक्सेलरेटर कौशल अंतराल को रणनीतिक रूप से संबोधित करने पर केंद्रित होगा, जो आजीवन सीखने, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग को बढ़ावा देकर भारत के विजन @2047 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप होगा। यह पहल लचीली पाठ्यचर्या, व्यावसायिक और उच्च शिक्षा पथों का एकीकरण, योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता, तथा संस्थानों में क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करेगी। एमएसडीई उच्च शिक्षा संस्थानों, व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों और एआईसीटीई तथा यूजीसी जैसे नियामक निकायों के साथ निकट सहयोग करेगा ताकि जागरूकता, कार्यान्वयन और एक्सेलेरेटर को विस्तारित किया जा सके।

इस सहयोग के हिस्से के रूप में, एक्सेलरेटर कौशल के लिए नवीन वित्तपोषण तंत्रों का समर्थन करेगा, प्रमुख हितधारकों के बीच रणनीतिक समन्वय सक्षम करेगा, तथा विभिन्न व्यापारों और नौकरी भूमिकाओं में उभरते वैश्विक मांग और आपूर्ति रुझानों की पहचान करेगा ताकि अंतरराष्ट्रीय रोजगारशीलता को बढ़ाया जा सके। भविष्य के कार्य के उभरते क्षेत्रों में सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा, साइबर सुरक्षा और उन्नत विनिर्माण शामिल हैं, साथ ही हैकाथॉन जैसे नवाचार-आधारित गतिविधियों और संरचित कार्य योजना के rollout के साथ।एमओयू के कार्यान्वयन की निगरानी एक शासन ढांचे के माध्यम से की जाएगी जिसमें सरकार और निजी क्षेत्र से सह-अध्यक्ष शामिल होंगे, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग से। एमएसडीई स्किल्स एक्सेलरेटर की रणनीतिक दिशा निर्धारित करने, हितधारक संलग्नता का समन्वय करने, तथा उद्योग, सरकार और नागरिक समाज में पहल को बढ़ावा देने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा, साथ ही निगरानी और प्रभाव मूल्यांकन तंत्रों में योगदान देगा।एमओयू में मजबूत अंतर-मंत्रालयी समन्वय का भी प्रतिबिंब है, जिसमें कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय भारत की कौशल और व्यावसायिक शिक्षा एजेंडे को वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए एक साथ कार्य कर रहे हैं।यह सहयोग भारत और डब्ल्यूईएफ संबंधों में एक नया अध्याय चिह्नित करता है, जो जनवरी 2025 में स्विट्जरलैंड के डावोस-क्लोस्टर्स में 55वीं डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक में भारत की भागीदारी के दौरान उत्पन्न गति पर आधारित है, जहां कौशल विकास को समावेशी विकास और वैश्विक सहयोग के लिए रणनीतिक स्तंभ के रूप में उजागर किया गया था।वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, एमएसडीई सुधारों को तेज करने, वैश्विक संबंधों को गहरा करने तथा भारत को कौशल, प्रतिभा और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखता है, जो आने वाले दशकों के लिए लचीला, समावेशी और भविष्य-तैयार कार्यबल में योगदान देगा।

# तकनीकी खराबी के चलते मेट्रो पिंक लाइन रही बाधित, यात्री हुए परेशान

समाज जागरण

लोनी, 22 जनवरीः शिव बिहार से मजलिस पार्क की ओर जाने वाली पिंक लाइन मेट्रो गुरुवार की सुबह यात्रियों के लिए परेशानी भरी रही। यहां तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो का संचालन लगभग 4 घंटे तक प्रभावित रहा। शिव बिहार से मजलिस पार्क की ओर जाने वाली मेट्रो लाइन के कई स्टेशनों पर मेट्रो के परिचालन पर इसका असर दिखाई दिया। जिससे ऑफिस या अपने अन्य काम धंधों पर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर सुबह लगभग 011 बजे यह तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई। तकनीकी खराबी के चलते शिव विहार से मजलिस पार्क की ओर जाने वाली मेट्रो करीब 4 घंटे तक रुकी रही। इस दौरान यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की ब्लू लाइन पर अचानक आई तकनीकी समस्या के कारण शाम के करीब 3 बजे तक मेट्रो सेवा बाधित रही। मेट्रो का परिचालन व्यस्त समय के दौरान बाधित रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



### जानकारी नहीं होने से बनी रही भीड़, लोगों की दिनचर्या हुई प्रभावित

मेट्रो में आई तकनीकी खराबी के संबंध में मुख्य गेट पर कोई सूचना अंकित नहीं होने से ऊपरी भाग में बने स्टेशन के बाहर यात्रियों की भीड़ लगी रही। वहां मेट्रो का संचालन बंद होने की जानकारी पाकर जहां कुछ लोग वापस लौटने को मजबूर थे वही बहुत से यात्री मेट्रो के चलने की आस इंतजार करते दिखे। ऐसे हालातो में लोग अपनी नौकरी या अन्य काम धंधों पर पर समय पर नहीं पहुंच सके. जबकि अनेक लोगों को मजबूर होकर वापस अपने गंतव्य पर लोटने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य जरूरतमंद नागरिकों को भी कुछ ऐसे ही हालातो से गुजर ना पड़े। और तरह मेट्रो पर आश्रित रहने वाले नागरिकों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हुई।

### यात्रा के दूसरे विकल्प की भी रही मुसीबत

प्रतिदिन लाखों यात्रियों के आवागमन की जरूरत बनी मेट्रो पिंक लाइन कई घंटों तक बंद रहने से स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बना रहना भी लाजिमी था। जिनके लिए ऑटो रिक्शा या बस ही कोई दूसरा विकल्प था। इसी बात का लाभ उठाकर उनके चालक भी यात्रियों से मनचाहा किराया वसूलते दिखाई दिए। हालांकि इसके बावजूद यात्रियों की भीड़ के मुकाबले उनका यह विकल्प भी ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को चरितार्थ करता नजर आया।

# देश के हालात और हमारी जिम्मेदारी

समाज जागरण

लोनी, 22 जनवरी` सुशील शर्मा : हम चाहे किसी भी कारण को जिम्मेदार ठहराएं, लेकिन इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि पीढ़ी दर पीढ़ी देशप्रेम की भावना कमजोर होती जा रही है। हम अपने स्वार्थरूपी अंधकार में इतने डूब चुके हैं कि सदियों की विरासत पर जीते हुए भी देश और धर्म को भूलते जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप आज देश के जो हालात हैं, वे किसी से छिपे नहीं हैं।

यह सच है कि मौजूदा समय में हालात पहले से कुछ बेहतर हुए हैं, लेकिन अनगिनत और पहाड़ जैसी समस्याओं के सामने ये सुधार अभी भी अपर्याप्त प्रतीत होते हैं। भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर काबू पाने के लाख प्रयासों के बावजूद इन पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई है। कानून-व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र अभी भी कई स्थानों पर चरमराया हुआ है। गरीबी और मजबूरी में लोग जीवन यापन करने को विवश हैं, जो एक प्रगतिशील राष्ट्र की प्रतिष्ठा पर सीधा आघात है।

सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद सरकारी मशीनरी में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि लोग अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाने के बजाय निजी स्वार्थों में उलझे हुए हैं। प्रशासन भी कई बार स्वयं को असहाय और विवश महसूस करता नजर आता है।

वास्तव में, इसके लिए केवल सरकार या व्यवस्था ही नहीं, बल्कि




हम स्वयं भी जिम्मेदार हैं। सुधार की बातें हर कोई करता है, लेकिन शायद ही कोई यह आत्ममंथन करता है कि वह खुद कितना सही या गलत है। हम बड़ी आसानी से अपनी जिम्मेदारी सरकार पर डाल देते हैं, जबकि सरकारें तो बदलती रहती हैं। सभी सरकारें भयमुक्त समाज, बेहतर प्रशासन और गरीबी उन्मूलन के वादे करती हैं। बावजूद इसके, आज भी सत्ता में बैठे अनेक लोग जनसेवा से अधिक सरकारी सुख-सुविधाओं को प्राथमिकता देते नजर आते हैं।

करीब 40-45 वर्ष पूर्व परिस्थितियां कुछ हद तक बेहतर थीं, लेकिन धीरे-धीरे भ्रष्टाचार ने अपने पैर पसार लिए। बड़े-बड़े घोटाले सामने आए, देश की अस्मिता को ठेस पहुंची, आतंकवाद बढ़ता गया और अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी, जिससे आज तक पूरी तरह उबर पाना कठिन हो रहा है।

यदि शिक्षा की बात करें, तो जिस देश में शिक्षा और शिक्षक तक बिकाऊ हो जाएं, वहां भविष्य की कल्पना करना ही चिंताजनक हो जाता है। महंगाई के इस दौर में, जब जीवन यापन के साधन जुटाना कठिन हो, एक गरीब अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे दिला पाएगा? हालात यह हैं कि सरकारी नौकरी करने वालों की तुलना में कहीं अधिक मेहनत करने वाले मजदूर को बेहद मामूली आमदनी में गुजर-बसर करना पड़ता है।

बेरोजगारी आज युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। सरकार द्वारा छात्राओं को मुफ्त शिक्षा और गरीब छात्रों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गईं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ कितने पात्र लोगों तक पहुंच पा रहा है, इसकी प्रभावी जांच लगभग शून्य के बराबर है।

आज स्थिति यह है कि हर व्यक्ति दूसरे को बेईमान कहने में पीछे नहीं रहता, लेकिन अपने गिरेबान में झांकने की फुर्सत किसी को नहीं है। सच्चाई यह है कि यदि प्रत्येक नागरिक ईमानदारी की राह अपनाए, तो देश अपने आप सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। बिगड़ते हालात के लिए केवल कानून-व्यवस्था ही नहीं, बल्कि हम सभी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं।

हमें अपने देशभक्त पूर्वजों और शहीदों के पदचिन्हों पर चलना होगा। अन्यथा हमें किसी को चोर या रिश्वतखोर कहने का नैतिक अधिकार नहीं रह जाता। यदि हम वास्तव में देशसेवा करना चाहते हैं, तो इसकी शुरूआत स्वयं से करनी होगी। वरना शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देना केवल एक औपचारिक दिखावा बनकर रह जाएगा।

# सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना सेक्टर-142 क्षेत्र में पुलिस की फुट पेट्रोलिंग

नोएडाः पुलिस कमिश्नर नोएडा के निर्देशन एवं डीसीपी सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-3 सेंट्रल नोएडा द्वारा पुलिस बल के साथ थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य बाजारों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा आमजन और व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की पेट्रोलिंग आगे भी जारी रहेगी।

### थाना बिसरख क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की फुट पेट्रोलिंग

नोएडाः पुलिस कमिश्नर नोएडा के निर्देशन में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा द्वारा एसीपी-2 सेंट्रल नोएडा के साथ पुलिस बल के सहयोग से थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य बाजारों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग की गई।

# बीमार गौमाता को गौ रक्षको ने भिजवाया हरियाणा पशु चिकित्सालय में

समाज जागरण

लोनी, 22 जनवरीः नगर पालिका क्षेत्र की डीएलएफ कॉलोनी के विद्युत घर में पिछले कई दिनों से बीमार पड़ी एक बेसहारा गौमाता की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने पिछले कई दिनों से भूखी प्यासी अवस्था में बीमार पड़ी गौ माता को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



पुलिस के माध्यम से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि धामा गौरक्षक अपने साथी परवेज (जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ) एवं रजनीश गुप्ता (अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ तथा अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ की पूरी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

उन्होंने गौमाता की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत हरियाणा के गोकुल धाम अस्पताल से एम्बुलेंस बुलायी. और रात के लगभग 10 बजे सभी गौरक्षक साथियों की मदद से गौमाता को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतू हरियाणा के गोकुल धाम गौशाला (पशु चिकित्सालय) में भिजवाया।

रवि धामा ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि लोनी में कोई सरकारी पशु चिकित्सालय ऐसा नही है कि जो गौमाता की गंभीर बीमारी का उपचार कर सके या किसी आपातकाल स्थिति में उसकी तुरंत सर्जरी कर सके। इसलिए गौरक्षकों को गौसेवा करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

रवि धामा क्या कहना है कि इस गंभीर समस्या के समाधान को लेकर वह अपने सभी गौरक्षक साथियों संग जल्द ही जिला अधिकारी से मिलकर बात करेंगे।

# स्थानीय कलाकारों संग उत्तर प्रदेश की चित्रकला एवं महिला उद्यमिता पर संवाद

समाज जागरण

नोएडा। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आईएमएस नोएडा में स्थानीय कलाकारों के साथ उत्तर प्रदेश की समृद्ध चित्रकला परंपरा, सांझी कला और सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की लोक कलाओं को प्रोत्साहित करना और नई पीढ़ी को अपनी पारंपरिक कला एवं रचनात्मक विरासत से जोड़ना रहा।

संवाद सत्र के दौरान सांझी कला के विशेषज्ञ पूनम क्वात्रा एवं शिखा गुप्ता ने उत्तर प्रदेश की विभिन्न लोक चित्रकलाओं, पारंपरिक शैलियों, सांस्कृतिक प्रतीकों और समकालीन कला अभिव्यक्तियों पर विस्तार से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सांझी कला, लोक चित्रकला और पारंपरिक हस्तशिल्प न केवल सांस्कृतिक पहचान को सहेजते हैं, बल्कि आज के समय में रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।



एक्सटेंशन एवं आउटरीच सेल की संयोजक वर्षा छबारिया ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता की सफल कहानियों पर भी विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि प्रदेश की महिलाएं आज हस्तशिल्प, चित्रकला, टेक्सटाइल, स्टार्टअप, सामाजिक उद्यम और स्व-रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कला आधारित उद्यम महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 पर परिवहन विभाग ने किया कार्यक्रम आयोजित

**स्कूली बच्चों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक*

**बच्चों ने भी विशेष प्रस्तुति के माध्यम से बढ़ाई जागरूकता*

समाज जागरण

लोनी/गाजियाबाद 22 जनवरीः स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यह समझता था कि सड़क पर सावधानी ही सबसे बड़ी अंगरक्षक है। लोनी के ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में परिवहन विभाग, गाजियाबाद द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व यात्री/मालकर अधिकारी राजेश्वर कुशवाहा ने किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि यातायात नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए बने हैं। इस दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सीमित गति में वाहन चलाने, नशे की अवस्था में ड्राइविंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और पैदल चलने वालों के लिए बने जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग पर मुख्य रूप से जोर दिया गया।

इस मौके पर छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों के मंचन ने सभी को आकर्षित किया। जिसमें यह दिखाया गया कि कैसे थोड़ी-सी असावधानी जानलेवा हादसा बन जाती है, जबकि सावधानी जिंदगियों को बचा सकती है।

शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक सोच विकसित करते हैं। जहां अंत में सभी छात्रों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रवर्तन स्टाफ संदीप कुमार सिंह, वेद प्रकाश, विद्यालय प्रबंधक डॉ. विपुल बर्सले, प्रशासनिक अधिकारी अकबर रजा, प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता कुमारी सहित विद्यालय का समस्त कर्मचारी समूह उपस्थित रहा।

# सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, जीवन की सुरक्षा का भी संकल्प

*तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में सीसीएसआईटी और एग्रीकल्चर कॉलेज की ओर से स्टुडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया सड़क सुरक्षा का संदेश*

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नुक्कड़ नाटक के जरिए यह संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। स्टुडेंट्स से नुक्कड़ नाटक के जरिए बताया, प्रतिवर्ष हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। सर्वाधिक हादसे लापरवाही, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने, हेलमेट अथवा सीट बेल्ट



न पहनने के कारण होती हैं। एनएसएस कैडेट्स ने यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, पैदल यात्रियों का सम्मान करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने का सशक्त संदेश दिया। अंत में यह अपील की गई कि सड़क पर थोड़ी-सी सावधानी हमें और हमारे परिवार को सुरक्षित रख सकती है। सड़क सुरक्षा अपनाएं, जीवन बचाएं... सफर छोटा है, सोच बड़ी रखो, हर मोड पर जिम्मेदाड़ी रखो...एक गलत कदम, भाड़ी पड जाता है, पूरा परिवार आंसू बहाता है..., सिर की सुरक्षा पहली जिम्मेदाड़ी, हेलमेट के बिना नहीं है सवाड़ी... सीट बेल्ट छोड़ी, फोन कान से लगाया, एक कॉल की खातिर उसने जीवन दांव पर लगाया... सरीखे नारों के जरिए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

नुक्कड़ नाटक में सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स- मानवी कुमारी, जय कथुरिया, आर्यन राय, आर्यन, दुर्गेश सिंह, गौतम सिंह, दक्षित सिंह, जबकि एग्रीकल्चर कॉलेज के स्टुडेंट्स- अनुराग कुमार, आदित्य त्रिपाठी, अभिनय कुमार, अभिज्ञा गंगवार आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन, श्री दीपक मलिक, मो. सलीम, श्री प्रिंस गुप्ता, श्रीमती ममता यादव के संग-संग सीसीएसआईटी और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए NAEC और SCVT के बीच हुआ एमओयू

समाज जागरण

नोएडाः उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (एनएईसी) और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत आगामी पांच वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जिलों के 128 विकास खंडों एवं 10,323 गांवों से जुड़े लगभग एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं में से 70 हजार युवाओं को प्रशिक्षण के बाद



औद्योगिक इकाइयों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

एनएईसी देश का प्रमुख रेडीमेड गारमेंट निर्यात क्लस्टर है और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करेगा। प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी द्वारा अपने डिजिटल पोर्टल ह्लकौशल गंगाह्व के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके साथ ही ह्लकौशल आजीविकाह्व और ह्लकौशल बाजारह्व पोर्टल प्रशिक्षार्थियों को आजीविका और बाजार से जोड़ने में सहायक होंगे।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों का मूल्यांकन एवं प्रमाणन किया जाएगा, जिसके लिए एनएईसी की ओर से प्रति प्रशिक्षार्थी 1200 रुपये शुल्क का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा एससीवीटी अपने स्तर पर पाठ्यक्रम तैयार कर उन्हें राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद से अनुमोदित कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने और उत्तर प्रदेश को देश का कौशल केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# बसंत पंचमी-अचला सप्तमी स्नान पर्व पर 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का अनुमान, प्रशासन मुस्तैद

***स्नान पर्व में स्थानीय नगरिकों की उपस्थिति और सप्ताहांत की भीड़ को देखते हुए क्राउड मैनेजमेंट और रूट डाइवर्जन की नई व्यवस्था***

***श्रद्धालुओं का 24 घाटों पर होगा पुण्य स्नान, साढ़े तीन किमी लंबे घाटों में की गई स्नान की व्यवस्था***

समाज जागरण

प्रयागराज, 22 जनवरी। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर आयोजित माघ मेले के चौथे स्नान पर्व बसंत पंचमी को सकुशल और सुरक्षित संपन्न कराने की मेला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी की जा चुकी है। बसंत पंचमी और अचला सप्तमी के आसपास पड़ने की वजह से संगम में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और रूट डाइवर्जन की व्यवस्था लागू की है। बसंत पंचमी, अचला सप्तमी और सप्ताहांत के चलते 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है।

### सभी बुनियादी व्यवस्थाओं को किया गया पूरा

संगम किनारे चल रहे माघ मेले का चौथा स्नानपर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी को है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि गुरुवार की रात 2.28 बजे से पंचमी तिथि लग जाएगी जो अगले दिन 23 जनवरी को रात 1.56 तक रहेगी। इस पुण्य काल में श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगाकर पीले अन्न, पीले वस्त्र का दान आदि कर सकते हैं। 25 जनवरी को अचला सप्तमी का पर्व है जिसे पुत्र सप्तमी या भानु सप्तमी भी कहा जाता है। इस दिन अन्न भंडारे की परम्परा है। इस दौरान 24 जनवरी को सप्ताहांत दिवस के चलते तीनों दिन माघ मेला क्षेत्र में भीड़ रहेगी। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि मौनी अमावस्या के



बाद बसंत पंचमी में सबसे अधिक श्रद्धालुओं के संगम में पुण्य की डुबकी लगाने का प्रशासन का अनुमान है। बसंत पंचमी से लेकर अचला सप्तमी तक 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगा सकते हैं। मेला क्षेत्र में 3.5 किमी लंबाई में बनाए गए 24 घाट तैयार हैं। घाटों की सफाई व्यवस्था, नदियों में निर्मल जल की उपलब्धता से लेकर सभी बुनियादी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। **पांटून पुलों में एक तरफ से दूसरी तरफ आवागमन हेतु ऑड-इवेन की व्यवस्था**

श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ने के साथ ही उन्हें सकुर्लेट करने के लिए पांटून पुलों में भी खास व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत परेड से झूसी जाने के लिए पांटून पुल संख्या- 3, 5 और 7 का उपयोग आगंतुक कर सकते हैं जबकि झूंसी से परेड आने के लिए पांटून पुल संख्या 4 और 6 रहेंगे। आपात स्थिति के लिए बनाए गए पांटून पुल संख्या 1 और 2 में भारी पुलिस बल तैनात रहेगा ।

### यातायात की सहूलियत को देखते हुए बसंत पंचमी पर नए यमुना पुल पर आवागमन बंद

बसंत पंचमी पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय का कहना है कि भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, घाट सुरक्षा एवं निकासी व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। माघ मेला से संबंधित वाहनों को छोड़कर भारी और हल्के वाहनों को प्रयागराज जिले की सीमा में प्रवेश से पहले ही दूसरे मार्गों पर मोड़ दिया जाएगा। इसके लिए रूट डाइवर्जन व्यवस्था लागू की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बसंत पंचमी स्नान पर्व पर 23 जनवरी को नया यमुना पुल बंद रहेगा। पुराने पुल से ही आवागमन हो सकेगा।

# ओडिशा में गूंजा योगी सरकार का आयुष्मान भारत योजना में डिजिटल नवाचार

*आयुष्मान भारत योजनाओं पर भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' में योगी सरकार के डिजिटल नवाचार की सराहना हुई*

*'आयुष्मान सारथी' ऐप, सूचना-शिक्षा-संचार, 'आयुष एआई चैटबॉट', "आयुषमैन" सुपरहीरो कॉमिक्स जैसी पहलों को सराहा गया*

समाज जागरण

लखनऊ, 22 जनवरी। आयुष्मान भारत योजना में डिजिटल नवाचार और सोशल मीडिया के जरिये जन-जन तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए योगी सरकार की सराहना अन्य राज्यों में भी हो रही है। इसका ताजा उदाहरण ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयुष्मान भारत योजना पर आयोजित दो दिवसीय ह्यचिंतन शिविरह्न में देखने को मिला। इस शिविर का मकसद आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा और



देशभर के राज्यों के बीच सफल मॉडल व श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिस) को साझा करना रहा। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत ओडिशा सरकार के सहयोग से किया गया।

### डिजिटल और सूचना-शिक्षा-संचार से लाभार्थियों को मिला सीधा लाभ

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर विस्तार से चर्चा की गयी। चिंतन शिविर में उत्तर प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत डिजिटल नवाचारों के प्रभावी उपयोग के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

लाभार्थियों में जागरूकता बढ़ाने, जानकारी तक आसान पहुंच बनाने और सेवाओं का लाभ सरल तरीके से दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए डिजिटल प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की गई। पहले कई बार लाभार्थियों को अस्पताल खोजने, सही जानकारी पाने या सेवाओं तक पहुंच बनाने में कठिनाई होती थी। इसे दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश की स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) ने कई डिजिटल और सूचना-शिक्षा-संचार पहलें शुरू कीं, जिनका सीधा असर लाभार्थियों के अनुभवों से दिखाई देता है।